# हरिभूमि

जबलपुर
गुरुवार, 20 फरवरी 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


adani
Foundation

## अदाणी फाउंडेशन का मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत 'स्वास्थ्य सेवा मंदिर' स्थापित करने का संकल्प।



### हमारे स्वास्थ्य मंदिरों में सेवा सदा सर्वोपरि होगी।

अदाणी में, हम मानते हैं कि स्वास्थ्य सेवा कोई विशेषाधिकार नहीं है। हर एक व्यक्ति, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, वह विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा पाने का हकदार है। हम यह भी मानते हैं कि मेडिकल साइंस को आगे बढ़ाने और रोगियों के इलाज में बेहतर परिणाम पाने के लिए, लगातार सीखने और अनुसंधान की संस्कृति विकसित करने की जरूरत है।

हमें मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत स्वास्थ्य सेवा मंदिरों के स्थापना की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। पूरे भारत में, ऐसे ही अनेक स्वास्थ्य सेवा मंदिरों की स्थापना करना हमारा लक्ष्य है। इसमें, अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे वर्ल्ड क्लास सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, शैक्षणिक अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, रिसर्च और इनक्यूबेशन सेंटर शामिल होंगे, जिन्हें **मायो क्लिनिक** के परामर्श से विकसित किया जाएगा।

सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हेल्थ इकोसिस्टम में हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो इलाज, शिक्षा और अनुसंधान को एकीकृत करती है। इसे स्वस्थ भारत के संकल्प को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।


- **क्षेत्र: 50 लाख वर्ग फुट**
- **छात्र: 2,000 मेडिकल छात्र**
- **अस्पताल क्षमता: 2,000 बेड**
- **20 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा**







**सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है।**



आज के दौर में मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप जैसे गैजेट्स पर बढ़ती निर्भरता के कारण हर उम्र के लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ता जा रहा है। इसका सीधा असर हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। नतीजा, कई तरह की बीमारियों के चंगुल में हम फंसते जा रहे हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें, इस बारे में बहुत जरूरी सुझाव।

# कई बीमारियों की वजह बढ़ता स्क्रीन टाइम

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. हर्षल साल्वे
एडिशनल प्रोफेसर-सेंटर फॉर कम्युनिटी मेडिसिन, एम्स, दिल्ली

चाहे ऑफिस से जुड़ा काम-काज हो या करनी हो स्टडी, ऑनलाइन शॉपिंग करनी हो या फिर अपनों के साथ चैटिंग, ऐसी अनेक एक्टिविटीज की वजह से लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ता जा रहा है। यह सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह साबित होता है। इसकी वजह से लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं घेरने लगती हैं। इनके बारे में जरूर पता होना चाहिए, ताकि इनसे बचाव किया जा सके।

## सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस

कंप्यूटर या लैपटॉप के साथ लगातार घंटों काम करते समय अधिकतर लोगों को अपने सही पोस्चर का ध्यान नहीं रहता। टाइपिंग करते समय अकसर लोगों की गर्दन झुक जाती है, इससे उनकी गर्दन और कंधे में दर्द की समस्या होने लगती है। अगर लंबे समय तक ध्यान न दिया जाए तो इससे सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या हो सकती है।

**बचाव के उपाय:** कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल पर टाइप करते समय अपनी गर्दन सीधी रखें। लगातार बहुत देर तक काम न करें। हर एक घंटे के अंतराल पर बीच में उठकर पांच से दस मिनट का ब्रेक लें। इससे गर्दन में दर्द की समस्या नहीं होगी।



## ओवरवेट यानी ओबेसिटी

जो लोग इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ ज्यादा वक्त बिताते हैं, उनकी शारीरिक गतिविधियां सीमित हो जाती हैं। साथ ही काम के दौरान होने वाली बोरियत को दूर करने के लिए अधिकतर लोग बिस्किट, चॉकलेट, चिप्स, वेफर्स या जंक फूड्स जैसी अधिक कैलोरी वाली चीजों का सेवन करते हैं, इससे उनका वजन बढ़ जाता है और ओबेसिटी जैसी समस्या परेशान करने लगती है।

**बचाव के उपाय:** चाहे कितनी भी व्यस्तता हो, नियमित एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय जरूर निकालें। काम के दौरान अगर बीच में हल्की भूख लगे तो मंचिंग के लिए हाई कैलोरी वाले जंक फूड के बजाय फल, भुने चने और मुरमुरे जैसी चीजों का सेवन करें।

## पीठ और कमर में दर्द



कंप्यूटर या लैपटॉप पर टाइप करते हुए अधिकतर लोग अपनी पीठ और कमर के सही पोस्चर का भी ध्यान नहीं रखते हैं। इसी वजह से उनकी पीठ और कमर में दर्द की समस्या होती है। लगातार एक ही मुद्रा में बैठकर काम करना या पीठ को सीधी न रखना इस समस्या की बड़ी वजह है।

**बचाव के उपाय:** चाहे आप बेड पर बैठें या कुर्सी पर आपकी पीठ हमेशा सीधी होनी चाहिए। कुर्सी टेबल पर बैठकर काम करते समय तकिए या कुशन का सहारा लेना चाहिए। इससे पीठ और कमर में दर्द नहीं होगा।

## डायबिटीज-हाई ब्लडप्रेशर-कोलेस्ट्रॉल



स्क्रीन के साथ ज्यादा वक्त बिना किसी फिजिकल एक्टिविटी के बिताने वाले लोगों के शरीर में अतिरिक्त कैलोरी और फैट का संग्रह होने लगता है। इसी वजह से उनमें डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की आशंका भी बढ़ जाती है।

**बचाव के उपाय:** घी-तेल और चीनी से बने फूड आइटम्स से दूर रहें। नियमित रूप से एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय जरूर निकालें।

## कलाई और अंगुलियों में दर्द

आजकल लोग घंटों तक मोबाइल पर चैटिंग करते हैं या स्क्रीन स्क्रॉल करके रील्स देखते रहते हैं। इससे उन्हें अंगुलियों और कलाई में दर्द की समस्या भी होती है।

**बचाव के उपाय:** मोबाइल देखने के समय में कटौती करें, जहां तक संभव हो लोगों को टेक्स्ट मैसेज भेजने के बजाय वॉयस नोट भेजें।

## अनिद्रा की समस्या

सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने और रील्स देखने की लत के कारण अधिकतर लोग देर रात तक जागते हैं, जिससे उनकी नींद पूरी नहीं होती। इससे उनमें चिड़चिड़ापन, थकान और आंखों में जलन जैसी समस्याएं भी होती हैं। नींद की कमी के कारण स्मरण शक्ति भी कमजोर पड़ने लगती है। पाचन संबंधी समस्याएं भी परेशान करती हैं।

**बचाव के उपाय:** रोजाना कम से कम आठ घंटे की नींद जरूर लें। रात को सोने से एक घंटे पहले से मोबाइल को स्विच ऑफ कर दें, लैपटॉप और टीवी स्क्रीन से भी दूर रहें। रात को सोते समय मोबाइल को बेडरूम से बाहर रखें।

## सिर में दर्द

मोबइल पर लगातार चैटिंग करने से लोगों को सिर में दर्द की समस्या भी होती है। लगातार रील्स स्क्रॉल करते रहने की आदत ब्रेन की सेहत के लिए नुकसानदेह होती है। इससे खास तरह की न्यूरोलॉजिकल समस्या होती है, जिसे ब्रेन रोट प्रॉब्लम कहते हैं। इसमें लोगों को ध्यान केंद्रित करने और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट आती है।

**बचाव के उपाय:** अपने मोबाइल में सोशल मीडिया के नोटिफिकेशन के बटन को ऑफ रखें। मनोरंजन के लिए किताबें पढ़ना या टीवी देखना ज्यादा बेहतर विकल्प हैं। इसलिए जहां तक संभव हो मोबाइल से दूर रहें।

## मेंटल हेल्थ पर बुरा असर

लंबे समय तक लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने और मोबाइल, लैपटॉप के साथ ज्यादा वक्त बिताने के कारण लोगों में एंग्जायटी, स्ट्रेस, उदासी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसा करने वाले लोग इंट्रोवर्ट और उदास रहने लगते हैं। ज्यादा रील्स देखने से सोचने-समझने और निर्णय लेने की क्षमता घटने लगती है।

**बचाव के उपाय:** सचेत तरीके से अपना स्क्रीन टाइम घटाने की कोशिश करें। खाली समय में अकेलापन या उदासी दूर करने के लिए मोबाइल स्क्रॉल करने से बचें, बल्कि खुद को कुकिंग, बागवानी, पेंटिंग और लेखन जैसे रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रखने की कोशिश करें। अपनों से मिलने-जुलने और बातचीत के लिए समय निकालें। ध्यान रहे, जब भी आप किसी से मिलने जाएं, उस दौरान मोबाइल को अपने पर्स में रख दें। इससे आपके स्क्रीन टाइम में कटौती होगी और आप अपनों के साथ क्वॉलिटी टाइम बिता पाएंगे।



अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगे तो मोबाइल और गैजेट्स के सीमित इस्तेमाल के बावजूद आपको कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं होगी। *

प्रस्तुति: विनीता

### बच्चों का भी बढ़ रहा स्क्रीन टाइम

आजकल एक-दो साल की उम्र से ही लोग रोते बच्चों को बहलाने के लिए उनके हाथों में मोबाइल पकड़ा देते हैं।



इसी वजह से उन्हें मोबाइल की लत लग जाती है और अकसर वे मोबाइल देखे बिना खाना तक नहीं खाते। ऑनलाइन क्लास और स्टडी की वजह से भी बच्चे लैपटॉप और स्मार्टफोन के साथ काफी वक्त गुजारते हैं। मोबाइल के स्क्रीन से ब्लू लाइट वैसे तो बड़ों के लिए भी नुकसानदेह होती है, लेकिन बच्चों की कोमल आंखों पर इसका ज्यादा बुरा असर पड़ता है।

**बचाव के उपाय:** दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को स्क्रीन से पूरी तरह दूर रखें। पांच वर्ष के बाद बच्चे मोबाइल तो देख सकते हैं, लेकिन उनका स्क्रीन टाइम 2 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार बच्चों को सोने से एक घंटे पहले से ही स्क्रीन न देखने दें। अगर परिवार में बड़े भी यह नियम अपनाएं तो यह उनके लिए फायदेमंद साबित होगा।

### आंखों के लिए भी है बहुत हार्मफुल

**स्क्रीन टाइम** बढ़ने का बुरा असर आंखों पर भी बहुत अधिक पड़ रहा है। मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर या टीवी स्क्रीन के साथ ज्यादा वक्त बिताने की वजह से लोगों की आंखों की मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द महसूस होता है। स्क्रीन पर लगातार देखने के कारण पलकें झपकाने का मौका नहीं मिलता, इससे आंखों की नमी सूखने लगती है। आंखों में ड्राइनेस की समस्या के कारण खुजली, जलन और लालिमा जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

**बचाव के उपाय:** आंखों को स्क्रीन से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए 20: 20: 20 का फॉर्मूला अपनाएं। यानी, हर 20 मिनट के अंतराल पर 20 सेकेंड का ब्रेक लेकर 20 फीट की दूरी पर रखी किसी वस्तु को देखें। इसके अलावा फोन के स्क्रीन को ज्यादा नजदीक से न देखें। लैपटॉप का स्क्रीन भी लगभग डेढ़ फीट की दूरी पर होना चाहिए। लैपटॉप पर काम करते समय हर 20 मिनट के अंतराल पर अपनी दोनों हथेलियां बंद पलकों पर रखें, इससे आंखों की थकान दूर होगी। ब्राइट लाइट का रिफ्लेक्शन सीधे स्क्रीन पर नहीं होना चाहिए। आप जिस कमरे में रहते हैं, वहां की प्रकाश व्यवस्था संतुलित होनी चाहिए।



ज्यादा तेज या बहुत हल्की रोशनी दोनों ही आंखों के लिए नुकसानदेह होती है, अपने कमरे में हमेशा मीडियम रोशनी का प्रबंध रखें। अगर आंखों में कोई तकलीफ न हो तो भी साल में एक बार आई चेकअप अवश्य कराएं।

- सर गंगाराम हॉस्पिटल, नई दिल्ली की सीनियर आई स्पेशलिस्ट डॉ. इकेद्रा लाल

---

घरेलू औषधि / रेखा देशराज

# त्रिदोष नाशक कच्ची हल्दी

हल्दी, भारतीय रसोई के सबसे लोकप्रिय मसालों में से एक है। लेकिन यह एक प्रभावी जड़ी-बूटी भी है। जी हां, आयुर्वेद में हल्दी के सैकड़ों तरह के औषधीय उपयोग हजारों सालों से मौजूद हैं।

**त्रिदोष को करती है दूर:** आयुर्वेद में हल्दी को 'त्रिदोष नाशक' माना गया है। बहुत कम ऐसी चीजें होती हैं, जिनमें वात, पित्त और कफ को संतुलित करने की क्षमता होती है। हल्दी कुछ गिनी-चुनी औषधियों में से है, जिसमें इन तीनों को संतुलित करने का गुण पाया जाता है। इसलिए हल्दी को त्रिदोष नाशक कहा जाता है।

**होते हैं अनेक औषधीय गुण:** जिन्हें सूजन से संबंधित परेशानियां होती हैं, जैसे गठिया आदि में अपने एंटीइंफ्लेमेट्री गुण के कारण हल्दी सूजन को कम करती है और परेशानी से राहत पहुंचाती है। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो शरीर को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। हल्दी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। हल्दी के सेवन से पाचन में सुधार होता है। यह गैस, अपच और पेट फूलने जैसी समस्याओं में बेहद फायदेमंद है। कहीं कट-फट जाए तो हल्दी का पेस्ट ऐसे घावों और संक्रमण को तेजी से ठीक करने में मददगार होती है। दाग, धब्बों, मुहांसों और त्वचा संबंधी दूसरी परेशानियों को हल्दी दूर करती है। हल्दी रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रण करने में मदद करती है। इसमें पाया जाने वाला यौगिक करक्यूमिन कैंसररोधी होता है। इसलिए हल्दी के सेवन से कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद मिलती है। हल्दी का पेस्ट त्वचा की जलन, खुजली, एग्जिमा और सोरायसिस जैसी समस्याओं में फायदेमंद होता है। हल्दी को दूध में मिलाकर या काढ़े के रूप में पीने से गले की खराश दूर होती है। सर्दी लगने पर भी फायदेमंद होती है।



**इन बीमारियों में भी है कारगर:** जिन्हें लगातार अपच, एसिडिटी और पेट दर्द की शिकायत रहती है, उन्हें अदरक के साथ मिलाकर कच्ची हल्दी भूनकर चूसना चाहिए या दांतों से चबाकर उसका रस पीना चाहिए। इससे पेट संबंधी ये सारी शिकायतें खत्म हो जाती हैं। हल्दी लिवर को डिटॉक्स करने में और इसकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में बहुत मददगार होती है। जो घाव लंबे समय से भर न रहा हो, उसमें शुद्ध शहद में हल्दी के पावडर को मिलाकर लेप करना चाहिए। डायबिटीज की समस्या में कच्ची हल्दी के रस का सेवन फायदेमंद होता है, क्योंकि यह इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाता है। हल्दी रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी नियंत्रित करती है। क्योंकि हल्दी दिमाग की सूजन को कम करती है, इसलिए यह याद्दाश्त सुधारने में मददगार होती है। जिन्हें अस्थमा और ब्रोंकाइटिस की समस्या हो, उन्हें हल्दी का सेवन करना चाहिए। *

---

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

वैसे तो अधिकांश आसन युवा लोग कर सकते हैं, इसके लाभ उठा सकते हैं। लेकिन पार्श्व उपविष्ठ कोणासन, ऐसा आसन है, जिसे युवा बहुत पसंद करते हैं। इसकी क्या वजह है, इसे करने की विधि, लाभ और सावधानियों के बारे में जानिए।

# युवाओं का पसंदीदा योगासन पार्श्व उपविष्ठ कोणासन



पार्श्व उपविष्ठ कोणासन, जिसे अंग्रेजी में वाइड एंगल सीटेड फॉरवर्ड वेंड पोज या संक्षेप में साइड सीटेड एंगल पोज भी कहते हैं, युवाओं को सूर्य नमस्कार की तरह सबसे ज्यादा पसंदीदा आसनों में से एक है। शायद इसकी वजह यह भी है कि यह एक ऐसा आसन है, जिसे ज्यादा बूढ़े या अधेड़ लोग मुश्किल से कर पाते हैं और बच्चों को इसे करने की जरूरत नहीं होती। इस तरह यह मूलतः युवाओं का ही आसन माना जाता है, क्योंकि इस आसन के लिए जितनी फ्लेक्सिबिलिटी की जरूरत होती है, उतनी लोच-लचक आमतौर पर युवाओं में ही आसानी से मिलती है।

**इससे होने वाले फायदे:** नियमित रूप से उपविष्ठ कोणासन करने से कई तरह के फायदे होते हैं। इस आसन से पैरों के निचले और भीतरी हिस्से को अच्छा स्ट्रेच मिलता है, जिससे वे सुडौल और टोंड दिखती हैं। इसे करने से पेट के भीतरी अंग भी टोंड और स्टिमुलेट होते हैं। यह रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है। शरीर को रिलैक्स और दिमाग को शांत करता है। इससे साइटिका और अर्थराइटिस की समस्या दूर होती है। इसके अभ्यास से किडनी स्वस्थ और सक्रिय रहती है। यह युवाओं के लिए विशेष रूप से सिक्स पैक एब्स हासिल करने में मददगार होता है। यह अस्थमा से राहत दिलाता है। इससे लोअर बॉडी का फैट कम होता है तथा वजन को कम करता है।

**करने का सही तरीका:** सबसे पहले अपने योगा मैट पर बिल्कुल सीधे होकर बैठ जाएं। अब दोनों पैरों को जितना संभव हो, एक-दूसरे के विपरीत 90 डिग्री के कोण में फैलाने की कोशिश करें। इस दौरान अपने दोनों पैरों के पंजों को आगे की तरफ झुकाए रखें और दोनों पैरों को जितना सहा जा सकता हो, उतना सीधा करें। इस अवस्था में कमर के नीचे के हिस्से में जितना झुकाव महसूस होगा, उतना ही अच्छे से यह आसन होगा। लेकिन इसे करने के पहले इस बात पर ध्यान दें कि सारे योगाचार्यों ने इस आसन के बारे में खासतौर पर कहा है कि अगर असुविधा महसूस हो रही हो तो इसे तुरंत बंद कर दें। शुरुआती दौर में यह करने के लिए मुलायम गद्दी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस आसन में अपनी दोनों हथेलियों को हिप्स के पीछे योगा मैट पर रखें और लंबी-गहरी सांसें भीतर की तरफ खींचें। कुछ सेकेंड तक इस स्थिति में रुकें और फिर जब पैरों को अच्छा स्ट्रेच महसूस होने लगे, तब सांस छोड़ते हुए पेट को भीतर की तरफ खींचें और सामने की तरफ झुक जाएं। अब अपने दोनों हाथों को भी धीरे-धीरे सामने की तरफ लाएं। स्पाइन को जितना हो सके स्ट्रेच करें। एक मिनट से ज्यादा इसे न करें। एक मिनट के बाद धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए पुरानी सामान्य स्थिति में वापस आएं। घुटनों को मोड़ें और पैरों को फिर से एक साथ सीध में लाएं।

**बरतें सावधानी:** उपविष्ठ कोणासन करते समय कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें। इसे तब बिल्कुल न करें, जब रीढ़ की हड्डी में दर्द हो। अगर किसी तरह की गंभीर बीमारी से गुजर रहे हैं तो भी इसे न करें। गर्दन में दर्द हो, कंधों में दर्द की समस्या रहती हो, घुटनों में दर्द या अर्थराइटिस हो तो यह आसन करने से बचें और करें भी तो किसी योग्य योगाचार्य की मौजूदगी में ही करें। जब तक अच्छी तरह सीख न जाएं, तब तक उपविष्ठ कोणासन योगा ट्रेनर की मौजूदगी में ही करें, कभी अपने आप न करें। जब दक्ष हो जाएं तब अकेले करें। *

---

अवेयरनेस
डॉ. माजिद अलीम

हालांकि ब्लड डोनेशन को लेकर समाज में कई तरह के मिथ प्रचलित हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि ब्लड डोनेशन से कोई नुकसान नहीं होता। इससे कई तरह के फायदे ही होते हैं। इस बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

# ब्लड डोनेशन से नहीं होता किसी तरह का नुकसान

समय-समय पर रक्तदान करना यानी ब्लड डोनेशन के बारे में आप जरूर जानते होंगे। इसमें रक्तदान आयोजित करने वाले कैंप्स में ब्लड ग्रुप के अनुसार ब्लड एकत्रित किया जाता है और जब किसी को रक्त की जरूरत हो, तो उसे यह रक्त चढ़ाया जाता है।

**प्रचलित हैं भ्रांतियां:** यह बहुत हैरत की बात है कि रक्तदान करने के नाम पर हमारे समाज में कई मिथ और धारणाएं प्रचलित हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और अपने रक्त को किसी को यूं ही क्यों दान दे दिया जाए की सोच के चलते लोग रक्तदान करने से कतराते हैं। हकीकत में ऐसा नहीं है। रक्तदान करने का मतलब है, किसी को जीवनदान देना। रक्तदान एक ऐसा दान है, जिसे कोई भी स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है। क्या आपको पता है कि आपके एक यूनिट रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है?

**क्या है रक्तदान:** रक्तदान करने से पहले रक्तदान करने वाले यानी डोनर के शरीर की कुछ विशेष किस्म की जांच की जाती है और उसके रक्त की गुणवत्ता की जांच करने के बाद ही उससे रक्तदान कराया जाता है। इसमें डोनर के ब्लड के करीब ढाई सौ मिलीलीटर रक्त की मात्रा को मशीन की सहायता से एक बैग में जमा किया जाता है। इस बैग को परीक्षणों के बाद ब्लड बैंकों में स्टोर कर दिया जाता है और इस जमा ब्लड को मरीज की जरूरत के अनुसार दिया जाता है।



**इसका रखें ध्यान:** अगर आप रक्तदान करना चाहते हैं, तो इसके लिए समय-समय पर विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों द्वारा विभिन्न अस्पतालों में या डिस्पेंसरीज में रक्तदान के कैंप आयोजित किए जाते हैं। जहां जाकर आप रक्तदान कर सकते हैं, इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना होता है। चिकित्सक मेडिकल चेकअप के बाद आपका ब्लड लेते हैं। इस प्रक्रिया में 10 से 15 मिनट लगते हैं।

**कौन कर सकता है रक्तदान:** रक्तदान करने के लिए रक्तदाता का सेहतमंद होना जरूरी है। उसका वजन कम से कम 50 किलोग्राम हो और उम्र कम से कम 18 और अधिकतम 65 साल होनी चाहिए। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने पर रक्तदान कर सकता है। यदि उस व्यक्ति के घर में किसी को इमरजेंसी में रक्त की जरूरत हो तो एक महीने के बाद भी डॉक्टर उसे रक्तदान की इजाजत दे देते हैं। रक्तदान करते समय रक्त देने वाले का ब्लड प्रेशर, तापमान और नाड़ी की गति सामान्य होनी चाहिए। हीमोग्लोबिन लेवल भी 12.5 से कम नहीं होना चाहिए।

**कौन नहीं कर सकता रक्तदान:** हेपेटाइटेस बी, सी, टीबी, लैप्रोसी, एचआईवी, अस्थमा के मरीज, दिल के मरीज रक्तदान नहीं कर सकते। यदि किसी महिला की डिलीवरी हुई हो या वह बच्चे को दूध पिला रही हो तो उसका भी रक्तदान स्वीकार नहीं होता। मासिक धर्म के दौरान, मिस कैरेज के 6 महीने के भीतर, टैटू, पियर्सिंग कराने के 6 महीने के भीतर ब्लड डोनेट नहीं किया जा सकता। वैक्सीनेशन, एंटीबॉयाटिक, आयुर्वेद, होम्योपैथिक दवाइयों का नियमित सेवन करने वालों को भी रक्तदान के लिए पात्र नहीं समझा जाता।

**ब्लड डोनेशन के फायदे:** विभिन्न अध्ययन भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि नियमित रक्तदान करने वालों में कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है। ब्लड प्रेशर में भी कमी आती है, जिससे हार्ट अटैक के खतरे कम होते हैं। यह कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों के जोखिम को भी कम करता है। रक्तदान करने से पहले बहुत सारी जांचें की जाती हैं, जिससे शरीर में किसी भी किस्म के विकार का पता चल जाता है। रक्तदान का सबसे बड़ा लाभ तो यह होता है कि मन में फील गुड आता है कि हमने समाज के लिए कुछ अच्छा कार्य किया है और हमारे रक्त से अगर किसी की जान बच जाती है तो यह भी एक पुण्य का कार्य है। *








## प्रयागराज में आस्था में नहीं आ रही कमी

# श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ से बना हुआ है जाम का संकट, प्रमुख मार्गों पर वाहनों का लग रहा है रेला

*श्रद्धालु कई किमी पैदल चलकर मेला में पहुंचने को विवश हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर वाहनों का रेला दिख रहा है। हालांकि दिन में शहर व आस-पास के ग्रामीण इलाकों के लोग भी ड्यूटी व अन्य जरूरी काम से वाहन से निकल रहे हैं, तो स्थिति और अधिक जटिल हो जा रही है।*

एजेंसी ▶▶ महाकुंभ नगर

महाकुंभ मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ कायम है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं।



श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ से प्रयागराज में जाम का संकट दूर नहीं हो रहा है। सड़कों पर वाहनों व पैदल चलने वाले लोगों को मिनटों की दूरी घंटों में तय करनी पड़ रही है। वहीं श्रद्धालु कई किमी पैदल चलकर मेला में पहुंचने को विवश हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर वाहनों का रेला दिख रहा है। हालांकि दिन में शहर व आस-पास के ग्रामीण इलाकों के लोग भी ड्यूटी व अन्य जरूरी काम से वाहन से निकल रहे हैं, तो स्थिति और अधिक जटिल हो जा रही है। शहर से लेकर जिले की इंट्री प्वाइंटों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

## रेलवे ने किए खास इंतजाम

### ट्रेन में लगाए डबल इंजन



महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में श्रद्धालुओं का लगातार जमावड़ा हो रहा है। हर तरफ भीड़ बढ़ने के कारण ट्रेनें पूरी तरह खचाखच भरी हुई हैं। चाहे एसी कोच हो या जनरल, हर डिब्बा यात्रियों से ठसाठस भरा दिखाई दे रहा है। भीड़ इतनी बढ़ गई है कि रेलवे स्टेशन पर पैर रखने तक की जगह नहीं बच रही। अब रेलवे ने कई ट्रेनों में दो-दो इंजन लगाए हैं।

## संगम के पानी को लेकर यूपी सरकार को फटकार

### एनजीटी ने मांगा जवाब

*नई दिल्ली। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और यूपी सरकार को फटकार लगाई है कि उन्होंने प्रयागराज में गंगा नदी के पानी में फीकल कोलीफॉर्म और ऑक्सीजन लेवल जैसे पानी के क्वालिटी पैरामीटर्स के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी। ट्रिब्यूनल ने एक सप्ताह मे जवाब मांगा है।*

## योगी सरकार ने की ये खास व्यवस्था

# और ये भी...उत्तरप्रदेश के 90 हजार कैदी भी करेंगे 'महाकुंभ स्नान'



उत्तरप्रदेश की 75 जेलों में बंद कैदियों को महाकुंभ में भागीदारी का मौका मिलेगा। जेल प्रशासन प्रयागराज के संगम से पवित्र जल लाकर सभी जेलों में स्नान की व्यवस्था कर रहा है। यूपी जेल मंत्री दारा सिंह चौहान ने बताया कि यह विशेष कार्यक्रम 21 फरवरी को सुबह 9:30 बजे से 10 बजे तक सभी जेलों में आयोजित किया जाएगा। प्रदेशभर की जेलों में 90 हजार से अधिक कैदी बंद हैं, जिनमें 7 केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं। कारागार महानिदेशक पीवी रमासास्त्री ने बताया कि जेल मंत्री की निगरानी में यह विशेष व्यवस्था की जा रही है। पवित्र जल जेलों में रखे छोटे जल टैंकों में भरकर रखा जाएगा और इसे सामान्य पानी में मिलाकर कैदियों के स्नान के लिए उपयोग किया जाएगा। 21 फरवरी को जेल मंत्री दारा सिंह चौहान और वरिष्ठ जेल अधिकारी लखनऊ जेल में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। जेल प्रशासन ने अपने एक प्रहरी अरुण मौर्य को प्रयागराज भेजा है, जो वहां से संगम का पवित्र जल लेकर आएंगे।

## खबर संक्षेप

### हावड़ा के आमता स्थित प्लास्टिक कारखाने में आग

**कोलकाता।** हावड़ा के आमता में प्लास्टिक कारखने में भीषण आग लग गई। मंगलवार देर रात करीब 2 बजे लगी आग से इलाके में हड़कंप मच गया। दमकल के 6 इंजनों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हावड़ा के अमता नून रोड मोड़ पर यह स्थित है। फैक्ट्री का गोदाम आग में आने से जलकर खाक हो गया है।



### सिद्धारमैया को जमीन घोटाले में मिली क्लीन चिट

**बेंगलुरु।** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण से जुड़े कथित जमीन घोटाले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी समेत अन्य को बड़ी राहत मिली है। कर्नाटक लोकायुक्त ने सिद्धारमैया, पत्नी को क्लीन चिट दे दी है। इस मामले में उनके भाई मल्लिकार्जुन समेत अन्य के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज थी।



### पीएम मोदी ने शिवाजी महाराज को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती पर बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। पीएम ने एक्स पर पोस्ट कर मराठा शूरवीर के मूल्यों को प्रेरणा का स्रोत बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सीएम देवेंद्र फडणवीस समेत कई नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



### उत्तराखंड में सशक्त भू कानून पर लगी मुहर

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में सशक्त भू कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी मिल गई है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए सख्त भू-कानून को मंजूरी दे दी है। यह संसाधनों, नागरिकों के हकोंकी रक्षा करेगा।



## जस्टिस अभय एस ओक और उज्जल भुइंया की पीठ ने की टिप्पणी

# भूल जाइए, किसी बड़े वकील का नाम लेंगे तो क्या सुनवाई स्थगित हो जाएगी

- वकील ने अदालत से सुनवाई आगे बढ़ाने की मांग की थी
- याची को हिदायत... ऐसे नहीं चलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**साल्वे इस मामले में करेंगे पैरवी, 4 हफ्ते का समय दें**

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे तो आपका ये सोचना गलत है।

जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की पीठ ने एक व्यावसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई के चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई करेंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे तो सुनवाई में शामिल होंगे।इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 'क्या आपको ऐसा लगता है कि हम मामले की सुनवाई इसलिए स्थगित कर देंगे क्योंकि आपने एक वरिष्ठ वकील का नाम लिया है?

### वकील भी इस तरह की सोच छोड़ दें

वकीलों को ये आदत छोड़नी होगी। हम इस आधार पर सुनवाई स्थगित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि हम इस सोच को खत्म करना चाहते हैं। हालांकि बाद में पीठ ने वकील की अपील को स्वीकार कर लिया और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हरीश साल्वे देश के जाने-माने वकील हैं और कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़े रहे हैं।

### जनवरी में भी नराजगी जताई थी

इससे पहले जनवरी में भी अदालत ने एक वकील को फटकार लगाई थी क्योंकि वकील अपनी कार से ही सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। अदालत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए वकील को फटकारा था और अदालत की गरिमा बनाए रखने का निर्देश दिया था।

### पीठ ने दिया था आश्वासन


इस पर पीठ ने भूषण और अन्य पक्षों को आश्वासन दिया कि कुछ अत्यावश्यक सूचीबद्ध मामलों के बाद वह 19 फरवरी को सुनवाई के लिए याचिकाओं पर विचार करेगी।

### ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया

सरकार ने सोमवार को ज्ञानेश कुमार को अगला मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया है। वे जनवरी 2024 में सहकारिता मंत्रालय में सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें मार्च 2024 में उन्हें निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया। राजीव कुमार के मंगलवार शाम को सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद उन्होंने बुधवार को 26वें सीईसी के रूप में शपथ ली।

## सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति

### कानून को चुनौती की अर्जी पर सुनवाई टली




*देश की सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। इससे पहले कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करेगा।*

### याचिकाकर्ताओं की दलील

*न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को एक गैर सरकारी संगठन की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बताया था कि संविधान पीठ के 2023 के फैसले में कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियां ऐसा पैनल करेगा, जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) भी शामिल होंगे। इसके बावजूद सरकार ने सीजेआई को इसमें शामिल नहीं किया और इस तरह से लोकतंत्र का मजाक उड़ाया। यह मामला 19 फरवरी के लिए सूचीबद्ध है, लेकिन इसे आइटम नंबर 41 के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। सरकार ने संविधान पीठ के दृष्टिकोण की अनदेखी करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की है। कृपया इसे पहले उठाएं, क्योंकि मामले पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने कहा था कि सरकार ने नए कानून के तहत तीन नियुक्तियां की हैं, जिन्हें चुनौती दी गई है।*

## दिल्ली भगदड़ पर हाईकोर्ट का सवाल

# जवाब दें, कोच में क्षमता से अधिक टिकट क्यों बेचा गया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में हुई भगदड़ पर केंद्र और रेलवे को कड़ी फटकार लगाई है। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने पूछा कि रेलवे एक कोच में क्षमता से अधिक टिकट क्यों बेच रहा है? अदालत ने केंद्र और रेलवे से जवाब मांगा है। अदालत रेलवे अधिनियम की एक धारा को लागू करने के लिए सुरक्षा उपायों पर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह धारा प्रति कोच यात्रियों की संख्या सीमित करती है। बिना अधिकार प्रवेश करने वालों को 6 महीने की जेल की सजा का प्रावधान भी है। यह नियम धारा 147 में है, जिसमें 1,000 रुपए के

### टिकटों की संख्या बर्थ की संख्या से अधिक क्यों थी?

*अदालत ने नराजगी में कहा कि बताइए कि आप कोच में यात्रियों की संख्या सीमित करने वाले मौजूदा कानूनों को लागू करने के लिए क्या कदम उठाएंगे? बिना अधिकार प्रवेश करने वालों को दंडित कैसे करेंगे? रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के अनुसार, प्रत्येक रेल प्रशासन को एक निश्चित संख्या में यात्रियों को तय करने का वैधानिक अधिकार है। यह संख्या कोच के बाहर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जानी चाहिए। अगर आप एक साधारण सी बात को सही तरीके से लागू करते, तो दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की स्थिति से बचा जा सकता था। कोर्ट ने माना कि 'भीड़-भाड़ वाले दिनों में रेलवे तय सीमा से अधिक यात्रियों को बैठा सकती है। लेकिन, अधिकतम बैठने की क्षमता को लागू करना 'उपेक्षित' लगता है। बेचे गए टिकटों की संख्या बर्थ की संख्या से अधिक क्यों थी?*

### रेलवे सभी पहलुओं पर गौर करेगा: एसजी

रेलवे की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत के निर्देशों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड इस स्थिति के सभी पहलुओं पर गौर करेगा। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 26 मार्च तय की है। पिछले हफ्ते नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में 11 महिलाएं और 5 बच्चे थे। इस भगदड़ के कई कारण थे। रेलवे ने भारी भीड़ के बावजूद टिकट बेचना जारी रखा।

## संघ का 'कार्यकर्ता सम्मेलन'

# भाजपाध्यक्ष नड्डा व गृहमंत्री शाह भी नए भवन 'केशवकुंज' पहुंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा समेत पार्टी के कई नेता बुधवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की उपस्थिति में आयोजित संघ के सम्मेलन में भाग लेने यहां संघ के नए कार्यालय पहुंचे। आरएसएस के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबाले भी झंडेवालान स्थित कार्यालय में 'कार्यकर्ता सम्मेलन' में संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। नवनिर्मित कार्यालय केशव कुंज का निर्माण लगभग 150 करोड़ की लागत से 8वर्षों में किया गया है। लगभग 300 कमरों और कार्यालयों वाले 13 मंजिला तीन टावरों को आरएसएस की विचारधारा और उसके काम के प्रति सहानुभूति रखने वाले 75,000 से अधिक लोगों के योगदान से बनाया गया था। इनके कार्यालय और संगठन नए बहुमंजिला परिसर में स्थानांतरित हो गए हैं।



## रिटायर होने के 18 साल बाद भी नहीं मिली पेंशन

बकाया राशि भी दी जाए

# सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को फटकारा,10 लाख रु. मुआवजा दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगाते हुए एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी को 10 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह मामला 2007 में रिटायर हुए एक कर्मचारी से जुड़ा है।

जिन्हें 18 साल बाद भी पूरी पेंशन नहीं मिली थी और सिर्फ अस्थायी पेंशन पर गुजारा करना पड़ रहा था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि यह एक बेहद निराशाजनक और परेशान करने वाला मामला है। बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही रद्द कर दी थी और सभी बकाया राशि जारी करने का निर्देश दिया था।

### बंगाल सरकार ने उचित जवाब नहीं दिया था

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बंगाल सरकार ने 391 दिनों की देरी से विशेष अनुमति याचिका दायर की और इस देरी की कोई संतोषजनक सफाई भी नहीं दिया। 1994 में, अनुशासनात्मक जांच के बाद कर्मचारी को दोषमुक्त कर दिया गया था। 1997 में सतर्कता विभाग ने जांच अधिकारी के निष्कर्ष से असहमति जताते हुए सजा का प्रस्ताव देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।*

## पंजाब पुलिस विभाग पर बड़ी कार्रवाई

मान सरकार ने दिखाई सख्ती

# भ्रष्टाचार मामले में 52 पुलिस अधिकारी बर्खास्त, डीसी सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



पंजाब पुलिस विभाग में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ पंजाब सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। भगवंत मान सरकार ने भ्रष्टाचार में लिप्त 52 पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। 2 दिन पहले मुक्तसर के डीसी को भी निलंबित किया गया था।

मान सरकार ने राज्य में भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने कई अहम कदम उठाए हैं। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को खत्म करने के लिए पंजाब सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। मान ने यह स्पष्ट किया है कि राज्य में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा, चाहे वह प्रशासनिक अधिकारी हो, पुलिस अधिकारी या किसी भी दल का नेता। उन्होंने भ्रष्टाचार से लड़ाई के लिए मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन- 9501200200 भी जारी की है।

### रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सहन नहीं

*लोग हेल्पलाइन नंबर के जरिए लोग भ्रष्टाचार से संबंधित घटनाओं की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को रोकना है। मान ने जनता से अपील की है कि यदि किसी भी सरकारी अधिकारी से रिश्वत की मांग की जाती है, तो वह इस नंबर पर ऑडियो या वीडियो रिकॉर्ड करके शिकायत करें। इसके बाद सरकार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।*

## मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में सुनवाई

# सजा में छूट के लिए गैंगस्टर सलेम ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में दोषी ठहराए गए गैंगस्टर अबू सलेम ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अबू सलेम वर्तमान में नासिक सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

सजा में छूट के लिए वो हाई कोर्ट पहुंचा है। सलेम ने कोर्ट से जेल अधिकारियों को निर्देश देने का आग्रह किया है कि वे 31 दिसंबर, 2024 तक हिरासत में बिताए गए उसके कुल समय24 साल, 9 महीने और 16 दिन पर विचार करें और उसे रिहाई की एक तारीख बताएं।



### अगली सुनवाई 10 मार्च को

वकील फरहाना शाह के माध्यम से दायर सलेम की याचिका में यह बात जस्टिस सारंग कोतवाल और जस्टिस एस एम मोदक की पीठ के समक्ष की गई। हालांकि, कोर्ट मामले की अगली सुनवाई 10 मार्च को करेगा। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के जुलाई, 2022 के आदेश के बाद प्रस्तुत की गई। जिसमें भारत की प्रत्यर्पण संधि और पुर्तगाल को दिए गए संप्रभु आश्वासन के अनुरूप, उसकी कारावास की अवधि को 25 वर्ष तक सीमित कर दिया गया था।

## महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की अहम बैठक में खरगे की दो टूक

# संगठन और चुनाव परिणामों के लिए आप होंगे जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की एक अहम बैठक में पार्टी के भीतर जवाबदेही की जरूरत पर जोर देते हुए शीर्ष पार्टी नेताओं को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सभी महासचिव और प्रभारी प्रभार वाले राज्यों में संगठन व चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेह होंगे। खरगे मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति पर कहा कि चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर करने से साफ है कि सरकार को उनकी निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है।

**पार्टी नेताओं से जमीनी स्तर पर काम करने को कहा**




### ऐसे लोगों को जोड़ें जो वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध

उन्होंने मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी पर कहा कि इससे निपटना होगा। व 'असल फिसल पड़े और नकल चल पड़े' यह पुरानी कहावत है, ऐसे लोगों से हम दूर रहें। आपको ऐसे लोगों को लाना चाहिए, जो वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध हों ।

### पार्टी को हर स्तर पर मजबूत बनाएं

*इंदिरा भवन स्थित पार्टी मुख्यालय में नए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने पार्टी नेताओं से जमीनी स्तर पर काम करने, बूथ स्तर से पार्टी को मजबूत करने और ऐसे लोगों को बढ़ावा देने का आग्रह किया।*

### संगठन में कुछ और बदलावों का भी संकेत दिया

*खरगे ने संगठन में कुछ और बदलावों का भी संकेत दिया और कहा कि कुछ बदलाव पहले ही हो चुके हैं और कुछ और होने वाले हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि मैं आपसे जवाबदेही की सबसे महत्वपूर्ण बात के बारे में बात करना चाहता हूं।*

### दिल्ली चुनाव में हमने अच्छी लड़ाई लड़ी

*बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सभी महासचिव और विभिन्न राज्यों के प्रभारी शामिल थे। खरगे ने कहा कि दिल्ली ने बदलाव के लिए मतदान किया और संसाधनों की कमी के बावजूद अच्छी लड़ाई लड़ने के लिए राज्य नेतृत्व के प्रयासों की सराहना की जाती है।*




## खबर संक्षेप

### लाहौर जा रहे 7 यात्रियों को उतारा मौत के घाट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों बरखान क्षेत्र में क्वेटा से पंजाब प्रांत जा रही बस को रोका



और सात यात्रियों को बस से उतारकर पहाड़ी पर ले गए। इसके बाद उनको गोली मार दी गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति और पीएम ने इसे आतंकी घटना बताया और इसकी निंदा की। बंदूकधारियों ने बरखान क्षेत्र में हाईवे पर नाकाबंदी करके बस को रोक लिया। वे बस में चढ़े और यात्रियों के पहचान पत्र चेक किए।

### हमास छह बंधकों को और रिहा करेगा

**तेल अवीव।** हमास के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि समूह शनिवार को छह इजराइल बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही गुरुवार को चार



इजराइली बंधकों के शव भी लौटाए जाएंगे। हमास नेता खलील अल हय्या ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि जिन मृतकों के शव सौंपे जाएंगे, उनमें बिबास परिवार के सदस्य शामिल हैं। इनमें दो छोटे बच्चे और उनकी मां शामिल है, जिन्हें 7 अक्तूबर के हमले के दौरान बंधक बनाया गया था। बच्चों के पिता को पूर्व में रिहा कर दिया गया है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने छेड़ा जम्मू कश्मीर मुद्दा, भारत ने दिया करारा जवाब

# आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर है पाक, यूएन में 20 से ज्यादा प्रतिबंधित आतंकी संगठन वहां हैं मौजूद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा है। कुछ दिनों पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। पाकिस्तान विदेश मंत्री की टिप्पणी पर भारत ने करारा जवाब दिया है। यूएनएससी में भारत के स्थायी राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने मंगलवार को साफ-साफ लफ्जों में कहा कि पाकिस्तान, आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है। मेरे समझ से परे है कि पाकिस्तान, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ क्यों थपथपाता है? आतंकवाद भले ही किसी भी स्वरूप, प्रकार और मकसद के लिए हो, उसे सही नहीं ठहराया जा सकता है।

पी. हरीश ने कहा कि भारत हमेशा से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का शिकार रहा है। पाकिस्तान की धरती से चलने वाले जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) जैसे आतंकी संगठनों ने भारत में कई आतंकी हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में 20 से ज्यादा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की तरफ से प्रतिबंधित आतंकी संगठन मौजूद हैं। इसके बावजूद जब पाकिस्तान खुद को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताता है, तो यह सबसे बड़ी विडंबना होती है। पी. हरीश ने कहा कि आतंकवाद का कोई भी कारण या मकसद स्वीकार्य नहीं हो सकता। निर्दोष लोगों पर हमला किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता।

निर्दोष लोगों पर हमला किसी भी तरह से जायज नहीं ठहरा सकते

जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और हमेशा रहेगा



### पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा की आलोचना की

*पी. हरीश ने कहा कि पाकिस्तान के उप पीएम और विदेश मंत्री ने अपनी टिप्पणी में भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से जम्मू-कश्मीर का उल्लेख किया है। मैं फिर से साफ करना चाहूंगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का झूठ और प्रोपेगेंडा कश्मीर की जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकते। हाल ही में जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। चुनाव में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस मतदान ने उनकी पसंद को स्पष्ट किया है। जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की तुलना में लोकतंत्र जीवंत और मजबूत है जबकि पाकिस्तान में ऐसा नहीं है। वास्तव में पाकिस्तान खुद जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा किए हुए है और वहां के हालात खराब हैं।*

फिर दोहराई मांग

### सुरक्षा परिषद में विस्तार न होने पर भारत नाराज

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार की मांग उठाई है। इस बार भारत ने नाराजगी जताते हुए पी. हरीश ने कहा कि जो देश स्थिति को जस का तस बनाए रखना चाहते हैं और यूएनएससी में विस्तार नहीं होने दे रहे, वे दूर की नहीं सोच पा रहे और प्रतिगामी सोच वाले देश हैं। भारत ने कहा कि इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। चीन की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और वैश्विक प्रशासन को बेहतर बनाने के मुद्दे पर खुली बहस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश शामिल हुए। भारतीय राजदूत ने 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में विस्तार की मांग दोहराई और कहा कि यूएन में तीन बड़े बदलाव होने बेहद जरूरी हैं। हरीश ने कहा कि पहले तो सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए, दूसरा दस्तावेज आधारित सुलह समझौते होने चाहिए और तीसरा बड़े वैश्विक मुद्दों पर नतीजों के लिए एक तय समयसीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया बदल चुकी है और समय के साथ संयुक्त राष्ट्र को भी बदलने की जरूरत है। यह मौजूदा वैश्विक व्यवस्था को प्रदर्शित करना चाहिए न कि साल 1945 की व्यवस्था को।

### भारत में कई हमलों को दिया अंजाम

*पी. हरीश ने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों ने भारत में कई हमलों को अंजाम दिया है। पाकिस्तान इन्हें सीमा पार से समर्थन देता है, जिससे भारत में हिंसा फैलती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में कई आतंकी संगठन और व्यक्ति संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति की सूची में शामिल हैं, जिन पर संपत्ति जब्त करने, हथियारों की आपूर्ति रोकने और यात्रा प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है।*

राष्ट्रपति रोडिग्रो करेंगे सहयोग

## कोस्टा रिका होकर भारत पहुंचेंगे यूएस निर्वासित, 200 लोगों का जत्था आया



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका से भारतीय अप्रवासियों को निर्वासित करने के बीच कोस्टा रिका एक सेतु के रूप में काम करने पर सहमत हो गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में उसने कहा कि वह भारत और मध्य एशिया सहित अमेरिका में अवैध अप्रवासियों को वापस लाने के लिए सेतु बनकर काम करने को तैयार है। राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस रोबल्स के कार्यालय के अनुसार, 200 अप्रवासियों का पहला जत्था एक वाणिज्यिक उड़ान से जुआन सांतामारिया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचा। बयान में कहा गया है कि कोस्टा रिका की सरकार 200 अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस लाने में अमेरिका के साथ सहयोग करने पर सहमत है। इस जत्थे में मध्य एशिया और भारत के देशों से आए लोग हैं। हालांकि, अभी यह नहीं बताया गया कि उनमें से कितने भारत से हैं।

### आईओएम कर रहा निगरानी

*राष्ट्रपति रोबल्स ने कहा है कि कोस्टा रिका निर्वासितों के लिए उनके मूल देशों तक पहुंचाने में एक सेतु के तौर पर काम करेगा। इन अप्रवासियों को उनके मूल देशों में भेजने से पहले मध्य अमेरिकी राष्ट्र में एक अस्थायी प्रवासी देखभाल सुविधा में स्थानांतरित किया जाएगा। अमेरिका द्वारा वित्तपोषित स्वदेश वापसी की निगरानी इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) द्वारा की जा रही है, जो देश में रहने के दौरान प्रवासियों की देखभाल की निगरानी करेगा। अवैध अप्रवासियों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई के बीच कुल 332 भारतीयों वाले तीन बैचों को पहले ही भारत वापस भेज दिया गया है।*

### भारत के पास बहुत ज्यादा पैसाः राष्ट्रपति ट्रंप

भारत में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए 21 मिलियन डॉलर की अमेरिकी फंडिंग से जुड़े सवाल पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हैरानी जताते हुए कहा कि हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों देंगे? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। ये बात समझ से परे है। वे अमेरिका पर दुनिया में सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं। ट्रंप ने कहा कि वे भारत और पीएम नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने अमेरिकी उद्योग के लिए भारत में संभावनाओं पर कहा कि हम शायद ही वहां प्रवेश कर पाएं क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं।

कलिंगा यूनिवर्सिटी में छात्रा की मौत

## नेपाल बोला- भारत जाने के लिए अपने छात्रों को नहीं देंगे एनओसी

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईटीटी) में बीटेक (कंप्यूटर साइंस) थर्ड ईयर की छात्रा प्रकृति लमसल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले पर नेपाल सरकार ने प्रतिक्रिया दी है।

नेपाल के शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह भविष्य में ओडिशा के किसी भी विश्वविद्यालय या शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने के इच्छुक अपने छात्रों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करना निलंबित कर सकता है। मंत्रालय ने कहा कि घटना से उत्पन्न समस्याओं के प्रभावी समाधान की सुविधा के लिए एक हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। केआईटीटी में नेपाली छात्रों की पढ़ाई फिर से शुरू हो और अनुकूल माहौल सुनिश्चित



किया जाए, इसके लिए हमारा विदेश मंत्रालय भारत सरकार के साथ लगातार राजनयिक प्रयास कर रहा है। वहीं, नेपाल के विभिन्न छात्र संगठनों ने मंगलवार को काठमांडू में भारतीय दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने नेपाली छात्रा की मौत के मामले में जांच की मांग और भारत में रह रहे नेपाली छात्रों की सुरक्षा की मांग की।नेकपा-माओवादी केंद्र, नेपाल कांग्रेस और नेकपा-एकीकृत समाजवादी पार्टी से जुड़े छात्र संगठनों ने काठमांडू के विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किया और भारत में रह रहे नेपाली छात्रों की सुरक्षा की मांग की।

### पूर्व पीएम हमले में युवक को 10 साल जेल की सजा

**टोक्यो।** जापान की एक अदालत ने बुधवार को पूर्व पीएम फुमियो किशिदा पर हमले के लिए एक युवक को दोषी ठहराया और उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई है। दोषी युवक ने किशिदा पर साल 2023 में एक कार्यक्रम के दौरान पाइप बम फेंका था। दोषी रयुजी किमुरा (25 वर्षीय) पर 15 अप्रैल 2023 को हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था। हालांकि उस हमले में किशिदा बाल-बाल बच गए थे, लेकिन दो अन्य लोग घायल हुए थे। किमुरा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

यूनाइटेड किंगडम के पूर्व पीएम ऋषि सुनक बोले

## *भारत पर पीएम मोदी के विचारों को सुनना एक रोमांचक अनुभव अपने मित्र से मिलकर अच्छा लगा, कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी को अपना 'दोस्त' बताते हुए ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि भारत के लिए पीएम मोदी के विचारों को सुनना 'हमेशा रोमांचक' होता है। ऋषि सुनक और उनके परिवार ने मंगलवार शाम को नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और कई विषयों पर विस्तृत बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि सुनक भारत के बहुत अच्छे दोस्त हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के लिए उत्सुक हैं। इससे पहले सुनक ने सोमवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। सुनक वर्तमान में अपने परिवार के साथ भारत के दौरे पर हैं। 15 फरवरी 2025 को, उन्होंने अपने परिवार के साथ ताजमहल का दौरा किया था।

### घनिष्ठ संबंध रखने की वकालत की

ऋषि सुनक 2022 से 2024 तक ब्रिटेन के पीएम बनने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति हैं। वह अपनी भारतीय जड़ों पर हमेशा गर्व करने वाले सुनक ने आर्थिक, सुरक्षा और वैज्ञानिक क्षेत्रों में भारत के साथ घनिष्ठ संबंध रखने की वकालत करते हैं। जुलाई 2024 में यूके के आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता द्वारा हार स्वीकार किए जाने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में ऋषि सुनक के योगदान की सराहना की।

### ब्रिटेन और भारत की दोस्ती जारी रहेगी

*इससे पहले पीएम मोदी ने 5 जुलाई, 2024 को एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि यूके का सराहनीय नेतृत्व करने, भारत और यूके के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद ऋषि सुनक। भविष्य के लिए आपको और आपके परिवार को शुभकामनाएं। ऋषि सुनक ने पिछले साल भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए की लगातार तीसरी चुनावी जीत पर पीएम मोदी को बधाई दी थी और इस बात पर जोर दिया था कि ब्रिटेन और भारत के बीच सबसे करीबी दोस्ती है* जो आगे भी जारी रहेगी।

जी20 बैठक में शामिल होंगे जयशंकर

## कई द्विपक्षीय बैठकों में लेंगे हिस्सा वैश्विक मुद्दों पर सबसे करेंगे चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 20-21 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में होने वाली जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस बैठक में भारत की नजर जी20 देशों के साथ भागीदारी और मजबूत करने पर होगी साथ ही विकासशील देशों की आवाज को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री कई द्विपक्षीय बैठकों में भी शामिल होंगे। जी20 बैठक में वैश्विक अर्थव्यवस्था, व्यापार, सतत विकास, और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। बता दें, दक्षिण अफ्रीका ने 1 दिसंबर 2024 से 30 नवंबर 2025 तक के लिए जी20 की अध्यक्षता संभाली है। जी20 में 19 बड़े देश शामिल हैं- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका। इसके अलावा दो अंतरराष्ट्रीय समूह- यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ भी इसके सदस्य हैं। जी20 दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का समूह है जो वैश्विक जीडीपी का 85%, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 75% और दुनिया की दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।

एनडीआरएफ के तहत 1554.99 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को दी मंजूरी

## आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए चट्टान की तरह खड़ा केंद्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए चट्टान की तरह खड़ी है। गृह मंत्रालय की एक समिति ने 2024 के दौरान अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत 1554.99 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है।

वर्ष 2024 के दौरान आई बाढ़, अचानक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं के लिए आंध्र प्रदेश, नागालैंड, ओडिशा, तेलंगाना और त्रिपुरा को धनराशि मिलेगी।

### 27 राज्यों को 18,322.80 करोड़ दे चुके

अमित शाह ने कहा कि यह अतिरिक्त सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) से जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों के पास उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान केंद्र सरकार ने



एसडीआरएफ में 27 राज्यों को 18,322.80 करोड़ रुपए और एनडीआरएफ से 18 राज्यों को 4,808.30 करोड़ रुपए, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएफएफ) से 14 राज्यों को 2208.55 करोड़ रुपए और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएफएफ) से 8 राज्यों को 719.72 करोड़ रुपए जारी किए हैं। बता दें, केंद्र सरकार ने आपदाओं के तुरंत बाद, औपचारिक ज्ञापन की प्राप्ति की प्रतीक्षा किए बिना, इन राज्यों में अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीमों को भेज दिया था।

ब्रिटेन में चाकू से होने वाले अपराधों पर लगेगी रोक

## भारतीय किशोर की याद में सरकार ने की 'रोनन कानून' की घोषणा

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन सरकार ने बुधवार को चाकू बेचने वाले ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं के लिए सख्त नियमों का एलान किया। सरकार ने भी घोषणा कि नए नियमों को लागू करने में विफल रहने पर कड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। यह कदम भारतीय मूल के एक किशोर रोनन कांडा (16 वर्षीय) की स्मृति में उठाया गया, जिसकी चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। नए 'रोनन कानून' के तहत खुदरा विक्रेताओं को अपने मंच पर चाकुओं की संदिग्ध और बड़ी मात्रा में खरीद की सूचना पुलिस को देनी होगी। कानून के तहत 18 साल से काम आयु वर्ग के लड़कों को चाकू बेचने पर कड़ सजा का प्रावधान होगा।



### वोल्वरहैम्पटन में की गई थी रोनन की हत्या

जुलाई 2022 में इंग्लैंड के वोल्वरहैम्पटन में रोनन कांडा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हमला उनके घर के पास ही हुआ था। हमला गलत पहचान के कारण हुआ था। रोहन की मां पूजा कांडा ने इसके बाद मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की थी। उनके बेटे की हत्या करने वाले भारतीय मूल के किशोर को 34 साल की सजा हुई थी।

### ऑनलाइन बिक्री की खामियां दूर कीं

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि रोनन कानून चाकू की ऑनलाइन बिक्री के दौरान सामने आ रही खामियों को दूर करने के लिए लाया गया है और यह रोहन की मां और बहन निकिता के लगातार अभियान का नतीजा है, जो युवाओं की हथियारों तक पहुंच को रोकने और इसी तरह दुख झेलने वाले परिवारों के लिए शुरू किया गया था।

कृष्ण की नगरी द्वारका के साक्ष्य जुटाएगा एएसआई

## अंतरजलीय पुरातत्व स्कंध ने शुरू किया अन्वेषण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्र में डूबी भगवान कृष्ण की नगरी द्वारका के सभी पहलुओं और साक्ष्य जुटाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने खोज शुरू कर दी है। एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक (पुरातत्व) प्रो. आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में पांच पुरातत्वविदों की एक टीम ने मंगलवार को द्वारका तट पर पानी के नीचे खोज शुरू की। इस टीम में निदेशक (खुदाई एवं अन्वेषण) एचके नायक, सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. अपराजिता शर्मा, पूनम बिंद और राजकुमारी बारबिना ने प्रारंभिक जांच के लिए गोमती क्रीक के पास एक क्षेत्र का चयन किया है।



एएसआई के अनुसार इस अन्वेषण के माध्यम से द्वारका नगरी के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक साक्ष्य जुटाया जाएगा। पानी के अंदर की जा रही खोज भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए एएसआई के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। एएसआई के नवीनीकृत अंडरवाटर पुरातत्व विंग (यूएडब्ल्यू) को हाल ही में द्वारका और बेट द्वारका में अपतटीय सर्वेक्षण और जांच करने के लिए पुनर्जीवित किया गया है।

### 2005 से 2007 तक तटवर्ती खुदाई की थी



यूएडब्ल्यू 1980 के दशक से पानी के नीचे पुरातात्विक अनुसंधान में सबसे आगे रहा है। 2001 से विंग बंगाराम द्वीप (लक्षद्वीप), महाबलीपुरम (तमिलनाडु), द्वारका (गुजरात), लोकतक झील (मणिपुर) और एलीफेंटा द्वीप (महाराष्ट्र) जैसे स्थलों पर अन्वेषण कर रहा है। इससे पहले अंडरवाटर पुरातत्व विंग ने 2005 से 2007 तक द्वारका में अपतटीय और तटवर्ती खुदाई की थी। नौसेना और पुरातत्व विभाग की संयुक्त खोज पहले 2005 फिर 2007 में एएसआई के निर्देशन में भारतीय नौसेना के गोताखोरों ने समुद्र में समाई द्वारिका नगरी के अवशेषों के नमूनों को सफलतापूर्वक निकाला। वर्ष 2005 में नौसेना के सहयोग से प्राचीन द्वारिका नगरी से जुड़े अभियान के दौरान समुद्र की गहराई में कटे-छंटे पत्थर मिले और लगभग 200 नमूने एकत्र किए गए।

### 560 मीटर लंबी द्वारिका की दीवार खोजी थी

पुरातत्वविद् प्रो. एसआर राव और उनकी टीम ने 1979-80 में समुद्र में 560 मीटर लंबी द्वारिका की दीवार की खोज की। उस दौरान उन्हें वहां पर बर्तन भी मिले, जो 1528 ईसा पूर्व से 3000 ईसा पूर्व के हैं। इसके अलावा सिंधु घाटी सभ्यता के भी कई अवशेष उन्होंने खोजे। उस जगह पर भी उन्होंने खुदाई में कई रहस्य खोले, जहां पर कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ था।

**महाकुंभ 2025**

# भारतीय रेल इस पृथ्वी पर सबसे भव्य आध्यात्मिक समागम के आयोजन में अपनी सफल एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है

**प्रयागराज। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में अब तक 53 करोड़ पवित्र स्नान कर चुके हैं, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम बन गया है। प्रतिदिन लाखों भक्तों के आने के साथ, भारतीय रेलवे तीर्थयात्रियों के सुगम एवं निर्बाध आवागमन के बेहतर प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।**

भारतीय रेल द्वारा महाकुंभ क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर पिछले 03 वर्षों में विभिन्न यात्री सुविधाओं के उन्नयन हेतु 5,000 करोड़ की लागत बड़े पैमाने पर लॉजिस्टिक प्रयास किया गया है ताकि सभी यात्रियों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। इसमें रेलवे स्टेशनों का उन्नयन, 13,000 से अधिक ट्रेनें चलाने की योजना और उन्नत भीड़ प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं। भारतीय रेलवे इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन को किस तरह से सुविधाजनक बना रहा है, इस पर एक नज़र डालें - 1. महाकुंभ 2025 के लिए बड़ी संख्या में ट्रेनों का परिचालन निर्बाध यात्रा के लिए ट्रेनों का डायवर्जन, यात्री आवागमन को प्राथमिकता देने के लिए सभी मालगाड़ियों को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर डायवर्ट किया गया है। शंटिंग संचालन से बचने के लिए दोनों तरफ ट्रेन सेट या इंजन के साथ 200 रेक तैनात किए गए हैं। ट्रेन सेवाओं की अभूतपूर्व संख्या - 26 फरवरी 2025 तक 13,000 ट्रेनों के परिचालन की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 16 फरवरी 2025 तक, 12,583 ट्रेनें पहले ही चल चुकी हैं। भारतीय रेलवे अधिकतम यात्री सेवा को संभाल रहा है - 13 जनवरी 2025 से, भारतीय रेलवे ने प्रयागराज कुंभ क्षेत्र में 3.09 करोड़ तीर्थयात्रियों को अपनी सेवाएं दी हैं। 17 फरवरी को 18.60 लाख यात्री और 16 फरवरी 2025 को 18.48 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जो पिछले दो दिनों में यात्रियों की सबसे अधिक आवाजाही में से एक है। अन्य महत्वपूर्ण तिथियां जिस दिन बड़ी संख्या में यात्रियों ने ट्रेन सेवा का उपयोग किया - 15 फरवरी - 14.76 लाख यात्री, 12 फरवरी - 17 लाख यात्री 10 और 11 जनवरी - 14 लाख से अधिक यात्री, 30 जनवरी - 17.57 लाख यात्री, 29 जनवरी - 27 लाख यात्री, 28 जनवरी - 14.15 लाख यात्री, 14 जनवरी - 13.87 लाख यात्री



भारतीय रेलवे ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं - बुनियादी ढांचा का उन्नयन- ज्यादा भीड़ के प्रवाह को मैनेज करने हेतु 9 रेलवे स्टेशनों पर दूसरे प्रवेष द्वार का निर्माण। यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए 48 प्लेटफॉर्म एवं 21 फुट ओवर ब्रिज का निर्माण। भारतीय रेलवे द्वारा व्यापक निगरानी प्रणाली के तहत प्रयागराज मेला क्षेत्र के नौ स्टेशनों पर 1,186 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रतीक्षारत यात्रियों के प्रबंधन के लिए 23 स्थायी होल्डिंग क्षेत्र। प्रयागराज, नैनी, छिवकी और सूबेदारगंज जैसे प्रमुख स्टेशनों पर 12 भाषाओं में उदघोषणाएं टिकटिंग सुविधाओं में विस्तार - टिकटिंग प्रक्रिया को बेहतर बनाने हेतु 151 मोबाइल यूटीएस टिकटिंग पॉइंट सहित 554 टिकटिंग व्यवस्थाएँ। 3. प्रमुख रेलवे बुनियादी ढाँचे में सुधार - भारतीय रेलवे ने निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढाँचे में भारी निवेश किया है - प्रमुख रेलवे बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के लिए 3,700 करोड़ का निवेश, जिसमें शामिल हैं - बनारस-प्रयागराज रेल दोहरीकरण, जिसमें एक नया गंगा पुल भी शामिल है। फाफामऊ-जंघई रेल दोहरीकरण से रेल क्षमता में वृद्धि होगी। सड़क और रेल गतिशीलता को बढ़ाने के लिए 21 नए रोड ओवर ब्रिज और रोड अडंर ब्रिज। आसान यात्री नेविगेशन के लिए कलर-कोड प्रणाली यात्रियों की आसान पहचान और दिशा-वार पृथक्करण के लिए यात्री आश्रय, होल्डिंग एरिया और टिकटों की कलर-कोडिंग की गई है - लाल - लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी नीला - डीडीयू, सासाराम, पटना पीला- मानिकपुर, झांसी, सतना, कटनी (मध्य प्रदेश क्षेत्र), कानपुर, आगरा, दिल्ली 4. मजबूत सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए, रेलवे अधिकारियों ने व्यापक सुरक्षा उपाय लागू किए हैं - कई स्तरों पर नियंत्रण केंद्र स्थापित किए गए हैं - स्टेशन स्तर, डिवीजन स्तर, जोनल स्तर और रेलवे बोर्ड स्तर। सुरक्षा तैनाती, 13,000 रेलवे सुरक्षा बल के जवान। 10,000 सरकारी रेलवे पुलिस र अर्धसैनिक बल के जवानों को प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है। 3,000 से अधिक रनिंग स्टाफ को सुचारू ट्रेन संचालन सुनिश्चित करन के लिए नियुक्त किया गया है। महाकुंभ 2025 में अब तक 53 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं और भारतीय रेलवे यह सुनिश्चित कर रहा है कि लाखों श्रद्धालु सुरक्षित और आराम से यात्रा कर सकें। विशेष ट्रेनों के परिचालन एवं भीड़ नियंत्रण के उन्नत उपायों द्वारा भारतीय रेल दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम को कुशलतापूर्वक हैंडल कर रहा है।



## महिंद्रा थिएटर अवार्ड्स में नाटकों का होगा मंचन

**जबलपुर।** 20 भारतीय राज्यों से 32 भाषाओं और बोलियों में 367 नाटकों में से चुने गए उत्कृष्ट नाटकभारतीय रंगमंच के प्रतिष्ठित पुरस्कार और फेस्टिवल—महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवार्ड्स (META)—13 से 20 मार्च 2025 तक लौट रहे हैं। महिंद्रा ग्रुप द्वारा स्थापित इस पुरस्कार समारोह के 13 श्रेणियों के लिए नामांकित शीर्ष 10 नाटकों की घोषणा की गई है। ये नाटक नई दिल्ली में प्रस्तुत किए जाएंगे और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ इस फेस्टिवल का भव्य समापन होगा। विजेताओं को 20 मार्च 2025 को कमानी ऑडिटोरियम में रंगमंच की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा।

## 10 साल पहले हुए बार कौंसिल में संशोधन की जानकारी किसी को नहीं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट बार कौंसिल का बीते छह साल से चुनाव नहीं हो पाया है। निर्वाचित पदाधिकारियों के ना होने से अधिवक्ताओं के वेलफेयर से लेकर जरुरी काम अटका पड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने इसे स्वतः संज्ञान में लेकर पीआईएल के रूप में सुनवाई प्रारंभ की है। मंगलवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट ने बार कौंसिल आफ इंडिया के सेक्रेटरी को नोटिस जारी किया है।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

**खून का राज**

# कैसे आया ब्लड ग्रुप, कैसे होता है इसका निर्धारण?

1901 तक माना जाता था सभी का खून होता है समान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शरीर को ठीक तरीके से काम करते रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त की आवश्यकता होती है। जिन लोगों में खून की कमी होती है उन्हें अक्सर थकान, कमजोरी, चक्कर आने सहित कई अन्य प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के भी बने रहने का खतरा होता है। हम सभी के शरीर में अलग-अलग ब्लड ग्रुप वाला खून होता है। इतना ही नहीं सगे भाई-बहनों का ब्लड ग्रुप भी अलग हो सकता है। कभी आपने सोचा, ये ब्लड ग्रुप आखिर होता क्या है? और किन पैमानों पर इसका निर्धारण किया जाता है कि आपका ग्रुप कौन सा है?

इस बारे में समझने से पहले हमें ये जानना जरूरी है कि रक्त कितने प्रकार के होते हैं? स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं- ब्लड ग्रुप आठ अलग-अलग प्रकार के होते हैं। आपका ब्लड ग्रुप कौन सा होगा ये आपके माता-पिता से विरासत में मिले जीन पर निर्भर करता है। अधिकांश लोगों के शरीर में लगभग 4-6 लीटर रक्त होता है और ये रक्त विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। है न मजेदार? जो खून देखने में आपको सिर्फ लाल रंग का नजर आता है, असल में उसके भीतर कई सारे 'राज' छिपे होते हैं।




### ब्लड ग्रुप का निर्धारण

जो चीज आपके रक्त को किसी और के रक्त से अलग बनाती है, वह है प्रोटीन अणुओं का अनूठा संयोजन- जिन्हें एंटीजन और एंटीबॉडी कहा जाता है। एंटीजन लाल रक्त कोशिकाओं की सतह पर होते हैं जबकि एंटीबॉडीज आपके प्लाज्मा में मौजूद होती हैं। इन्हीं एंटीजन और एंटीबॉडी के आधार पर ही निर्धारित होता है कि आपका ब्लड ग्रुप कौन सा है? चार प्रमुख रक्त समूह हैं- ब्लड ग्रुप ए, बी, एबी और ओ। इनमें एंटीजन और एंटीबॉडी की जांच की जाती है।

- **ब्लड ग्रुप ए में ए एंटीजन और बी एंटीबॉडी।**
- **ब्लड ग्रुप बी में बी एंटीजन और ए एंटीबॉडी है।**
- **ब्लड ग्रुप एबी में ए और बी एंटीजन हैं लेकिन न तो ए और न ही बी एंटीबॉडी हैं।**
- **वहीं ब्लड ग्रुप ओ में ए या बी एंटीजन तो नहीं होते हैं लेकिन दोनों एंटीबॉडी होते हैं।**

### क्यों है इन ब्लड ग्रुप्स की जरूरत?

मामला है साल 1901 का जब पहली बार कार्ल लैंडस्टीनर नामक ऑस्ट्रियाई वैज्ञानिक ने ब्लड ग्रुप्स की खोज की थी। इससे पहले, डॉक्टर्स को भी लगता था कि सभी रक्त एक समान होते हैं, हालांकि इस दौरान अगर किसी की ब्लड डोनेट किया जाता था तो ज्यादातर रिसीवर्स की मौत हो जाती। कार्ल लैंडस्टीनर ने फिर पता लगाया कि खून भले ही दिखने में एक जैसे होते हैं पर इनमें बहुत अंतर है। अगर ए ब्लड ग्रुप वाले को बी ब्लड ग्रुप का रक्त चढ़ा दिया जाए तो इससे फायदे की जगह कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ट्रांसफ़्यूजन प्राप्त करने वाले व्यक्ति में एंटीबॉडी होते हैं जो ब्लड डोनेट रक्त की कोशिकाओं से मुकाबले में लग जाते हैं और इससे विषाक्त होने का जोखिम रहता है।

### ब्लड ग्रुप्स और उनके कार्य

हमारे खून में कई तरह के सेल्स होते हैं और इनके कार्य भी काफी महत्वपूर्ण हैं। जैसे रेड ब्लड सेल्स शरीर के विभिन्न ऊतकों तक ऑक्सीजन पहुंचाती हैं, व्हाइट ब्लड सेल्स संक्रमण की स्थिति में रोगजनकों को नष्ट करती हैं। रक्त में मौजूद प्लेटलेट्स आपके खून को जमने में मदद करते हैं वहीं प्लाज्मा प्रोटीन से बना एक तरल पदार्थ है।

### ओ ब्लड ग्रुप यूनिवर्सल डोनर

यही कारण है कि जब किसी को खून की जरूरत होती है तो उसके ब्लड ग्रुप के अनुसार ही डोनर्स ढूंढा जाता है। हालांकि इसमें भी एक सहूलियत जरूर है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जिन लोगों का ब्लड ग्रुप टाइप ओ निगेटिव है, वह आपात स्थिति में या सटीक ब्लड ग्रुप न मिलने की स्थिति में किसी को भी ब्लड डोनेट करके उसकी जान जान बचा सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि टाइप ओ निगेटिव रक्त कोशिकाओं में ए, बी या आरएच एंटीजन के प्रति एंटीबॉडी होती ही नहीं है। यही कारण है कि टाइप ओ-निगेटिव वालों को यूनिवर्सल डोनर भी कहा जाता है। तो अब समझ गए न क्या है 'खून का राज'?

## जेल में बंद उद्योगपति श्रवण गोयल ने हाईकोर्ट से मांगी जमानत

**बिलासपुर (हरिभूमि न्यूज)।** सीजीपीएससी 2021 में भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा के आरोप में सीबीआई ने उद्योगपति श्रवण गोयल को मामले में संलिप्तता का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया है। उद्योगपति गोयल जेल में बंद है। गोयल ने स्वास्थ्यगत कारणों का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत की मांग की है। इस पर कोर्ट ने सीबीआई से दो सप्ताह में जवाब मांगा है।जेल में बंद श्रवण गोयल ने अपने अधिवक्ता अंकित सिंघल के जरिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर जमानत की मांग की है। उद्योगपति गोयल की जमानत याचिका पर जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में सुनवाई हुई।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## विकास राय हेयर स्टाइलिस्ट में शुमार



**मंडला।** मंडला के रानू पार्लर के विकास राय ने गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट के शीर्ष 30 फाइनलिस्ट के रूप में पहचान बनाकर शहर को गौरवान्वित किया। विकाशने 29 अन्य फाइनलिस्ट के साथ ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम में भाग लिया और अपने अनूठे हेयर कलर क्रिएशन का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शैलेश मूल्या, नेशनलटेक्निकलहेड और नजीब-उर-रहमान, टेक्निकलहेड, गोदरेज प्रोफेशन लजैसेमेंटर भी शामिल थे।

## केबीसी ग्लोबल ने शेयर जारी करने की मंजूरी दी

**जबलपुर।** केबीसी ग्लोबल लिमिटेड नासिक के बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने गत दिवस आयोजित बैठक में 1:1 के अनुपात में बोनस जारी करने को मंजूरी दे दी है (प्रत्येक 1 रुपये के पूर्ण भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के बदले एक बोनस इक्विटी शेयर जारी किया जाएगा)। यह निर्णय कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी ने यूके स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के अध्यक्ष के रूप में नरेश करदा की नियुक्ति को भी मंजूरी दी। कंपनी की ऑर्डर बुक रु.260 करोड़ से अधिक है और मार्केट कैपिटलाइज़ेशन रु.300 करोड़ है।

KARDA™ CONSTRUCTIONS BUILDERS & DEVELOPERS

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र मे दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898 (रायपुर /21 /फरवरी 25)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी 10 th से Graduation पास लड़कों की सर्वे करना एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर सुपरवाइजर, सेलरी 18500/- से 45750/- रहना खाना फ्री 08588080514 (रायपुर /21/फरवरी 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

### शब्द पहेली - 5784



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 5783 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ह | म | क | ■ | जा | य | दा | द | ■ |
| ल | ■ | क | म | र | ■ | न | म | न | ■ | अ |
| व | स | ■ | ता | त | ■ | का | ज | ■ | हा | र |
| कु | ली | न | ■ | ल | ह | र | ■ | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | ■ | म | ■ | आ | स | मा | न |
| ■ | ■ | ■ | सा | फ | स | फा | ई | ■ | ■ | ■ |
| अ | च | र | ज | ■ | फ | ■ | ना | ला | य | क |
| व | म | न | ■ | ह | र | म | ■ | ल | की | र |
| ता | न | ■ | स | जा | ■ | हा | र | ■ | न | त |
| र | ■ | क | र | म | ■ | व | ज | न | ■ | ब |
| ■ | ग | फ | ल | त | ■ | त | क | दी | र | ■ |

### सूडोकु बवाल- 5794

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु बवाल- 5793 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

**चैंपियंस ट्रॉफी**
मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 2.30 बजे

# दो बार के चैंपियन भारत का पलड़ा भारी, बांग्लादेश से मुकाबला आज



## शुभमन वर्ल्ड नंबर-1 बल्लेबाज

*दुबई। भारत के उप कप्तान शुभमन गिल बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। गिल ने एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ा है। गिल ने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में दो अर्द्धशतक और एक शतक बनाया था जिससे भारत ने श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। गिल के 796 रेटिंग अंक हैं जबकि बाबर के 773 अंक हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 761 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल क्रमशः चौथे और पांचवें पायदान पर हैं।*

एजेंसी ▶▶| दुबई

दो बार का चैंपियन भारत चैंपियंस ट्रॉफी में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत से आगाज करने उतरेगा। भारत टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है लेकिन गेंदबाजी इकाई को चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी। शुभ संकेत यह है कि कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्धशतक बनाया। गंभीर के मार्गदर्शन में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला में क्रमशः 4-1 और 3-0 की शानदार जीत दर्ज की।

गिल ने शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला में एक शतक और दो अर्द्धशतक जड़कर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। चैंपियंस ट्रॉफी में हालांकि भारत के सामने चुनौती घरेलू श्रृंखला से काफी अलग है। ग्रुप ए में भारत के प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड हाल ही में उसका सामना करने वाले इंग्लैंड की तुलना में कहीं अधिक प्रेरित नजर आ रहे हैं और एक हार भी लीग चरण के पूरे समीकरण को बदल सकती है।



### टीम चयन बनी चुनौती

भारत ने पिछले कुछ समय में 50 ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन बांग्लादेश का सामना करने से पहले उन्हें चयन से जुड़ी कुछ पहेलियों को सुलझाना होगा। इसकी शुरुआत लोकेश राहुल के बल्लेबाजी क्रम से होती है। क्या वह अपने पसंदीदा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या फिर अक्षर पटेल उनसे ऊपर आएंगे और वह छठे नंबर पर उतरेंगे।

### अर्शदीप-राणा में एक दावेदार

गेंदबाजी में सही संतुलन हासिल करना बड़ी चुनौती है, विशेषकर चोट की वजह से बुमराह की अनुपस्थिति के कारण। मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नई गेंद के साझेदार के रूप में साथ निभाने के लिए अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से एक को चुना जाएगा। शमी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

### हमने दो स्पिनर और तीन ऑलराउंडर चुने

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी टीम में पांच स्पिनरों को चुनने का बचाव करते हुए कहा कि उनमें से तीन ऑलराउंडर हैं जो उनकी टीम में काफी अहमियत रखते हैं। वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव दो विशेषज्ञ स्पिनर हैं जबकि स्पिन विभाग में अन्य विकल्प रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर हैं जो सभी बहुत सक्षम बल्लेबाज हैं। टीम में मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा के रूप में तीन तेज गेंदबाजी विकल्प हैं जबकि हार्दिक पंड्या एकमात्र तेज गेंदबाजी ऑल राउंडर हैं।

### बांग्लादेशी टीम कमजोर

भारत इस बात से सांत्वना ले सकता है कि बांग्लादेश भी उथल-पुथल से गुजर रहा है और शाकिब अल हसन जैसे स्टार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति से कमजोर हो गया है। हालांकि भारत कोई ढिलाई नहीं बरतना चाहेगा क्योंकि बांग्लादेश ने अतीत में वैश्विक प्रतियोगिताओं में उसे परेशान कर चुका है।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जड़ेजा और वरुण चक्रवर्ती।

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदय, मशफिकुर रहीम, एमडी महमूदुल्लाह, जाकिर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तास्किन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नासुम अहमद, तंजीम हसन साकिब और नाहिद राणा।

## खबर संक्षेप



### पाकिस्तान के कराची में लहराया भारत का तिरंगा

**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज हो गया है। विवाद के बाद आयोजक पाकिस्तान ने कराची स्टेडियम में भारत का झंडा लगाया है। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले एक बड़ा विवाद सामने आया था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि पीसीबी ने कराची स्टेडियम में भारत का झंडा नहीं लगाया था। इसको लेकर सोशल मीडिया पर फैंस का आक्रोश फूट पड़ा था और लोगों का मानना था कि भले ही भारत वहां खेलने न गया हो, लेकिन नियम के तहत मेजबान देश को अपने स्टेडियम में आठों टीमों के झंडे लगाने थे। सोशल मीडिया पर कराची स्टेडियम का वीडियो वायरल हो गया था। हालांकि, अब मामला ठीक दिख रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ नई तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें बताया गया है कि कराची के स्टेडियम में भारतीय तिरंगे को लगाया गया है।

### श्वेता को तीसरे चरण में मिली बढ़त

**पुणे।** श्वेता मानसिंह बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर 2025 के तीसरे चरण में पहले दौर के बाद शीर्ष पर पहुंच गई। टूर पर कई बार अपना पहला खिताब जीतने के करीब पहुंची श्वेता ने दो अंडर 69 का स्कोर बनाया। श्वेता ने स्नेहा सिंह और वाणी कपूर पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जो एक अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अनुभवी नेहा त्रिपाठी और पिछले साल ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता हिताषी बक्शी पार 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

### भारत के खिलाफ हमारे पास मौका : शंटो

**दुबई।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने कहा है कि उनके पास बेहतरीन तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर हैं और वे चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मैच में भारत को हराने के लिए उन पर निर्भर करेंगे।



बांग्लादेश के लिए हालांकि गुरुवार को दो बार के पूर्व चैंपियन भारत का सामना करना आसान नहीं होगा। शंटो ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'भारत के खिलाफ कोई भी मौका बनाने के लिए हमें सभी विभागों में अच्छा खेलना होगा।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम का मुकाबला आज

**शारजाह।** नए खिलाड़ियों से सजी भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम नए मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री के मार्गदर्शन में बृहस्पतिवार को यहां पिंक लेडीज कप में जोर्डन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो में हो रहे इस टूर्नामेंट में रूस और कोरिया भी भाग ले रहे हैं। भारतीय टीम में आशालता देवी और बाला देवी जैसे सीनियर खिलाड़ी नहीं हैं जबकि कुछ युवाओं को मौका दिया गया है।

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल: विदर्भ ने बनाई 260 रन की बढ़त, राठौड़ का अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| नागपुर

यश राठौड़ और अक्षय वाडकर के बीच नाबाद 91 रन की साझेदारी की मदद से विदर्भ ने मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन बुधवार को 260 रन की बढ़त बना ली।

विदर्भ ने मुंबई को 270 रन पर आउट करके पहली पारी में 113 रन की बढ़त ली थी। दूसरी पारी में उसके चार विकेट 56 रन पर गिर गए लेकिन इसके बाद राठौड़ (59) और वाडकर (31) ने पारी को संभाला और स्कोर चार विकेट पर



147 रन तक ले गए। इससे पहले आकाश आनंद ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दूसरा शतक पूरा किया और कोटियान (33) के साथ 69 रन की साझेदारी करके मुंबई को संकट से निकाला। मुंबई ने सात विकेट 188 रन पर गंवा दिए थे।

आनंद ने 67 रन पर खेलना शुरू किया था। उन्होंने 256 गेंद पर 106 रन की अपनी पारी में 11 चौके लगाए। बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ रेखाडे ने कोटियान को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। वहीं आनंद 88वें ओवर में नचिकेत भूते की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देकर लौटे।

**न्यूजीलैंड के विल यंग और लाथम ने बनाया रिकॉर्ड**

# दो शतक से चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज

एजेंसी ▶▶| कराची

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड टीम ने पाकिस्तान गेंदबाजों की क्लास लगाई। कराची के नेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के 2 बल्लेबाजों ने शतक जड़कर खास रिकॉर्ड बना दिया। विल यंग के बाद टॉम लाथम ने 95 गेंदों पर सेंचुरी जड़ दी। यह विल यंग के कॅरियर का 8वां वनडे शतक और पाकिस्तान के खिलाफ पहली वनडे सेंचुरी है। लाथम 104 गेंदों पर 118 रन बनाकर नाबाद रहे।

विल यंग और टॉम लाथम अब चैंपियंस ट्रॉफी में एक टीम इनिंग में कई शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। सबसे पहले यह काम भारत के वीरेंद्र सहवाग और सौरव गांगुली की जोड़ी ने किया था। चैंपियंस ट्रॉफी 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ वीरेंद्र सहवाग ने 126 रन और सौरव गांगुली ने नाबाद 117 रन बनाए थे।

चैंपियंस ट्रॉफी 2006 में क्रिस गेल (101) और ड्वेन ब्रावो (112*) ने इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में सेंचुरी ठोकी थी। चैंपियंस ट्रॉफी 2009 में शेन वॉटसन (136*) और रिकी पोंटिंग (111*) ने इंग्लिश टीम के विरुद्ध सैकड़ा लगाए थे।

# एसी मिलान चैंपियंस लीग से बाहर, जीता बायर्न म्यूनिख



एजेंसी ▶▶| मिलान

एसी मिलान फेयेनूर्ड के खिलाफ प्ले ऑफ मुकाबले के दूसरे चरण में 1-1 से ड्रॉ खेलकर चैंपियंस लीग से बाहर हो गया। नीदरलैंड की टीम फेयेनूर्ड ने कुल स्कोर के आधार पर 2-1 से जीत दर्ज करके अंतिम 16 में जगह बनाई। बायर्न म्यूनिख, क्लब ब्रूग और बेनफिका ने भी क्रमशः सेल्टिक, यूरोपा लीग विजेता अटलांटा और फ्रांस की टीम मोनाको के खिलाफ अपने प्ले ऑफ मुकाबले जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।फेयेनूर्ड ने मिलान के खिलाफ पिछले हफ्ते प्ले ऑफ का पहला चरण 1-0 से जीता था। दूसरे चरण में मिलान ने पहले ही मिनट में सेंटियागो गिमेनेज के गोल की मदद से बढ़त बना रखी थी लेकिन इसके बाद 51वें मिनट में फाउल करने पर थियो हर्नाडेज को दूसरा पीला कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया। मैच के 73वें मिनट में ह्यूगो बुएनो के क्रॉस पर जूलियन केरेंजा ने गोल करके फेयेनूर्ड को बराबरी दिलाई जो नीदरलैंड की टीम को अगले चरण में जगह दिलाने के लिए काफी था।

**OFFICE OF THE SECTERATY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI JABALPUR DIST. JABALPUR**

N.I.T. No/Nirman/ 2024-25 / N-572 JABALPUR dated: 19.02.2025

**Notice Inviting Tender**

Online Percentage Rate E - Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for CONSTRUCTION OF 15 NOS SUNDRY SHOP INCLUDING INTERNAL ELECTRIFICATION IN NEW MATAR/VEGETABLE MANDI YARD JABALPUR **Tender Number: 2025_MPSAM_403866_1 (PAC amount Rs. 120.34 Lakhs).** The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 12.03.2025. Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **https://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in.**

Note:- Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

Secretary
Krishi Upaj mandi Samitti
JABALPUR Distt. JABALPUR

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

लिमिटेड ई-निविदा (सिंगल पैकेट प्रणाली) आमंत्रण सूचना

1. **कार्य का नाम :** मध्य प्रदेश राज्य में पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत भोपाल मंडल के इटारसी से खंडवा खंड (किमी 658 से 704) के बीच 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के लिए ओएचई का निर्माण कार्य। **निविदा सूचना क्र.: केआर/ सीओ/ईल/ईटी-केएनडब्ल्यू/टी/09/25, दिनांक 20/02/25. कार्य समापन की अवधि:** 6(छः) महीना। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,53,28,461/- जीएसटी को छोड़कर। **ईएमडी:** ₹ 2,26,650/- . **आन लाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तथा समय: दि. 27/02/2025 को 15.00** बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि: दि. 27/02/2025 को 15.30** बजे।

2. **कार्य का नाम :** मध्य प्रदेश राज्य में पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत भोपाल मंडल के इटारसी से खंडवा खंड (किमी 704 से 750) के बीच 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के लिए ओएचई का निर्माण कार्य। **निविदा सूचना क्र.: केआर/ सीओ/ईल/ईटी-केएनडब्ल्यू/टी/10/25, दिनांक 20/02/25. कार्य समापन की अवधि:** 6(छः) महीना। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,53,28,461/- जीएसटी को छोड़कर। **ईएमडी:** ₹ 2,26,650/- . **आन लाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तथा समय: दि. 27/02/2025 को 15.00** बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि: दि. 27/02/2025 को 15.30** बजे।

संशोधन / शुद्धिपत्र यदि हो तो केवल आई आर ई पी एस वेबसाइट पर प्रकाशित होगा। **निविदा कागजात के लिए पथ:** आई आर ई पी एस के माध्यम से। मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं होगी।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक /लो.नि.शा./2025/3881 **निविदा आमंत्रण सूचना** मण्डला, दिनांक 19-02-2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_403815_1 दिनांक 19/02/2025 | मण्डला नगर में नर्मदा लोक की विस्तृत कार्य योजना (ड्राईग/डिजाइन सहित) सुपरवीजन एवं क्वालिटी कंट्रोल के साथ तैयार करने हेतु कंसलटेंसी कार्य | 15 दिवस राशि 999000.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 19980.00 | 07/03/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

(गजानन नाफडे)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मण्डला

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला - रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक - 440 / ई-टेंडर/न.पा.नि./2025 **निविदा सूचना** रीवा, दिनांक 17-02-2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनाक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_403541_1 18.02.2025 (FIRST CALL) 437/17.02.20251 | जोन क्रमांक 01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-04 में भीम सेन कुशवाहा के घर के पास से निखिल सेन के घर होकर बागरी जी के घर के पास मेन रोड नाला तक आरसीसी नाली निर्माण का कार्य। | 03 माह रू. 07.52 लाख | रू. 2000.00 रू. 7520.00 | 05/03/2025 18:00 बजे तक |
| 2 | 2025_UAD_403542_1 18.02.2025 (FIRST CALL) 438/17.02.20251 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक - 10 में श्री अमर प्रताप सिंह के घर के पीछे से श्री महेन्द्र पाठक, सोनी जी के घर होकर वर्तमान नाला तक आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण का कार्य। | 03 माह रू. 08.52 लाख | रू. 2000.00 रू. 8520.00 | 05/03/2025 18:00 बजे तक |
| 3 | 2025_UAD_403543_1 18.02.2025 (FIRST CALL) 439/17.02.20251 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-13 में सामुदायिक भवन की मरम्मत एवं शेड निर्माण का कार्य। | 02 माह रू. 03.98 लाख | रू. 2000.00 रू. 3980.00 | 05/03/2025 18:00 बजे तक |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (जोन क्र. 01 व 03)
नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र./सम्पत्ति/जविप्रा/ 7877/2 जबलपुर, दिनांक 19/02/2025

**हस्तांतरण/ मृत्यु उपरांत नामांकन / संपत्ति लीज होल्ड से भूस्वामी अधिकार (फ्री होल्ड) में संपरिवर्तन किये जाने हेतु जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित भूखण्डधारियों द्वारा हस्तांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि के 07 दिवस की अवधि एवं मृत्यु उपरांत नामांकन हेतु एवं संपत्ति के लीजहोल्ड से "भूस्वामी अधिकार (फ्री होल्ड)" में संपरिवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। यदि भू-स्वामी अधिकार (फ्री - होल्ड) में संपरिवर्तन किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि के 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय - जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लाक क्र. 7अ सिविक सेंटर मढाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति में वांछित कार्यवाही कर दी जावेगी, जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**हस्तांतरण / हकत्याग की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र. | यो.कं. | भू.कं. | विक्रेता का नाम एवं पता | क्रेता का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05 | (हाट बाजार) दुकान क्र. 209 | श्री मनोज बैरागी पिता श्री सनपल दास बैरागी पता- 1395-3, शंकर नगर, कटंगा रोड, जबलपुर | श्री कुलदीप अग्रवाल पिता श्री मदन लाल अग्रवाल पता- 764 शिवनगर, दमोहनाका, जबलपुर |
| 2 | 05 | (हाट बाजार) दुकान क्र. 116 | श्री निकित गर्ग पिता श्री मुकेश गर्ग पता- म.नं.599, बी. टी. बंगली गढ़ा, जबलपुर | श्री दीपक श्रीवास्तव पिता स्व. श्री मनमोहन लाल श्रीवास्तव पता- एच- 2/5, नब्बे क्वाटर, विजय नगर, जबलपुर |
| 3 | 14 | भूखण्ड क्र. पी. क्यू. आर. में निर्मित दुकान क्र.एफएफ - 12 | श्री योगीराज सिंह पिता श्री रविन्द्र सिंह पटेल पता-सी-9, कचनार सिटी, ग्राम लमती, जबलपुर | डॉ. श्रुति शर्मा दीक्षित पति डॉ. निकत दीक्षित पता- तुलसी नगर, जबलपुर |
| 4 | 05 | भूखण्ड क्र. आर-42 | श्री सचिन श्रीवास्तव पिता श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव पता- 18/1632, पंजाब नेशनल बैंक कालोनी, चेरीताल, जबलपुर | श्रीमति इशिता जैन पति श्री आदर्श जैन पता- प्लाट नं. 80, शिव नगर कालोनी, दमोह रोड, जबलपुर |

**मृत्यु उपरांत नामांकन की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र. | योजना कं. | भू/भ/दु.क्रं. | आवेदक का नाम पता | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | भूखण्ड क्र. 588 | श्री अशोक कुमार जैन पिता स्व. श्री शीलचंद जैन पता- 588, कमला नेहरू नगर, गढ़ा रोड, जबलपुर | श्री शीलचंद जैन मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |

**भूस्वामी अधिकार (फ्री-होल्ड) में संपरिवर्तन की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र. | आवेदन दिनांक | योजना क्रमांक | संपत्ति क्रमांक | वर्तमान लीजधारी का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23/01/25 | 05 | भूखण्ड क्र. 653 | श्री राकेश कुमार दीक्षित पिता स्व. श्री भगवती प्रसाद दीक्षित पता - 653, जविप्रा, विजय नगर, जबलपुर |
| 2 | 22/01/25 | 05 | भूखण्ड क्र. 1457 | श्रीमति कल्याणी मुखर्जी पति डॉ. श्रीकांत मुखर्जी पता- 1457, जेडीए कालोनी, विजय नगर, जबलपुर |
| 3 | 02/12/24 | 2बी | भूखण्ड क्र. आर-12 | श्रीमति करूणा गर्ग एवं श्री आशुतोष गर्ग पति/पिता श्री दिनेश गर्ग पता- आर-12, जेडीए कालोनी, नेहरू नगर, बाजनामठ, जबलपुर |
| 4 | 10/01/25 | 05 | भूखण्ड क्र.1333 | श्री सन्नी कुमार कुंगानी पिता श्री राज कुमार पता- 1333, विजय नगर, स्कीम नं. 05, जबलपुर |
| 5 | 22/07/24 | 05 | भूखण्ड क्र.1432 | श्री नितीश सिंह परिहार पिता श्री कमल सिंह परिहार पता- 1432, विजय नगर, शैल्वी हास्पिटल के पास, जबलपुर |
| 6 | 16/12/24 | 26 | एलआईजी भवन क्र. 09 | श्री प्रेमचन्द्र नामदेव पिता स्व. श्री बच्ची लाल नामदेव पता- एलआईजी/9, रक्षा नगर कालोनी, बड़ा, पत्थर, रांझी, जबलपुर |

संपदाधिकारी
जबलपुर विकास प्राधिकरण
जबलपुर

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से मु.परि.प्र. (वि.) प.म.रे. कोटा निम्न कार्य के लिए खुली मोहरबंद निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा संख्या एवं कार्य का नाम:** EL-KTT-प्रोजेक्ट-24-PSSA-1R दिनांक 13.02.2025. पश्चिम मध्य रेलवे के डिप्टी सीईई/प्रोजेक्ट, कोटा, बीपीएल और जेबीपी डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में 2x25kV उन्नयन परियोजनाओं के विभिन्न, साइटो/अनुभागों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं (पीएसएस) प्रदान करने के लिए प्रस्ताव (आरएफपी) के लिए अनुरोध। **अनुमानित लागत:** 156663351, **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 10.03.2025 को 15:00 बजे। **वेबसाइट का विवरण तथा पता:** http://www.ireps.gov.in/ मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत) प्रथम तल मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय प.म.रे. कोटा-324002। ऑफर केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किये जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ ले।

उप मु. विद्युत अभियंता (परियोजना), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**

LIC HFL
LIC HOUSING FINANCE LTD

एरिया ऑफिस :- 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर - 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761-2401338, Website: www.lichousing.com

**परिशिष्ट-IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अतः ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500018808 | सुश्री रमा बिरहा और स्वर्गीय श्री मुकेश कुमार बिरघा के सभी ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी पता मकान नंबर 1180/1 द्वारका नगर नगर वार्ड सिंधी गुरुद्वारा के पास जबलपुर एमपी 482001 श्री विनोद (गारंटर) पता मकान नंबर 1180/1 द्वारका नगर नगर वार्ड सिंधी गुरुद्वारा के पास जबलपुर एमपी 482001 | लेआउट प्लॉट नंबर 48 बालाजी प्रीमियम पटवारी हल्का नंबर 75 खसरा नंबर 83/1 का हिस्सा मौजा सुरतलाई पनागर जबलपुर एमपी 482002 क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट | 27.11.2024 / 18.02.2025 | 16,78,474.35 + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 20.02.2025
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

समय पर वेतन न मिलने से कर्मचारियों ने मोर्चा खोला

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हड़ताल, सेवाएं प्रभावित




जबलपुर।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बुधवार को हड़ताल की शुरु हो गई। आउटसोर्स कंपनी हाइट्स से जुड़े करीब 1000 से अधिक कर्मचारी वेतन के मुद्दे पर काम बंद कर गए। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें कई महीनों से समय पर वेतन नहीं मिल रहा है, जिससे अस्पताल की सेवाएं प्रभावित हुईं और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकी बताया जा रहा है की कंपनी ने दोपहर में वेतन भुगतान कर दिया है. लेकिन हड़ताल समाप्ति और जारी रखने को लेकर कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति है।

गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में क्लेरिकल जॉब, सफाई कर्मचारी, सिक्योरिटी, वार्ड बॉय जैसे कई महत्वपूर्ण काम हाइट्स कंपनी द्वारा आउटसोर्स किए गए हैं। इन कर्मचारियों में लगभग 1200 लोग शामिल हैं, जिनमें से अधिकांश अस्पताल की रोजमर्रा की कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हड़ताल के कारण अस्पताल की साफ-सफाई का काम रुक गया, वार्डबॉय अपने कर्तव्यों से अनुपस्थित रहे और मरीजों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। टेक्निकल कार्यों जैसे सोनोग्राफी और एक्सरे की प्रक्रियाओं में भी देरी हुई। इसके अलावा, मरीजों के लिए ओपीडी पर्ची भी नहीं कटी, जिससे अस्पताल में अफरातफरी का माहौल बन गया।

### वेतन के मुद्दे पर नाराजगी

आउटसोर्स कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें हर महीने की 5 तारीख तक वेतन मिलना चाहिए, लेकिन कंपनी उन्हें कभी 15 तारीख, कभी 20 तारीख तक वेतन देती है। वेतन की राशि भी 8,000 से 10,000 रुपए के बीच होती है, जो कर्मचारियों के लिए उनके परिवार का भरण-पोषण करना कठिन बना देती है। एक महिला कर्मचारी ने बताया, मैं किराए के मकान में रहती हूं, और समय पर वेतन न मिलने पर मकान मालिक मुझे परेशान करता है। बच्चों के स्कूल की फीस और घर का राशन लेना भी मुश्किल हो जाता है।

### कंपनी का बयान

कंपनी का कहना है कि वेतन में देरी का कारण शासन से भुगतान की कमी है। कंपनी के मैनेजर, राजदीप कश्यप ने कहा, "शासन की ओर से पिछले 7-8 महीनों से भुगतान नहीं किया गया है। इसलिए, हम अपनी ओर से वेतन का भुगतान कर रहे थे। जब तक शासन से हमें भुगतान नहीं मिलता, तब तक कंपनी अपने खजाने से कर्मचारियों को वेतन नहीं दे सकती।

### मिला वेतन, थमी हड़ताल

कर्मचारी नेता अशोक बाल्मिक ने बताया, आज सुबह से हम हड़ताल पर गए हैं। हमने इसकी सूचना कल ही अधीक्षक महोदय को दे दी थी। हड़ताल के दौरान कंपनी से एक संदेश आया था जिसमें यह बताया गया कि वेतन का भुगतान किया गया है। जानकारी के अनुसार दोपहर में कंपनी ने कर्मचारियों के खाते में वेतन का भुगतान किया, और इसके बाद कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी। हालांकी हड़ताल समाप्ति की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

### समाधान की उम्मीद

डॉ. नवनीत सक्सेना, डीन, मेडिकल कॉलेज ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि इस समस्या का समाधान हो जाएगा और भविष्य में कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलने के साथ अस्पताल की सेवाएं भी बेहतर रहेंगी।




# स्टेशन में ड्यूटी से नदारद मिले 11 रेल पुलिस कर्मी निलंबित

औचक निरीक्षण के बाद रेल एसपी ने की बड़ी कार्रवाई

**जबलपुर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर रेल पुलिस शिमाला प्रसाद ने मंगलवार की रात जबलपुर रेलवे स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान प्लेटफार्म और जीआरपी सहायता केंद्र से नदारद मिले 11 पुलिस कर्मचारियों को निलंबित कर दिया हैं। रेल एसपी ने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर यह कार्रवाई की है। दरअसल रेल एसपी शिमाला प्रसाद ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला के मद्देनजर जबलपुर स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने मंगलवार की रात को आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान रेल एसपी रात्रि में सबसे पहले मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बने जीआरपी सहायता केंद्र पहुंची जहां पर सहायता केंद्र में कोई भी जीआरपी कर्मी उपस्थित नहीं मिला। इसके अलावा प्लेटफार्म नंबर 6 एवं स्टेशन में ड्यूटी के दौरान जीआरपी कर्मचारी अनुपस्थित मिले। गौरतलब है कि स्टेशन में कुंभ यात्रियों की खासी भीड़ इन दिनों आ रही है। लिहाजा सुरक्षा की दृष्टि से स्टेशन में अतिरिक्त जीआरपी कर्मचारियों की तैनाती की गई। लेकिन रात्रि में निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी अपने पॉइंट पर नहीं मिले, जिस पर नाराजगी जताते हुए रेल एसपी ने ड्यूटी से गैरहाजिर मिलें सहायक उप निरीक्षक हरिराम चौधरी प्रधान आरक्षक शकील सिद्दीकी रामनिवास ओझा लक्ष्मण प्रसाद वीरन महोविया आरक्षक रविकांत रजक संजीत शर्मा गोपाल सिंह महिला आरक्षक हेमलता राज बब्बर यादव मनीष यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# शादी समारोह में विवाद पर युवक की हत्या

शक्तिनगर में वारदात से विवाह समारोह में छाया

**जबलपुर।** शहर में चाकूबाजी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही। छोटी छोटी बातों पर चाकू चलने से 24 घंटे के अंदर दूसरी हत्या की वारदात सामने आ गई। अभी एक दिन पहले ही केंट क्षेत्र के सदर इलाके में एक प्लम्बर की हत्या कर दी गई थी अब गढ़ा थाना अतंर्गत शक्तिनगर में विवाह समारोह के दौरान हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। इस वारदात के बाद शादी समारोह का माहौल गमगीन हो गया और परिवार में मातम छा गया।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शक्तिनगर में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने आया अधारताल गायत्री नगर निवासी 24 वर्षीय अभिषेक रजक आया था। लड़की पक्ष के लोगों से दो लड़के विवाद कर रहे थे, जिन्हें समझाने और बीच बचाव करने के लिए अभिषेक वहां पहुंचा, इस दौरान मौके पर मौजूद करण रजक और अर्जुन रजक ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर गढ़ा पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ अभिषेक को मेडीकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना का चश्मदीद गवाह मृतक का भाई शेखर रजक की रिपोर्ट पर पुलिस ने नामदर्ज आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

जांच अधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 3 किलो गांजे के साथ पकड़ा गया तस्कर

**जबलपुर।** पाटन पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने गत रात पाटन सकरा रोड पर मन्नी मोड़ के पास मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 किलो 888 ग्राम गांजा एवं नगद 1 हजार 500 रुपए जब्त किए है। पाटन थाना प्रभारी नवल सिंह ने बताया कि गत रात क्राईम ब्रांच की टीम और पाटन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पाटन सकरा रोड पर मन्नी मोड़ के पास गांजा बेचने की फिराक में मन्नी महगंवा थाना पाटन निवासी 50 वर्षीय बसंत तिवारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगद 1 हजार 500 रुपए तथा 3 किलो 888 ग्राम गांजा जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# वेयर हाउस प्रबंधक और ऑपरेटर को रिश्वत लेते दबोचा

## तिलसानी में लोकायुक्त की कार्रवाई

जबलपुर।

कुण्डम के ग्राम तिलसानी वेयर हाउस में अपने सहयोगी के माध्यम से 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन के ब्रांच मैनेजर प्रदीप पटले पर लोकायुक्त पुलिस ने कार्रवाई की और रंगे हाथों रिश्वत लेते सहयोगी कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेश बिसेन को भी सह आरोपी बनाया। रिश्वत की रकम उसी के पास से मिली। रांझी स्थित एक वेयर हाउस में 100 क्विंटल गेहूं कम निकलने पर 92 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी और ऐसा नहीं करने पर वेयरहाउस को ब्लैक लिस्ट करने की धमकी दी थी।



लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने ईएमएस को बताया कि रांझी स्थित गुरुनानक वेयर हाउस में 100 क्विंटल गेंहू कम पाए जाने पर वेयर हाउस संचालक दमनीत सिंह भसीन से वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन में पदस्थ ब्रांच मैनेजर प्रदीप पटले ने 92 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी, साथ ही यह धमकी दी थी कि कमती पाए गए गेंहू की पूर्ति नहीं दी गई तो उनके वेयर हाउस को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। रिश्वत मांगे जाने की शिकायत होने पर लोकायुक्त की टीम ने शिकायत के बाद बुधवार को वेयर हाउस संचालक रिश्वत की पहली किश्त 50 हजार रुपए लेकर दोपहर के वक्त तिलसानी तहसील कुण्डम स्थित वेयर हाउस पहुंचा. जहां पर प्रदीप पटले के कहने पर सहयोगी कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेश बिसेन को 50 हजार रुपए दिए. तभी लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथों दबोच लिया। ट्रैप दल पे डीएसपी दिलीप झरबड़े, निरीक्षक नरेश बेहरा, कमल सिंह उइके, जितेंद्र यादव, व अन्य कर्मचारी शामिल थे।

## गोंदिया-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 23 और24 को चलेगी

**जबलपुर।** महाकुम्भ के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गोंदिया-टुंडला-गोंदिया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप के लिए चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के दोनों दिशाओं में कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी। गाड़ी संख्या 08869 गोंदिया-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 23 फरवरी को गोंदिया स्टेशन से सुबह 08:20 बजे प्रस्थान कर, कटनी रात 19:55 बजे, मैहर 21:20 बजे, सतना रात 22:10 बजे एवं अगले दिन प्रयागराज छिवकी मध्य रात्रि 02:05 बजे पहुँचकर अन्य स्टेशनों से होते हुए और सुबह 09:30 बजे टुंडला स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08870 टुंडला-गोंदिया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 24 फरवरी को टुंडला स्टेशन से सुबह 11:30 बजे प्रस्थान कर, प्रयागराज छिवकी सायं 18:50 बजे एवं अगले दिन सतना मध्य रात्रि 00:35 बजे, मैहर 01:00 बजे, कटनी 02:10 बजे पहुँचकर अन्य स्टेशनों से होते हुए और दोपहर 15:20 बजे गोंदिया स्टेशन पहुंचेगी।

### सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस 28 फरवरी तक निरस्त

**जबलपुर।** प्रयागराज महाकुंभ में चल रही स्पेशल ट्रेनों के कारण कई ट्रेने प्रभावित हो रही है। इसमें पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद एवं दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेनें निरस्त कर दी गई। गाड़ी संख्या 12791/12792 सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस दोनों दिशाओं में दिनांक 19 फरवरी से 28 फरवरी तक निरस्त रहेगी। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है।

## लालमाटी में मजदूर के घर में भीषण आग

**जबलपुर।** घमापुर के लालमाटी इलाके में एक मजदूर के घर में बीती रात भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसके घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। अब स्थिति यह है कि मजदूर के पास न तो सोने के लिए बिस्तर बचा है, और न ही खाने के लिए कोई अन्न। घटना के वक्त मजदूर, राजेश कुमार, घर से बाहर गए हुए थे। उन्होंने बताया कि वह घर में अकेले रहते हैं। रात करीब 8 बजे भोजन करने के बाद उन्होंने घर का ताला बंद कर मोहल्ले में घूमने चले गए। जब वे एक दुकान पर बैठे थे, तभी एक स्थानीय लड़का दौड़ते हुए आया और उन्हें बताया कि उनके घर में आग लग गई है। इसके बाद राजेश कुमार तुरंत घर की ओर दौड़े और जैसे ही वह घर पहुंचे, आग की लपटें उठ रही थीं। मोहल्ले के अन्य लोग भी जल्द ही वहां पहुंचे और सबने मिलकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, तब तक घर में रखा लगभग 20-22 हजार रुपये नगद और सारा सामान जलकर राख हो चुका था। इस अग्निकांड में दो से तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# ग्राम पंचायत अधिनियम के अंतर्गत करो कार्रवाई

## लोकायुक्त की कार्रवाई के बावजूद निलंबित न किए जाने का प्रकरण

जबलपुर।

**हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकल पीठ ने लोकायुक्त की कार्रवाई के बावजूद सरपंच को निलंबित करते हुए वित्तीय अधिकार न छीने जाने के आरोप संबंधी याचिका को गंभीरता से लिया।**



इसी के साथ ग्राम पंचायत अधिनियम की धारा-40 के अंतर्गत कार्रवाई के निर्देश दे दिए। यह जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, छतरपुर को दिए गए हैं। याचिकाकर्ता ग्राम रामटोरिया, छतरपुर निवासी महेंद्र प्रताप लोधी की ओर से अधिवक्ता रत्नभारत तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि ग्राम पंचायत रामटोरिया, छतरपुर की सरपंच बबली आदिवासी के विरुद्ध ग्राम पंचायत अधिनियम की धारा-40 के तहत कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छतरपुर को जारी किए जाने चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि सरपंच ने याचिकाकर्ता से रोजगार गारंटी के तहत किए गए नलकूप निर्माण के भुगतान पत्रक पर हस्ताक्षर करने के एवज में पैसों की मांग की थी। जिसकी शिकायत 18 अक्टूबर, 2024 को लोकायुक्त में की गई। जिसके बाद लोकायुक्त टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही भ्रष्टाचार अधिनियम के अंतर्गत एफआइआर पंजीबद्ध कर ली थी। इसके बावजूद कलेक्टर छतरपुर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सरपंच के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं की। इसीलिए न्यायहित में हाई कोर्ट आना पड़ा।

## हाई कोर्ट ने पुलिस सुरक्षा के बीच अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने कटनी के ग्राम झलवारा में अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के दौरान सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिएगए हैं। याचिकाकर्ता कटनी निवासी ओम प्रकाश सोनी की ओर से अधिवक्ता अभिषेक सोनी व हिमांशु सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि हरछटी गराड़ी व उसके परिजनों द्वारा ग्राम पंचायत सचिव के साथ मिल कर याचिकाकर्ता की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वहां निर्माण भी कराया जा रहा है। तहसीलदार ने चार मार्च, 2022 को कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। तहसीलदार के उक्त आदेश पर स्थगन भी नहीं है, इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

### अवैध हथियार सहित पकड़े जाने पर सजा

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने अवैध हाथियार सहित पकड़े जाने के आरोपित बरगी निवासी राजा चक्रवर्ती का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ एक वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही दो सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विशाल सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 13 अक्टूबर, 2020 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखने पर पाया गया कि आरोपित धारदार बका चमका रहा है। वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस को देखते ही भागने लगा। लिहाजा, घेराबंदी का गिरफ्तार कर लिया गया।

# डुमना एयरपोर्ट के अधिभारों में छूट की गुंजाइश को लेकर मांगा जवाब

## ऐसा इसलिए ताकि घाटे की आशंका से ग्रस्त फ्लाइट कंपनियों को आकर्षित किया जा सके

जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने डुमना एयरपोर्ट के अधिभारों में छूट की गुंजाइश को लेकर जवाब मांगा है। इस सिलसिले में केन्द्र व राज्य शासन और एयरपोर्ट अथार्टी आफ इंडिया को निर्देश दिए गए हैं। ऐसा इसलिए ताकि घाटे की आशंका से ग्रस्त फ्लाइट कंपनियों को आकर्षित किया जा सके। मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च को नियत की गई है। बुधवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डा. पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। इस दौरान अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जनहित याचिका की मूल मंशा जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के दिशा-निर्देश जारी करने की है। इसी सिलसिले में पूर्व में हाई कोर्ट ने एयर इंडिया से जवाब मांगा था। जिसकी ओर से अधिवक्ता अल्हाद नरसिंह कुलकर्णी द्वारा प्रस्तुत जवाब में साफ किया जा चुका है कि विस्तृत सर्वे करने के बाद कंपनी जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने में असमर्थ है।



### कंपनियां अधिभार की अधिकता के कारण नहीं कर पा रहीं हिम्मत

अधिवक्ता उपाध्याय ने दलील दी गई कि डुमना एयरपोर्ट में वर्तमान में जो चार्ज लगाया जाता है, वह अपेक्षाकृत अधिक है। यदि यहां से फ्लाइट सेवा प्रारंभ करने वाली कंपनियां इस चार्ज की अदायगी करेंगी तो मुनाफा कम नुकसान अधिक होगा। दरअसल, इसीलिए वे दूरी बना चुकी हैं। अंततः इसका खामियाजा नागरिकों को उठाना पड़ रहा है।

### क्या है मामला :

जनहित याचिकाकर्ता के अनुसार जबलपुर में अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट हैं। पूर्व में जबलपुर से मुम्बई, पुणे, कोलकाता, बेंगलुरू आदि शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती थी। जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर तथा भोपाल के सामान थी। फ्लाईट के लगातार बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में जबलपुर से औसतन 15 फ्लाइट संचालित होती थीं। वर्तमान में घटकर इनकी संख्या पांच हो गई है। इससे जबलपुर का विकास अवरुद्ध हो रहा है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान इंडिगो विमान कंपनी ने अपना जवाब पेश कर दिया था। पिछली सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने एयर इंडिया एक्सप्रेस को अनावेदक बनाते हुए नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा गया था। उक्त नोटिस के परिप्रेक्ष्य में कंपनी द्वारा पेश जवाब में कहा गया है कि उनके द्वारा देश के 45 हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन होता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

10 हजार गौवंशों को मिलेगा आश्रय

# बेसहारा एवं निराश्रित गौ-वंशों की देखभाल की जिम्मेदारी सरकार की : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उमरिया में किया अत्याधुनिक गौशाला का भूमिपूजन

जबलपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर के ग्राम उमरिया पहुंचकर 53 एकड़ में बनाई जा रही गौशाला परियोजना के पहले चरण का भूमिपूजन किया। इसके अतिरिक्त जिले के 187.43 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो का लोकार्पण तथा भूमि-पूजन भी किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलन और संतों को पुष्प माला पहनाकर किया। कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-माता का पूजन एवं नमन कर उन्हें आत्मीय भाव से गौ-आहार खिलाया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह, पशुपालन मंत्री लखन सिंह पटेल, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री नागर सिंह चौहान मौजूद थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संतो की नगरी जबालीपुरम आज धन्य हुई है। यह आनंद का धाम बना है। जिले में अत्याधुनिक गौ-शाला बनाये जाने की नीव रखी गई है। उन्होंने कहा कि गौ-संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार की नीति अनुसार कहीं भी गौ-माता को लावारिस-निराश्रित नहीं रहने दिया जायेगा। प्रदेश के बड़े महानगरों की तरह अन्य बड़ी नगर निगम एवं नगर पालिकाओं में गौ-शालाओं का निर्माण कर इनकी क्षमताओं को 10 हजार तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा।

### हर गौवंश के लिये 40 रुपये प्रतिदिन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासकीय स्तर पर गौ-शालाएं खुलेगी, जिनमें अधिक आयु की निराश्रित, अशक्त गौ-वंशों की देखभाल की जिम्मेदारी सरकार की होगी। जिससे सड़क पर विचरण करने वाले लावारिस एवं निराश्रित गौ-वंशों को आश्रय प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गौ-शालाओं के प्रत्येक गौ-वंश के लिए 40 रूपये प्रतिदिन दिये जा रहे हैं। साथ ही साथ घर-घर तक गौ-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए 10 से अधिक गौ-वंश पालने वाले व्यक्ति को शासन की ओर से अनुदान दिया जायेगा। जो भी गौ-वंश का पालन करता है वह गोपाल और जिसके घर में गाय का कुल वह गोकुल कहलाता है।









### इन कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 187.43 करोड़ की लागत से जिले के 14 लोकोपयोगी कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। जिसमें 4.07 करोड़ की लागत से बने कुंडम के बंजर में आदिवासी सीनियर छात्रावास भवन, 1.16 करोड़ की लागत से सिहोरा में अनुविभागीय राजस्व कार्यालय भवन, 4.72 करोड़ की लागत से पनागर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 8 ग्रामों में नलजल योजना का निर्माण, 1.06 करोड़ की लागत से पाटन के दो ग्रामों में नलजल योजना का निर्माण, 3.09 करोड़ की लागत से बरगी के तीन ग्रामों में नलजल योजना का निर्माण, 3.32 करोड़ की लागत से सिहोरा के 6 ग्रामों में नलजल योजना का निर्माण, 12.87 करोड़ की लागत से मंझौली में जल प्रदाय, 68.09 करोड़ की लागत से सिहोरा में जल प्रदाय, 26.80 करोड़ की लागत से केंट में तीरंदाजी अकादमी का निर्माण, 1.50 करोड़ की लागत से पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 6 आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का निर्माण का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार नगर निगम क्षेत्र उमरिया में 10 करोड़ की लागत से गौशाला का निर्माण, 43 करोड़ की लागत से जबलपुर मंडला मार्ग के अंतर्गत जबलपुर में पेंटीनाका चौक पर फ्लाई ओव्हर का निर्माण कार्य, 6.17 करोड़ की लागत से जबलपुर में 100 सीटर श्रमिक विश्राम गृह का निर्माण कार्य व 1.59 करोड़ की लागत से सुकरी में बालिका छात्रावास निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संत समुदाय से स्वामी अखिलेश्वरानंद, नरसिंह देवाचार्य, राघव देवाचार्य, चेतन्यानंद, गिरीशानंद, बालगोविंदाचार्य, रामानुजाचार्य, स्वामी पगलानंद, साधवी मैत्रीय दीदी की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मिकी एवं आशीष दुबे, विधायक सर्व अभिलाष पांडे, संतोष बरकड़े, नीरज सिंह ठाकुर, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकरण साहू, रत्नेश सोनकर, राजकुमार पटेल, कमिश्नर अभय वर्मा, आईजी अनिल कुशवाह, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जन समुदाय मौजूद था।



# मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे कांग्रेस पार्षद गिरफ्तार

## निगम मुख्यालय में रहा पुलिस का पहरा

जबलपुर।

नगर निगम में वित्तीय संकट के चलते नगर विकास के कार्य प्रभावित होने के संदर्भ में मुख्यमंत्री से चर्चा के लिये, कांग्रेस पार्षद दल को समय नहीं मिलने से नगर निगम परिसर में एकत्रित कांग्रेस पार्षदों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

बताया गया है कि नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने मुख्यंत्री से मिलने के लिये कलेक्टर जबलपुर से मांग की थी. पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को मिलने की अनुमति दी गई थी, लेकिन कांग्रेस पार्षद दल सभी 28 पार्षदों से मिलने चाह रहा था. प्रशासन ने चर्चा कर अनुमति दिलाने का आश्वासन दिया. सभी कांग्रेस पार्षद निगम मुख्यालय में एकत्रित थे, इस बीच नगर निगम के दोनों गेट पर ताला लगाकर पुलिस ने कांग्रेस पार्षदों की घेराबंदी की और उन्हें निकलने नहीं दिया।

जैसे तैसे मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते गेट से बाहर आए वैसे ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और माढोताल थाने ले गई. वहां कांग्रेस पार्षदों को बैठाए रखा।

मुख्यमंत्री के जबलपुर से रवाना होने के बाद पार्षदों को रिहा किया गया। गिरफ्तारी देने वालों में नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा, आयोध्या तिवारी, हर्षित यादव, संतोष पंडा, सतेन्द्र चौबे, गुड्डू नबी, गुड्डू तामसेतवार आदि शामिल रहे।

# गरीब युवा अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण पर फोकस

## केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने बजट संगोष्ठी में किया प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित

जबलपुर।

केन्द्रीय बजट ऐतिहासिक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। देश की अर्थव्यवस्था के नये आयाम को स्वरूप देगा। केंद्रीय बजट संपूर्ण भारत के समग्र विकास की परिकल्पना को साकार करने वाला है। केंद्र सरकार के बजट में देश के हर वर्ग व हर क्षेत्र के विकास व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रावधान किए गए हैं, यह बात केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी जबलपुर द्वारा आयोजित बजट संगोष्ठी में प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करते हुए शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में कही।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष श अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, प्रदेश मंत्री श्रीमती नंदनी मरावी, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकिरण साहू, नगर निगम रिकूंज विज मंचासीन थे।

केंद्रिय मंत्री श्री चौधरी ने कहा केंद्र सरकार का यह बजट प्रधानमंत्री के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को चरितार्थ करने वाला बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री ने चार जातियां जिन्हें ज्ञान कहा जाता है, यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के विकास, कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा बजट बनाना अपने में कठिन टास्क होता है, बजट के वाले 8 माह पहले इसकी तैयारी करना होती है। बजट तो देश का बनता है पर देश के साथ ही दुनिया की गतिविधियों को भी ध्यान में रखना होता है।

# पुरानी रंजिश पर युवक के साथ मारपीट

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत अमखेरा पेट्रोल पम्प टेक के पास पुरानी रंजिश और शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर चना खा रहे एक युवक से दो बदमाशों ने गालीगलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमखेरा खेरमाई मंदिर के पास निवासी 34 वर्षीय सुरेंद्र यादव गत रात लगभग 10.30 बजे जागृति नगर में टीवी बनाने वाले मिस्त्री की दुकान से लौटकर वापस अपने घर अमखेरा जा रहा था। अमखेरा पेट्रोल पंप टेक के पास चना ठेला से चना लेकर खा रहा था तभी वहां पर अमखेरा निवासी अन्नू कोरी, सईया कोरी दोनों पुरानी रंजिश पर और शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगे। पैसे देने से मना करने पर अन्नू कोरी ने उसे पकड़ लिया तथा सईया कोरी ने उसके सिर नाक गाल में हमलाकर चोटें पहुंचा दी तथा दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# सड़क किनारे खड़े लोडिंग आटो में लगा दी आग

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत बीटी तिराहा मिश्रा कम्पाउण्ड के सामने रोड़ किनारे खड़े एक लोडिंग आटो में एक बदमाश ने आग लगा दी जिससे वही पास में खड़ी एक कार के पीछे के हिस्सा भी जल गया। पुलिस ने आग लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्ला नगर बीटी तिराहा निवासी 22 वर्षीय लोडिंग आटो चालक शुभम लोधी ने अपना लोडिंग छोटा हाथी टाटा एस क्रमांक एमपी 20 जेड जी 5725 वाहन काम होने के बाद रात में बीटी तिराहा मिश्रा कम्पाउण्ड के सामने रोड़ किनारे खड़ा किया और घर चला गया। देर रात लगभग 2 बजे उसे सूचना मिली कि उसके वाहन में 27 वर्षीय अंबिका सिंगरहा ने आग लगा दी है। सूचना मिलने पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग बुझाई। आग लगने से लगभग 5 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। वहीं पर एक कार क्रमांक एमपी 20 सीए 8139 खड़ी थी जिसका पीछे का हिस्सा जल गया है।

## जाम और हादसों की बढ़ती समस्या पर सवाल

# कचरा गाड़ी और स्कूल बस की भिड़ंत

जबलपुर।

बुधवार दोपहर करीब 2 बजे रद्दी चौकी बहोराबाग के पास डा. मकसूदा अंसारी अस्पताल के सामने एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जब नगर निगम की कचरा गाड़ी और एक स्कूल बस आपस में टकरा गई। इस जोरदार भिड़ंत से स्कूल बस के सामने का कांच चकनाचूर हो गया, जबकि कचरा गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के वक्त स्कूल बस में कम उम्र के बच्चे सवार थे, जो हादसे के बाद बुरी तरह घबरा गए। हालांकि गनीमत रही कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई।हादसे के बाद जाम की स्थिति बन गई, लेकिन स्थानीय लोगों की सूझबूझ से यातायात व्यवस्था को जल्द ही दुरुस्त किया गया। इस घटना के बाद एक बार फिर बहोराबाग क्षेत्र की बिगड़ी यातायात व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। यह पहला मौका नहीं था जब यहां इस तरह के हादसे हुए हों। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में इस इलाके में कई हादसे हो चुके हैं, और उनका मानना है कि इसके पीछे बहोराबाग चौराहे पर लगे बैरिकेट्स मुख्य कारण हैं। बैरिकेट्स की वजह से गाड़ियों को यूटर्न मारना पड़ता है, जिससे टक्कर की घटनाएं बढ़ रही हैं।

### रांग साईड से घुसते हैं

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बैरिकेट्स की वजह से लोग रॉन्ग साइड से गाड़ियां चलाते हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। बहोराबाग से रद्दी चौकी तक जाम का असर देखा जा सकता है। बुधवार के हादसे के बारे में उन्होंने कहा कि सड़क पर भारी दबाव था और जेसीबी द्वारा सड़क किनारे खुदाई का काम हो रहा था, जिसके चलते जाम और बढ़ गया। इस कारण कम जगह में स्कूल बस और कचरा गाड़ी एक साथ निकलने की कोशिश कर रही थीं।

# अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन का विरोध, शुक्रवार को वकीलों की हड़ताल

## अधिवक्ता संघों की संयुक्त बैठक में लिया गया निर्णय

**जबलपुर।** अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन के विरोध में जबलपुर के वकील आक्रोशित हो गए हैं। बुधवार को अधिवक्ता संघों की संयुक्त बैठक में शुक्रवार, 21 फरवरी को हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया गया। लिहाजा, वकील न्यायिक कार्य से विरत रहकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिवाद दिवस मनाएंगे। इस दौरान कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन भी सौपेंगे।

यह जानकारी हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के सचिव अधिवक्ता परितोष त्रिवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट बार के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में हाई कोर्ट बार, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार व जिला बार एसासिएशन कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक आहूत हुई। इस दौरान हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन ने हड़ताल का प्रस्ताव रखा। जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा सहित अन्य ने इसका समर्थन किया। सबने अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधेयक-2025 के प्रविधानों को अधिवक्ता विरोधी निरूपित किया। विस्तृत चर्चा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि यदि संशोधन का विरोध नहीं किया गयाा तो ऐसा अधिनियम अस्तित्व में आ जाएगा, जिसके कारण अधिवक्ताओं की स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक वकालत घर कुठाराघात होगा। इसीलिए प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके संबंध में हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश को पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। साथ ही अपेक्षा की गई है कि हड़ताल के दौरान पक्षकारों के प्रकरणों में

## भारत के समग्र विकास की परिकल्पना को साकार करेगा केंद्रीय बजट : चौधरी

# जबलपुर में 147 करोड़ से बनेगा बॉटलिंग प्लांट

**जबलपुर। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने यहां कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा। केंद्रीय बजट में संपूर्ण भारत के समग्र विकास की परिकल्पना की गई। श्री चौधरी अपने जबलपुर प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जबलपुर में लगभग 147 करोड़ रुपये की लागत से बॉटलिंग प्लांट बनाया जाएगा।**

इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महापौर जगतबहादूर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकिरण साहू उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने पत्रकार चर्चा के दौरान कहा कि केंद्रीय बजट चार प्रमुख इंजनों द्वारा संचालित है। ग्रामीण समृद्धि के लिए कृषि, उद्यमिता और रोजगार सृजन के लिए




एम.एस.एम.ई, बुनियादी ढांचे और नवाचार के लिए निवेश, और वैश्विक प्रतिस्पर्धा व आर्थिक वृद्धि के लिए निर्यात। यह बजट छह प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, अर्थात कराधान, ऊर्जा क्षेत्र, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र, नियामक सुधार और खनन। उन्होंने कहा इस बजट का लक्ष्य एक व्यापक छह-आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसमें विकास को गति देना, समावेशी विकास को सुरक्षित करना, भारत के मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाना, निजी क्षेत्र के निवेश को प्रेरित करना और घरेलू भावना को सशक्त करना शामिल है।

### जबलपुर में फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाले 5 कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** फर्जी जाति प्रमाण पत्र का उपयोग करके नौकरी करने वाले पांच शासकीय कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। रांझी कार्यालय सहायक ग्रेड 3 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर मामले की जांच शुरू की गई है। जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर दर्ज एफआईआर में मुकेश बर्मन, दिलीप कुमार, सूरज सिंह, अर्चना दहिया और अंकित अग्रवाल के खिलाफ शासन के साथ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। इन कर्मचारियों ने 2022-2023 के दौरान फर्जी जाति प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कर सरकारी नौकरी प्राप्त की थी। शिकायत मिलने के बाद कर्मचारियों के दस्तावेजों की जांच की गई, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। अब अधिकारी मामले की जांच में जुटे हुए हैं। यदि जांच में आरोप सही साबित होते हैं, तो इन कर्मचारियों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# एमजी विंडसर बनी भारत की बेस्ट सेलिंग इलेक्ट्रिक कार, 15 हजार यूनिट का आंकड़ा पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण एमजी विंडसर ईवी है। विंडसर ने अपने लांच के बाद से लगातार बेस्टसेलिंग ईवी का खिताब अपने नाम किया है। अब जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने घोषणा की है कि एमजी विंडसर ईवी ने 15,000 यूनिट का प्रोडक्शन माइलस्टोन पार कर लिया है।

- अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक लगातार भारत की नंबर 1 इलेक्ट्रिक कार रही

एमजी विंडसर ईवी बीते अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक लगातार भारत की नंबर 1 इलेक्ट्रिक कार रही है। विंडसर को हर दिन लगभग 200 बुकिंग्स मिल रही हैं, जिससे इसकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। कंपनी ने गुजरात के हलोल स्थित मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में विंडसर ईवी की कुल 15,000 यूनिट्स का उत्पादन पूरा कर लिया है।

## कंपनी ने बेस्टसेलिंग ईवी का खिताब अपने नाम किया

### एमजी विंडसर की कीमत और खासियत

एमजी विंडसर ईवी की मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 14 लाख रुपए से शुरू होकर 16 लाख रुपए (बैटरी के साथ) तक जाती है। इस इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर की सिंगल चार्ज रेंज 331 किलोमीटर तक की है। भारतीय ग्राहकों ने कीमत, फीचर्स और लग्जरी एक्सपीरियंस के कारण विंडसर ईवी को पसंद किया है। इसके अलावा बैटरी को अलग से लीज पर लेने का ऑप्शन, निश्चित समय के बाद कार को वापस बेचने की गारंटी और लाइफटाइम वॉरंटी की सुविधा लोगों को पसंद आ रही है।



### एमजी सेलेक्ट ब्रैंड के जल्द आ रहे हैं दो नए मॉडल

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया अपने पोर्टफोलियो को और डाइवर्सिफाई कर रही है और जल्द ही प्रीमियम ब्रैंड एमजी सेलेक्ट के तहत एमजी सेयबेस्टर नाम से एक फ्यूचरिस्टिक इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार और प्रीमियम एमपीवी सेगमेंट में एमजी एम9 लिमोजीन लांच करने जा रही है। इन दोनों मॉडल की कीमत का खुलासा आने वाले महीनों में कर दिया जाएगा।

### फरवरी में घट सकता है उत्पादन

एमजी मोटर अपनी हलोल फैसिलिटी को अपग्रेड कर रही है, जिससे फरवरी 2025 में प्रोडक्शन धीमा रहेगा। यह कदम एमजी विंडसर ईवी की बढ़ती डिमांड को पूरा करने और नई एमजी सेलेक्ट सीरीज की तैयारी के लिए उठाया गया है। हलोल प्लांट में कुछ मॉडिफिकेशन किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शिवाजी जयंती पर विदेशी मुद्रा बाजार रहा बंद



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा बाजार 'छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती' के मौके पर बुधवार को बंद रहेगा। रोज की तरह बाजार में बुधवार को फिर कारोबार शुरू होगा। भारतीय शेयर बाजार में रोज की तरह बुधवार को शेयरों में हुआ कारोबार।

### मित्तल परिवार ने एयरटेल के 8485 करोड़ के शेयर बेचे



**नई दिल्ली।** सुनील भारती मित्तल के परिवार की होल्डिंग कंपनी इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने बाजार लेनदेन के जरिये एयरटेल के करीब 8,485.11 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। भारती एयरटेल की प्रवर्तक फर्म भारती टेलीकॉम ने थोक सौदे में आईसीआईएल द्वारा बेची गई कुल बिक्री का लगभग 24 प्रतिशत हिस्सा या 1.2 करोड़ शेयर खरीदे। सिंगापुर की दूरसंचार कंपनी सिंगटेल के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

### मवाना शुगर्स के प्रवर्तक को राशि वापस करने का आदेश



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मवाना शुगर्स के एक प्रवर्तक को कंपनी की प्रतिभूतियों में भेदिया कारोबार के जरिए प्राप्त 6.17 करोड़ रुपये वापस करने का निर्देश दिया। यह आदेश तब आया जब सेबी ने सितंबर 2017 से फरवरी 2018 की अवधि के लिए मवाना शुगर्स लिमिटेड के प्रवर्तक और विशेष सलाहकार सिद्धार्थ श्रीराम की ट्रेडिंग गतिविधियों की जांच की।

### इस साल कर्मचारियों का वेतन 9.2 फीसदी बढ़ेगा



**नई दिल्ली।** अग्रणी वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन पीएलसी ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितता और नरम वृद्धि के बीच भारत में इस साल कर्मचारियों के वेतन में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। सर्वे 2024-25 के अनुसार, बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच, भारत एक स्थिर वृद्धि की ओर अग्रसर है और देश में वेतनवृद्धि 2025 में स्थिर रहने की उम्मीद है।

### हेक्सावेयर टेक का शेयर 5% बढ़कर सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** प्रमुख निजी इक्विटी कंपनी कार्लाइल समूह समर्थित हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 708 रुपये से पांच प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 3.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 731 रुपये पर शुरुआती की। बाद में यह 10.16 प्रतिशत चढ़कर 780 रुपये पर पहुंच गया।

### पहले 10 माह में डीओसी निर्यात नौ प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** भारत का डी-आयल्ड केक (डीओसी) का निर्यात चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान नौ प्रतिशत घटकर 36 लाख टन रह गया है। इस गिरावट का कारण रैपसीड डीओसी और अरंडी डीओसी के निर्यात की खेप का घटना है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जनवरी की अवधि के दौरान, कुल डीओसी का निर्यात 36,03,030 टन का हुआ, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 39,74,351 टन था।

## भारत की अर्थव्यवस्था को घरेलू कारकों से गति मिल रही


# अमेरिका के जवाबी शुल्क का भारत की अर्थव्यवस्था पर नहीं होगा असर: एसएंडपी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के जवाबी शुल्क का भारत पर कोई खास प्रभाव नहीं होगा। इसका कारण यह है कि अर्थव्यवस्था को घरेलू कारकों से गति मिल रही है जबकि निर्यात पर निर्भरता कम है।*

एशिया-प्रशांत एसएंडपी ग्लोबल के सॉवरेन और इंटरनेशनल पब्लिक फाइनेंस रेटिंग के निदेशक यीफर्न फुआ ने यह भी कहा कि भारत अगले दो साल में 6.7 से 6.8 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट अगले कुछ वर्षों के लिए वृद्धि को बढ़ावा देगा।

- देश की निर्भरता अब निर्यात पर कम है
- भारत अगले दो साल में 6 .8 फीसदी की जीडीपी दर हासिल करेगा
- बजट वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि को बढ़ावा देगा



### करदाताओं को कर मोर्चे पर राहत

मुख्य रूप से करदाताओं को कर मोर्चे पर राहत के माध्यम से घरेलू मांग और जीडीपी की वृद्धि अब 'टिकाऊ स्तर' पर सामान्य स्थिति में आ रही है। उन्होंने कहा, ''सरकार निवेश-आधारित वृद्धि और कृषि क्षेत्र में सुधारों पर अधिक अधिक ध्यान दे रही है। हालांकि, हमें लगता है कि महामारी के बाद पिछले तीन वर्षों में वृद्धि दर औसतन 8.3 प्रतिशत होने के बाद भारत में जीडीपी वृद्धि दर अधिक टिकाऊ होती जा रही है।''

### राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी

फुआ ने कहा, ''फिलहाल, हमारा अनुमान है कि उपभोक्ता खर्च और सार्वजनिक निवेश अगले दो साल में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर को 6.7 से 6.8 प्रतिशत के आसपास बनाए रखेंगे। आर्थिक वृद्धि की ये दरें, भले ही पहले की तुलना में कम हैं, लेकिन समान आय स्तरों पर भारत को अपने समकक्ष देशों से ऊपर बनाये रखेंगी। हमारा मानना है कि आयकर में कटौती के बावजूद राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी।

### राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी

फुआ ने कहा, ''फिलहाल, हमारा अनुमान है कि उपभोक्ता खर्च और सार्वजनिक निवेश अगले दो साल में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर को 6.7 से 6.8 प्रतिशत के आसपास बनाए रखेंगे। आर्थिक वृद्धि की ये दरें, भले ही पहले की तुलना में कम हैं, लेकिन समान आय स्तरों पर भारत को अपने समकक्ष देशों से ऊपर बनाये रखेंगी। हमारा मानना है कि आयकर में कटौती के बावजूद राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी।

### अमेरिका को निर्यात में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी अधिक


भारत पर अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर, फुआ ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब भी काफी हद तक घरेलू उन्मुख है। साथ ही अमेरिका को जो निर्यात हो रहा है, उसमें सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी अधिक है, जिसमें शुल्क वृद्धि की संभावना कम है।

### भारत की निर्यात पर निर्भरता ज्यादा नहीं

फुआ ने कहा, ''भारत की वृद्धि के लिहाज से निर्यात पर निर्भरता ज्यादा नहीं है। इसलिए, मुझे लगता है कि अमेरिकी शुल्क का प्रभाव कमोबेश सीमित होगा। वस्तुओं के मामले में जिन क्षेत्रों पर अधिक शुल्क लग सकता है उनमें आभूषण, औषधि, कपड़ा और रसायन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत से औषधि पर अधिक शुल्क नहीं लगा सकता है क्योंकि इससे उसके अपने देश में स्वास्थ्य देखभाल की लागत बढ़ जाएगी।

# घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ हुआ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 28 अंक व निफ्टी 12 अंक के नुकसान में रहा

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को मामूली गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स 28 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 12 अंक नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 28.21 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,939.18 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 12.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 22,932.90 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस दो-दो प्रतिशत नीचे आए। इसके अलावा, मुख्य रूप से हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, सन फार्मा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी गिरावट रही। लाभ में रहने वाले शेयरों में जोमैटो करीब पांच प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी), एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक भी मुनाफे में रहे।

*बाजार सीमित दायरे में रहा*
*जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''मानक सूचकांक सीमित दायरे में रहे। इनमें मामूली गिरावट का रुख रहा।*

### अदाणी समूह की नौ कंपनियों के शेयर टूटे

अदाणी समूह की नौ कंपनियों के शेयरों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई। बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 3.75 प्रतिशत, समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड में 1.78 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 1.36 प्रतिशत, सांघी इंडस्ट्रीज में 1.36 प्रतिशत, एसीसी में 0.93 प्रतिशत, अदाणी विल्मर में 0.90 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 0.81 प्रतिशत, अदाणी पावर में 0.47 प्रतिशत और अदाणी पोर्ट्स के शेयर में 0.28 प्रतिशत की गिरावट आई। दिनभर के कारोबार में अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 4.25 प्रतिशत और अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 4.30 प्रतिशत तक गिर गया था। हालांकि, एनडीटीवी के शेयर में 1.35 प्रतिशत और अदाणी टोटल गैस के शेयर में 0.54 प्रतिशत की तेजी आई।

# जिप इलेक्ट्रिक की एक लाख ईवी दोपहिया तैनाती की योजना

- इंडोफास्ट एनर्जी से सहयोग बढ़ाएगी
- दोनों के बीच 50-50 प्रतिशत की संयुक्त साझेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी जिप इलेक्ट्रिक ने बुधवार को कहा कि वह अगले 12-18 महीनों में इंडोफास्ट एनर्जी के साथ साझेदारी में एक लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को तैनात करने की योजना बना रही है।

इंडोफास्ट एनर्जी - इंडियन ऑयल और एसयूएन मोबिलिटी के बीच 50-50 प्रतिशत की साझेदारी वाला संयुक्त उद्यम है। जिप इलेक्ट्रिक पहले से ही इंडोफास्ट एनर्जी के बैटरी अदला-बदली ढांचे द्वारा समर्थित 10,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को तैनात कर चुकी है। कंपनी ने बयान में कहा कि एक लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों (ई-2डब्ल्यू-एस) के नए बेड़े को भारत के शीर्ष आठ शहरों में तैनात किया जाएगा, जिसमें दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, लखनऊ और जयपुर शामिल हैं। इस तैनाती से डिलिवरी भागीदारों और उद्यमों के लिए दक्षता बढ़ेगी। दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में इंडोफास्ट एनर्जी के पास प्रत्येक 1.5 किलोमीटर पर अदला-बदली स्टेशनों का एक व्यापक नेटवर्क है, जिससे निर्बाध और परेशानी मुक्त बैटरी पहुंच सुनिश्चित होती है।

## एलआईसी ने 'स्मार्ट' पेंशन योजना शुरू की



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने मंगलवार को एकल प्रीमियम वाली 'स्मार्ट' पेंशन योजना शुरू की।यह योजना एक व्यक्ति के साथ ही संयुक्त रूप से पेंशन के लिए कई तरह के विकल्प उपलब्ध कराती है। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और एलआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ मोहंती ने इस योजना को पेश किया। इस मौके पर वित्त मंत्रालय और एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि पॉलिसी की शर्तों के अनुसार आंशिक या पूर्ण निकासी के लिए कई नकदी विकल्प उपलब्ध हैं। पेंशन योजना के तहत न्यूनतम खरीद मूल्य एक लाख रुपये है।

# एलजी ने अपने आईपीओ के लिए रोड शो किया शुरू



**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी भारतीय इकाई के आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए रोड शो शुरू कर दिया है। आईपीओ के तहत जहां दक्षिण कोरियाई 'चैबोल' 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 10.18 करोड़ से अधिक शेयर बेचेगी। उद्योग के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए मुंबई में रोड शो किया और कुछ रिपोर्टों के अनुसार इसके जरिये 1.5 अरब डॉलर तक जुटाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एलजी की संभावित निवेशकों को लुभाने के लिए अन्य शहरों में भी इसी तरह का रोड शो आयोजित करने की योजना है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रवक्ता ने इसपर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि बाजार नियामक सेबी के समक्ष दायर आईपीओ दस्तावेज अब भी समीक्षाधीन हैं।

### यूरोपीय हॉलिडे होम ब्रांड 'डैनसेंटर' भारत में पेश



**नई दिल्ली।** आतिथ्य क्षेत्र के ऑनलाइन मंच ओयो की मूल कंपनी ओरावेल स्टेज ने भारतीय बाजार में अपने यूरोपीय ब्रांड 'डैनसेंटर' को पेश करने की बुधवार को घोषणा की। डैनसेंटर का 2019 में ओयो वेकेशन होम्स ने अधिग्रहण किया था। तब से, कंपनी ने यूरोप में अपनी उपस्थिति का काफी विस्तार किया है। ओयो ने बयान में कहा, '' डैनसेंटर गोवा में प्रीमियम अपार्टमेंट पेश करने के लिए रियल एस्टेट प्रमुख प्रोविडेंट ग्रुप के साथ बातचीत के अंतिम चरण में है। डैनसेंटर एक डेनिश ब्रांड है जिसकी स्थापना 1957 में डेनमार्क में हुई थी। इसमें डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे और जर्मनी में 12,000 संपत्तियों का विविध खंड शामिल है।

# हुंडई मोटर निर्यात के लिए भारत को बनाएगी केंद्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हुंडई मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक उन्सू किम ने कहा है कि कंपनी अफ्रीका और पड़ोस के उभरते बाजारों को निर्यात के लिए खुद को एक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहती है। कंपनी अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने पर विचार कर रही है, क्योंकि लाल सागर और अन्य भू-राजनीतिक मुद्दों के कारण पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में निर्यात के संबंध में उसे चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

- कंपनी अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने पर कर रही विचार

किम ने कहा, हम कंपनी को उभरते बाजारों के लिए उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं। हम अपने लागत-अनुकूलित वाहनों का विनिर्माण तथा निर्यात उभरते बाजारों में कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन विनिर्माता के पास घरेलू तथा निर्यात मात्रा का संतुलित मिश्रण है, जिससे उसे न केवल अच्छा मुनाफा मिलता है बल्कि यह बाजार में किसी भी उतार-चढ़ाव से बचाव भी प्रदान करता है। किम ने कहा, '' उभरते बाजारों के लिए बेहद उपयुक्त उत्पाद पर हमारा काम जारी है।'' उन्होंने कहा कि हुंडई ने अफ्रीका, मेक्सिको और लातिनी अमेरिका जैसे करीब सभी क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में हुंदै ने 40,386 वाहनों का निर्यात किया, जबकि 2023-24 की इसी तिमाही में 43,650 वाहनों का निर्यात किया था। वर्ष 2024 में सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, मेक्सिको, चिली और पेरू मात्रा के हिसाब से कंपनी के लिए सबसे बड़े निर्यात बाजार बनकर उभरे। हुंदै ने कैलेंडर वर्ष 2024 में कुल 1,58,686 वाहनों का निर्यात किया। वाहन विनिर्माता कंपनी ने इस महीने भारत से निर्यात के 25 साल पूरे किए है। हुंदै मोटर इंडिया ने 1999 में निर्यात शुरू करने के बाद से आज तक 37 लाख से अधिक यात्री वाहनों का निर्यात किया है।

इसने पिछले 25 वर्षों में दुनियाभर के 150 से अधिक देशों में यात्री वाहनों का निर्यात किया है और वर्तमान में 60 से अधिक देशों को निर्यात करती है।

### द. कोरिया के बाहर सबसे बड़ा निर्यात केंद्र होगा भारत

किम ने कहा, '' दक्षिण कोरिया के बाहर हुंडई के लिए सबसे बड़ा निर्यात केंद्र बनने के लक्ष्य के साथ, हम आने वाले वर्षों में अपनी विकास गति को जारी रखने की उम्मीद रखते हैं। ''

# जापान के निर्यात, आयात में जनवरी में वृद्धि

एजेंसी ▶▶| टोक्यो



जापान ने जनवरी में 2760 अरब येन (18 अरब डॉलर) का व्यापार घाटा दर्ज किया। यह राशि जनवरी 2024 में दर्ज व्यापार घाटे से 60 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी, पिछले महीने निर्यात कुल 7860 अरब येन (52 अरब डॉलर) रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है।

- जापान ने 18 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया
- जनवरी 2024 में दर्ज व्यापार घाटे से 60 फीसदी अधिक

मशीनरी, चिकित्सीय सामान और जहाजों सहित विभिन्न उत्पादों का निर्यात बढ़ा है। आयात कुल 10620 अरब येन (70 अरब डॉलर) रहा, जो जनवरी 2024 की तुलना में 16.7 प्रतिशत अधिक है। मशीनरी, कंप्यूटर और फलों सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के आयात में वृद्धि हुई, क्योंकि मांग में वृद्धि हुई जबकि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले येन कमजोर हुआ।

जापान में उपभोग अपेक्षाकृत मजबूत बने रहने की उम्मीद है। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा शुल्क लगाए जाने की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। जापान ने अमेरिका के साथ लगभग 477 अरब येन (तीन अरब डॉलर) का व्यापार अधिशेष दर्ज किया, क्योंकि विद्युत उपकरण, कार और कच्चे माल जैसी वस्तुओं के निर्यात में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## ट्रंप की शुल्क लगाने की धमकी के बाद सोना बना सुरक्षित निवेश

# सोना फिर 89,400 रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 14 फरवरी को स्थानीय बाजारों में यह 1,300 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

- चांदी में 600 रुपए की तेजी, 99600 रुपए प्रति किलो

*निवेशकों को फेड की घोषणा का इंतजार*
*एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की जनवरी की मौद्रिक नीति बैठक के ब्योरे का इंतजार कर रहे हैं।*



### सोने में वायदा कारोबार रिकॉर्ड उच्चस्तर पर

अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 12 डॉलर बढ़कर 2,960.99 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर के करीब पहुंच गया। पिछले सप्ताह वैश्विक बाजारों में यह 2,968.50 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एशियाई कारोबार के घंटों में कॉमेक्स चांदी वायदा भी 33.61 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

### सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी

पिछले सत्र में यह 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। विशेषज्ञों के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नए शुल्क की धमकियों के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने और सतत लिवाली के साथ-साथ बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण बुधवार को सोने में तेजी जारी रही। चांदी का भाव भी बुधवार को 600 रुपये बढ़कर 99,600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।

### इस साल अब तक सोना 10,010 रुपए बढ़ा

इस साल अबतक सोने का भाव 10,010 रुपये यानी 12.6 प्रतिशत बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है, जबकि एक जनवरी को सोने का भाव 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने की कीमत 900 रुपये की तेजी के साथ 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

**वैश्विक अनिश्चितता से सोना मजबूत**

एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस), जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने में तेजी जारी रही। शुल्क के कारण वैश्विक अनिश्चितता ने सोने की स्थिति को सुरक्षित-संपत्ति के रूप में मजबूत किया है, बैंकों और कोषों ने अधिक आवंटन बनाए रखा है।''

## चिंतन

# हर दिन क्यों आसमान छू रहे हैं सोने के दाम

सदियों से, मानव विकास की प्रक्रिया के दौरान सोने ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मुद्रा, मूल्यवान संपत्ति के भंडार, आभूषण जैसे अनेक रूप में इसका उपयोग किया गया है। आभूषण मानव अलंकरण का एक अभिन्न अंग रहा है, विशेष रूप से महिलाओं के लिए। महिलाओं में सोने के प्रति लगाव के पीछे भी यही कारण है कि सोने को न केवल आभूषण बल्कि विपरित हालात में भी बहुत उपयोगी माना गया है। झुमके, नाक की कील, कंगन, हार से लेकर कमरबंद और बिछिया तक सब सोने की ही पसंद की जाती रही हैं। समय और बदलती मानसिकता के साथ पुरुषों ने भी सोने के आभूषण पहनना शुरू किया। भारतीय संस्कृति में, किसी भी उत्सव और शुभ अवसर पर सोने के आभूषण पहनने को काफी महत्व दिया जाता है, लेकिन बीते कुछ दिनों से सोना आम गृहिणी की पहुंच से दूर हो रहा है। सोना 19 फरवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,043 रुपये बढ़कर 86,733 रुपये हो गया है। इससे पहले सोना 85,690 रुपए पर था। वहीं 14 फरवरी को सोना 86,089 रुपये ऑलटाइम हाई बना था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 10,571 रुपये बढ़कर 86,733 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपये प्रति किलो से 11,549 बढ़कर 97,566 रुपये पर पहुंच गया है। मंगलवार को चांदी का भाव 96,023 रुपये किलो था। सोने के लगातार बढ़ते दाम के पीछे माना जा रहा है कि ट्रम्प के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने से जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ गई हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से भी सोना महंगा हो रहा है। महंगाई बढ़ने से भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिल रहा है। सबसे अहम कारण शेयर बाजार में उतार आने से लोग गोल्ड में निवेश बढ़ा रहे हैं। निवेशकों को लग रहा है कि सोना न केवल अच्छा मुनाफा दे सकता है बल्कि इसमें रिस्क भी काफी कम है। अगर आंकड़ों को देखें तो दुनियाभर में हर साल 2200 टन सोने का उत्पादन होता है। लेकिन कोरोना के बाद हालात में बदलाव आया। 2021 के बाद से दुनियाभर के बैंक सोना खरीद रहे हैं। इसके चलते सोने के दाम आसमान छू गए हैं। भारत में शादी के सीजन में सोने का खास महत्व है। आजकल शादियों का सीजन भी चल रहा है, लेकिन सोना है कि हाथ से छिटकता जा रहा है। दिवाली के समय प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत लगभग 80 हजार रुपये थी, लेकिन अब फरवरी में इसकी कीमत लगभग 89 हजार के पास पहुंच गई है। इसका असर बाजार पर पड़ रहा है। सोने की बढ़ रही कीमत ग्राहकों से लेकर कारोबारियों के लिए चिंता बढ़ा रही है। स्थिति यह है कि अधिक कीमत की वजह से लोग खरीद में कटौती कर रहे हैं। यानी जो ग्राहक 10 ग्राम सोने की अंगूठी खरीदने की प्लानिंग से आता है, वह 5 ग्राम की अंगूठी खरीद रहा है। यह हाल सिर्फ ग्राहकों का ही नहीं, बल्कि कारोबारियों का भी है। सीमित बजट होने की वजह से कारोबारी भी कम सोना और चांदी खरीद रहे हैं। सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमत में और उछाल आ सकता है। उन्हें लग रहा है कि इसी साल सोना 90 हजार रुपये के आंकड़े को पार कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो पीली धातू आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर चली जाएगी।

# वादे निभाना नई सरकार के लिए चुनौती



दो टूक
डॉ. अश्विनी महाजन

दिल्ली में लगभग 11 वर्षों के आम आदमी पार्टी के शासन के बाद सत्ता भारतीय जनता पार्टी के हाथ आ चुकी है। हालांकि किसी भी राज्य की सरकार हो या केंद्र की सरकार, सबकी चुनौतियां अलग-अलग होती हैं, लेकिन किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भाजपा 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।

> किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भारतीय जनता पार्टी 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।

प्रधानमंत्री मोदी हमेशा से ही मुफ्त की योजनाओं के विरोधी रहे हैं, जिसे वे 'मुफ्त की रेवड़ी' भी कहते हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने हेतु भाजपा को भी यह घोषणा करनी पड़ी कि जो भी कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा। यही नहीं, गरीब महिलाओं के लिए भी 2500 रुपये प्रति माह से राशि देने का भी वादा भाजपा ने किया है। जहां अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपना सारा ध्यान मुफ्त की योजनाओं में लगाया था, दिल्ली का विकास और सार्वजनिक योजनाओं का रखरखाव उसमें सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। दिल्ली के लोग पूर्व की भाजपा और कांग्रेस सरकारों को उनकी विकास योजनाओं के नाते ही जानते हैं। जहां मदनलाल खुराना के मुख्यमंत्री काल में दिल्ली की व्यस्त सड़कों पर 'वाई' आकार के खंबों पर दौड़ती मेट्रो का आगमन हुआ, जिसे बाद में कांग्रेस सरकार ने आगे बढ़ाया। दिल्ली, पूरे देश में अपने फ्लाईओवरों, मेट्रो और सड़कों के लिए जानी जाने लगी। लेकिन केजरीवाल के शासन में दिल्ली का विकास लगभग रुक गया। पिछले 11 वर्षों में दिल्ली में शायद ही कोई नया फ्लाईओवर, विद्यालय, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय या अस्पताल बना होगा। हालांकि अरविंद केजरीवाल अपने शिक्षा मॉडल को विश्वस्तरीय बताने और अपने मोहल्ला क्लीनिक मॉडल की सफलता बताने में जुटे रहे, लेकिन जमीनी सच्चाई अलग ही कहानी बयां कर रही थी। समझा जा सकता है कि सरकारी खर्च को मुफ्त की योजनाओं पर केंद्रित करते हुए, जो विकास और सार्वजनिक सेवाओं को तिलांजलि देने का जो काम केजरीवाल सरकार ने किया, उस नीति को उलटकर फिर से विकास को केंद्र में लाना जरूरी होगा। यमुना में फैक्टरियों के प्रदूषण और अन्य गंदगी को डालने और केंद्र तथा दिल्ली के बीच तालमेल के अभाव के चलते यमुना की गंदगी इन चुनावों में मुख्य मुद्दा रही। केजरीवाल ने भी स्वीकार किया कि वे यमुना की सफाई का काम नहीं करा पाए। नई सरकार के सामने यह चुनौती रहेगी कि वादे के अनुसार वह यमुना की सफाई के काम को आगे बढ़ायें। यमुना की सफाई और नदी तट का सौंदर्यकरण कोई असंभव काम नहीं है। लेकिन ऐसा करके दिल्ली को न केवल सुंदर बनाया जा सकता है, बल्कि यमुना तट को पर्यटन का आकर्षक केंद्र भी बनाया



जा सकता है। हमारे देश में भी पवित्र नदियों के घाटों में स्नान की सनातन परंपरा है। कुंभ से पूर्व गंगा की सफाई का भारी काम उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली चुनाव के बाद भी यमुना की सफाई के अपने संकल्प को दोहराया है। आशा की जा सकती है कि आने वाले कुछ वर्षों में यमुना की पवित्रता को पुनः स्थापित किया जा सकेगा। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश की प्रति व्यक्ति आय से लगभग दोगुनी है। यही कारण है कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति राजस्व भी सभी राज्यों के सम्मिलित प्रति व्यक्ति राजस्व की तुलना में लगभग दोगुना है। केंद्रीय कर प्राप्तियों का भी एक बड़ा हिस्सा दिल्ली को मिलता है। गौरतलब है कि दिल्ली का अपना कर राजस्व सभी राज्यों के कर राजस्व का 2.5 प्रतिशत है, जबकि देश की जनसंख्या में इसका हिस्सा मात्र 1.4 प्रतिशत ही है। इसी का लाभ उठाते हुए अरविन्द केजरीवाल से पूर्व की शीला दीक्षित सरकार ने 1999-2000 और 2014-15 के बीच के 15 वर्षों में पूंजीगत व्यय को मात्र 510.5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7430 करोड़ कर दिया। खेद का विषय यह है कि वर्ष 2023-24 तक इसे सिर्फ 16230 करोड़ रुपये तक ही बढ़ाया गया, यानि मात्र 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि। पूंजीगत अथवा विकासगत व्यय पर्याप्त रूप से नहीं बढ़ने का मुख्य कारण यह था कि अरविन्द केजरीवाल की सरकार अपने बजट का बड़ा हिस्सा मुफ्त बिजली, पानी के अलावा प्रचार पर खर्च करती थी। गौरतलब है कि 2023-24 के वर्ष में 557 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान प्रचार के लिए रखा गया था। समझा जा सकता है कि यदि अरविन्द केजरीवाल सरकार मुफ्त की योजनाओं की बजाय दिल्ली के विकास कार्यों पर खर्च करती तो दिल्ली की तस्वीर ही कुछ अलग होती। ऐसे में नई सरकार के समक्ष यह चुनौती रहेगी कि कैसे तथाकथित जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखते हुए दिल्ली के विकास के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित किए जाएं। दिल्ली के सभी क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, शहरी कूड़े का निदान, स्वच्छता की व्यवस्था, झुग्गी-झोपड़ी के स्थान पर हाउसिंग की सही व्यवस्था, आवश्यकता के अनुसार सड़कों का चौड़ीकरण, फ्लाई ओवरों का निर्माण और सड़कों का रखरखाव समेत विविध विकास कार्यों को केंद्र में रखकर बजट बनाने की जरूरत होगी। अपने चुनाव अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के झुग्गी निवासियों को एक वादा किया कि झुग्गी वासियों की उनकी झुग्गियों हकी जगह पक्का मकान मिलेगा। इस वादे को इस कारण भी निभाना जरूरी है, क्योंकि इसी के द्वारा दिल्ली राजधानी को एक सही पहचान मिल सकेगी। केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी नाकामी यह रही कि वे 2000 लीटर पानी मुफ्त में उपलब्ध कराने का दंभ भरते रहे, लेकिन न तो दिल्ली के सभी स्थानों पर जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकी और न ही दिल्लीवासियों को साफ पानी मिल सका। गंदा पानी दिल्ली जल बोर्ड की जैसे पहचान बन गई थी। दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय हालत भी इस कदर बिगड़ गई थी कि उस पर लगभग 2021-22 तक 73197 करोड़ का ऋण बकाया था। यह जरूरी होगा कि नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग और पर्याप्त संसाधन आवंटित कराते हुए दिल्ली को कूड़े से मुक्ति दिलाते हुए उसे उसकी सही पहचान दिलाई जाए। दिल्ली में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवरों के निर्माण, सड़कों के चौड़ीकरण और सड़कों के सही रखरखाव हेतु पर्याप्त संसाधन जुटाने होंगे। दिल्ली की नई रेखा गुप्ता सरकार के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेवारी, उसे पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति दिलाने की होगी। शेष दुनिया के अनुभवों से सीख लेते हुए दिल्ली में वाहनों के प्रदूषण को कम करने, धूल को न्यूनतम करने, जल प्रदूषण को समाप्त करने समेत कदम उठाने होंगे।

(लेखक पीजीडीएवी कॉलेज दिल्ली विवि में पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## बिहार चुनाव

उमेश चतुर्वेदी



# प्रगति रथ पर चुनावी नैया पार उतारने की कोशिश में नीतीश

बिहार में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस ली है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद में बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों ने नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है। जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ चेहरा सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को ज़मीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है। एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवरब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए। प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20 हजार करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की। सत्ताधारी खेमे का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत की वजह से बिहार का तकरीबन हर गांव पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। इनकी मदद से बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। इसकी वजह से लोगों के समय और ईंधन की बचत हो रही है। नीतीश की अगुआई में 2010 में मिली दूसरी जीत में बेहतर सड़कों की बड़ी भूमिका रही। शायद यही वजह है कि नीतीश कुमार ने सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया है। नीतीश के लिए चुनौती शराबबंदी बनी हुई है। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार की वजह से शराब की तस्करी बढ़ी है। हालांकि शराबबंदी से महिलाएं खुश हैं। नीतीश को इस चुनौती से पार पाना होगा। फिर भी कह सकते हैं कि बिहार की आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ा नीतीश सरकार का पहिया अब भी प्रमुख मुद्दा है। यह सच है कि जातिवाद से ग्रस्त बिहार की राजनीति पर विकास की राजनीति भारी पड़ती रही है। शायद यही वजह है कि नीतीश सरकार विकास पर जोर दे रही है और इसे ही अपना सियासी हथियार बनाने की तैयारी में है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# योग के सभी सूत्र मानव जीवन की आधारशिला



संकलित
**दर्शन**

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
**प्रेरणा**

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## सटाका




## आज की पाती

### परीक्षा में बच्चों के खानपान का रखें ध्यान

बोर्ड परीक्षा बच्चों के लिए एक महत्त्वपूर्ण समय है, जिसके लिए लंबे समय तक अध्ययन, ध्यान और मानसिक सहनशक्ति की आवश्यकता होती है। हालांकि, खराब डाइट और अस्वास्थ्यकर खान-पान से थकान, एकाग्रता की कमी और तनाव हो सकता है। आपका बच्चा सक्रिय, सतर्क और तनाव मुक्त रहे, इस अवधि के दौरान उसे सही पोषण प्रदान करना आवश्यक है। इसलिए परीक्षा के दौरान बच्चों को घर का बना शुद्ध और सात्विक आहार ही देना चाहिए। बच्चे जो खाना खाते हैं उसका सीधा असर उनके मस्तिष्क की कार्यप्रणाली, एकाग्रता और ऊर्जा के स्तर पर पड़ता है। संतुलित आहार याददाश्त, फोकस और स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद करता है। – *संकेत वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### ऋषि सुनक अच्छे मित्र



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलकर बहुत खुशी हुई! हमारे बीच कई विषयों पर शानदार बातचीत हुई। श्री सुनक भारत के बहुत अच्छे मित्र हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के इच्छुक हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मोदी जी की गारंटी



गुजरात नगर निकाय चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत का आशीर्वाद देकर गुजरात की जनता ने एक बार फिर बता दिया है कि उन्हें सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। भाजपा के नेतृत्व में गुजरात विकास की इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सभी का विश्वास जरूरी



महाकुंभ को लेकर सत्ता-विपक्ष के अलग-अलग तर्क हैं, जबकि व्यापक जनहित व जनकल्याण के लिए सभी का विश्वास जरूरी, ताकि सरकारी धन-संसाधन का सही उपयोग हो सके। वैसे भी महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी आदि यूपी की समस्या है।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### मिलिंद रेगे को श्रद्धांजलि



मिलिंद रेगे सर के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। मुंबई क्रिकेट में उनका योगदान अमूल्य था और उनके मार्गदर्शन ने कई करियर को आकार दिया। उसकी आत्मा को शांति मिले।
-यूसुफ पठान, भारतीय क्रिकेटर

## करंट अफेयर


# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर के खिलाफ आरोप दायर



पाउलो गोनेट ने देश के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव में हार के बाद भी पद पर बने रहने के लिए तख्तापलट का प्रयास करने का मंगलवार को औपचारिक रूप से आरोप लगाया। आरोप है कि तख्तापलट की इस साजिश के तहत बोल्सोनारो के उत्तराधिकारी और वर्तमान राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को जहर देने की योजना भी बनाई गई थी। गोनेट ने आरोप लगाया कि बोल्सोनारो और 33 अन्य लोगों ने सत्ता में बने रहने के लिए षड्यंत्र रचा जिसके तहत लूला को जहर देने और पूर्व राष्ट्रपति के विरोधी एवं उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस की गोली मारकर हत्या करने की योजना भी बनाई गई। गोनेट ने 272 पन्नों के अभियोग में लिखा, 'आपराधिक संगठन के सदस्यों ने राष्ट्रपति भवन में संस्थाओं पर हमला करने की योजना बनाई जिसका उद्देश्य सत्ता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करना था। इस साजिश को 'ग्रीन एंड येलो डैगर' नाम दिया गया।' ब्राजील की संघीय पुलिस ने पिछले साल नवंबर में 884 पन्नों की रिपोर्ट दायर की थी जिसमें गोनेट ने इस कथित साजिश के बारे में विस्तार से बताया था।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

डॉ. यादव ने उद्योगपतियों एवं स्टेक होल्डर्स से किया सीधा संवाद

# मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण पर्याप्त संसाधन, सुविधाएं और उद्योग मित्र नीतियां हैं मौजूदः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर एवं अनुकूल वातावरण है। यहां पर्याप्त संसाधन और सुविधाएं भी हैं। प्रदेश सरकार द्वारा अनेक उद्योग मित्र नीतियां बनाकर उनका क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया है। इन नीतियों से औद्योगिक क्षेत्र की हर समस्याओं का समाधान होगा, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। औद्योगिक क्षेत्र में नई सुविधाएं, सब्सिडी और अनेक तरह की छूटें भी मिलेंगी। राज्य सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये अनेक नई नीतियों को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अधिक से अधिक निवेश किया जाए। राज्य शासन द्वारा हर तरह का सहयोग दिया जाएगा।

### इन्वेस्टर्स समिट में आने का दिया आमंत्रण



उद्योग निवेश की नई बुनियाद रखेगी इन्वेस्टर्स समिट

### किसान कल्याण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में उद्योगपतियों एवं स्टेक होल्डर्स से सीधा संवाद कर रहे थे। डॉ. यादव ने इन्वेस्टर समिट में आने का न्यौता भी उद्योगपतियों को दिया। डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग एवं व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन द्वारा पूरा संरक्षण दिया जाएगा। शासन के सहयोग से उद्योग एवं व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिये हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हें पूरी मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नई नीतियां उद्योग को बढ़ावा देने के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगी। औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। समग्र रूप से औद्योगिक विकास होगा। सभी तरह के उद्योगों को नई नीतियों का लाभ मिलेगा। जरूरत पड़ने पर और भी नई औद्योगिक मित्र नीतियां लाई जाएगी। नई नीतियों में छोटे से लेकर बड़े उद्योगों के हित का ध्यान रखा गया है। सभी तरह की सुविधाएं देंगे। डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर के मेट्रोपोलिटिन रिजन से आसपास के सभी औद्योगिक क्षेत्र एक दायरे में आएंगे। इससे औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।*

### 89 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगी लैपटॉप राशि

माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। स्कूल शिक्षा विभाग ने लैपटॉप योजना के तहत प्रदेश के 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया है, जिन्हे आगामी 21 फरवरी को लैपटॉप राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 फरवरी को इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित होगा।

#### प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपए मिलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में 224 करोड़ रुपए की राशि भी अंतरित करेंगे। ये विद्यार्थी वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### राजेश सिंह चंदेल डीआईजी के तौर पर हुए पदोन्नत

**भोपाल।** राज्य सरकार ने 2010 बेच के आईपीएस अधिकारी राजेश सिंह चंदेल को डीआईजी के तौर पर पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए है। वर्तमान में चंदेल सेनानी 25वीं वाहनी बिसबल भोपाल है। उनकी नवीन पदस्थापना डीआईजी 25वाहनी विसबल के रूप में की गई है।

### लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को करें ब्लैक लिस्ट

**भोपाल।** आरडीएसएस (रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम) के कार्यों में लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को वार्निंग देकर ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाई करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी अंतर्गत स्वीकृत आरडीएसएस के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। तोमर ने कहा कि स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा प्रतिमाह करें। आवश्यकतानुसार पेनाल्टी लगाएं। उन्होंने अधिकारियों से भी पूछा कि कार्यों में देरी पर आपने क्या कार्यवाई की है। तोमर ने कहा कि खंभों में निर्धारित रंग के साथ ही थिकनेस आदि पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। तोमर ने कहा कि टेंडर की शर्तों का पालन कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है। गलत रिपोर्ट मिलने पर थर्ड पार्टी के विरुद्ध भी कार्यवाई करें। समीक्षा बैठक में एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षितिज सिंघल ने योजनान्तर्गत चल रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

### एकीकृत टाउनशिप नीति 2025 लागू किए जाने की स्वीकृति, राज्य में आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

# प्रदेश मंत्रिमंडल ने मप्र और निवेशकों के हित में दी अनेक नीतियों को मंजूरी

मप्र एमएसएमई विकास नीति-2025 को मिला अनुमोदन

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश और निवेशकों के हित में अनेक नीतियों को मंजूरी दी गई। संबंधित निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एकीकृत टाउनशिप नीति 2025 लागू किए जाने की स्वीकृति दी गई। इससे राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर सृजित होंगे और राज्य की जीडीपी में वृद्धि होगी।

एकीकृत टाउनशिप नीति लैंड पूलिंग के माध्यम से भूमि का विकास करने के उद्देश्य से बनाई गई है। नीति के लागू होने से जहां एक ओर वृहद स्वरूप की टाउनशिप विकसित होगी, वहीं दूसरी ओर प्रचलित प्रक्रिया अनुसार भी कॉलोनियों का विकास यथावत होता रहेगा।

युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे

### लेक व्यू रेसीडेंसी होटल लीज पर दिए जाने का अनुमोदन

मंत्री-परिषद ने लेक व्यू रेसीडेंसी होटल, भोपाल को विकास, संचालन एवं रखरखाव और प्रबंधन के लिए पब्लिक-प्रायवेट पार्टनरशिप में 60 वर्षों की लीज पर दिए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। लीज अवधि को आपसी सहमती से समान शर्तों पर आगामी 10 वर्षों हेतु एक बार बढ़ाया जा सकेगा।



### एक्सपोर्ट पॉलिसी-2025 का लाभ एमएसएमई को

*मंत्री-परिषद द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के संवर्धन के लिए नवीन मध्यप्रदेश एमएसएमई विकास नीति-2025 का अनुमोदन दिया गया। निर्णय अनुसार औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की मप्र लॉजिस्टिक नीति-2025 और एक्सपोर्ट पॉलिसी-2025 का लाभ एमएसएमई को प्रदान किया जाएगा। उद्योग संवर्धन नीति-2025 अंतर्गत वर्गीकृत एमएसएमई श्रेणी की मेगा इकाइयों को कस्टमाईज पैकेज प्रदान करने के लिए एमएसएमई विभाग को अधिकृत किया गया है। निवेश पर प्रोत्साहन के लिए 40 प्रतिशत तक की सहायता, नए उद्योगों में नवकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन, अनुसूचित जाति-जनजाति, महिला उद्यमी इकाई को 48 प्रतिशत की सहायता के साथ पिछड़े विकासखण्डों में 1.3 गुना सहायता दी जाएगी। निर्यात प्रोत्साहन के रूप मे निर्यातक इकाई को निवेश पर 52 फीसदी तक की सहायता, निर्यात के लिए माल ढुलाई पर अधिकतम 2 करोड़ रूपए की सहायता और निर्यात के लिए प्रमाण-पत्र पर 50 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।*

### स्टार्ट-अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना का अनुमोदन

मंत्री-परिषद द्वारा प्रदेश में स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना-2025 का अनुमोदन किया गया। नीति अन्तर्गत स्टार्ट-अप एवं इन्क्यूबेटर्स को वित्तीय एवं गैर वित्तीय सुविधा, सहायता एवं फेसिलिटेशन का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में उपयुक्त स्थान पर एक मेगा इन्क्युबेशन सेंटर का विकास एवं संचालन, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी संस्थाओं के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) अंतर्गत स्थापित कर इसके सेटेलाईट सेंटर प्रदेश के अन्य स्थानों में भी स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत स्टार्ट-अप्स को बैंकों के माध्यम से कोलेप्टल-फ्री ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें केन्द्र सरकार की स्टार्ट-अप्स के लिए ऋण गारंटी स्कीम अंतर्गत कवरेज तथा प्रचलित दर पर देय गारंटी शुल्क की प्रतिपूर्ति (अधिकतम 05 वर्षों तक) एवं वितरित ऋण पर 05 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान प्रतिपूर्ति (अधिकतम 05 वर्षों तक) की जाएगी।

### इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2025 की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन को आमजन के लिए भविष्य का मुख्य परिवहन का साधन बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2025 की स्वीकृति दी गई है। नीति अंतर्गत 2 पहिया वाहन, 3 पहिया वाहन, इलेक्ट्रिक कार और इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदाय किया जाएगा। मध्यप्रदेश ईवी प्रमोशन बोर्ड का गठन किया जाएगा। नीति के उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहन अधोसंरचना एवं सम्बंधित विनिर्माण उद्योगों के लिए मध्यप्रदेश को डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना, कौशल विकास एवं रोजगार से सम्बंधित संभावनाओं को विकसित करने के साथ सरकारी संस्थाओं, निजी क्षेत्र, अनुसंधानकर्ता संस्थानों एवं सामाजिक संसथाओं के मध्य सहकारिता को प्रोत्साहित करना है। मंत्री-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश में नए वायु मार्गों का विकास करने और देश के अन्य हिस्सों तथा दुनिया के साथ राज्य के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थानों को जोड़कर पर्यटन, धार्मिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की उड़ान योजना के समन्वय से मध्यप्रदेश सिविल एविएशन पॉलिसी-2025 का अनुमोदन दिया गया हैं।

### बॉयो फ्यूल योजना-2025 का अनुमोदन

मंत्री-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति-2025 अंतर्गत प्रदेश को जैव ईंधन उत्पादन में अग्रणी बनाने के लिए बॉयो फ्यूल योजना-2025 का अनुमोदन किया गया। योजना अंतर्गत बॉयोफ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट एवं बायो ऊर्जा संयंत्रों के लिए कई लाभ प्रदान किए गए है। साथ ही साथ इसमें किसान संस्थाओं को कृषि उपकरण के लिए सब्सिडी, बॉयो मास एवं खाद की बिक्री सुनिश्चित करना एवं सप्लाई चैन को विकसित किया जाएगा। बॉयो फ्यूल उत्पादन सफल स्थापना के लिए भूमि प्राथमिकता पर दी जाएगी। बॉयो मास उत्पादन के लिए सरकारी भूमि के उपयोग की अनुमति कलेक्टर दर के 10 फीसदी की राशि के वार्षिक शुल्क पर दी जाएगी। बॉयो फ्यूल योजना में मुख्यत बॉयो सीएनजी, बॉयो मास ब्रिकेट एवं पेलेट और बायोडीजल इत्यादि ईंधन एवं उत्पादन के सभी पहलू शामिल है, जैसे फीडस्टॉक खेती, उत्पादन तकनीक, वितरण और उपयोग को शामिल किया गया हैं।

---

नशे में किया हाई वोल्टेज ड्रामा, साथ चलने के लिए तैयार हुई, तब नीचे उतरा

# पत्नी बोली- ससुराल नहीं जाऊंगी, पति टॉवर पर चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में एक युवक ने बिजली टावर पर चढ़कर कई घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा किया। होरीलाल (35) अपने सुसराल गनियारी गांव पत्नी को लेने पहुंचा था, जहां शराब के नशे में दोनों के बीच झगड़ा हो गया और पत्नी ने उसके साथ जाने से इंकार दिया, तो वह टावर पर चढ़ गया। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र का मामला है।

■ पुलिस ने मौके पर पत्नी को बुलाया

जानकारी मिलते ही ससुराल वाले उसे नीचे उतारने पहुंचे, लेकिन नशे की हालत में वह और उंचाई में चढ़ता जा रहा था, जब पत्नी ने उसके साथ चलने के लिए हामी भरी, तभी वह नीचे उतरा।



### टावर से कूदने की धमकी दी

*ससुराल वालों ने बताया कि बिजली टावर में चढ़ने के बाद वहां से कूद जाने की धमकी दे रहा था। इस बीच आरक्षक कुन्दन सिंह ने युवक को प्यार से समझाया पर वह नहीं माना। कुंदन ने युवक की पत्नी को वहां पर बुलवाया। जब पत्नी ने उससे कहा कि वो उसके साथ घर जाने के लिए तैयार तब जाकर वो टावर से नीचे उतरा।*

### यह है मामला

*होरीलाल अपने ससुराल गनियारी में पत्नी को लेने के लिए आया था। यहां दोनों के बीच झगड़ा हो गया। पत्नी ने उसके साथ जाने से मना किया तो उसने और अधिक शराब पी फिर बिजली के टावर में चढ़ गया। जैसे ही ससुराल पक्ष को इसकी जानकारी हुई वो लोग बड़ी संख्या में उसे मनाने पहुंचे। गांव के लोग जितना उसे नीचे आने के लिए कहते होरीलाल नशे की हालत में उतना ही उंचाई में चढ़ता जा रहा था। वो टावर के सबसे ऊंचे स्थान में चढ़ गया था। गनीमत यह रही की इतना हाई वोल्टेज लाइन की वो चपेट में नहीं आया, नहीं तो मौके पर ही मौत हो जाती।*

---

बाइक सवारों ने पिकअप चालक को पीटा

# रिंगरोड में दिनदहाड़े पिकअप चालक से 42 हजार रु. लूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगुजा

अंबिकापुर के रिंगरोड में बस स्टैंड के पास दिनदहाड़े बाइक सवार युवकों ने पिकअप चालक को पीटा और पिकअप में रखे 42 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। युवकों ने पिकअप का कांच भी फोड़ दिया। विवाद की शुरूआत युवकों ने यह कहते हुए की थी कि पिकअप से बाइक क्षतिग्रस्त हुई है।

घायल चालक को डायल 112 की टीम ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचाया। घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर से पिकअप का चालक उदयपुर निवासी रवि कुमार बुधवार दोपहर में अंबिकापुर से सामान लोड कर डांडगांव जाने के लिए निकला था। दुकानदार को देने के लिए कुछ पैसे भी उसे मिले थे, जिसे उसे पिकअप में रखा था। प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास बाइक सवार दो युवक बाइक लेकर अचानक रिंगरोड में आ गए। पिकअप चालक ने ब्रेक लगाया। बाइक सवार बदमाशों ने बाइक को टक्कर मारने का आरोप लगाकार पिकअप चालक के साथ मारपीट शुरू की दी। पिकअप के चालक रवि कुमार ने बताया कि बाइक सवार युवकों ने मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। पिकअप को क्षतिग्रस्त कर कांच तोड़ दिया। उसके पास 42 हजार रुपए थे, जिसे लूटकर बाइक सवार फरार हो गए।

---

10 मिनट तक नोंचते रहे, शरीर में 100 से ज्यादा जख्म

# रायपुर में 6 साल के बच्चे पर कुत्तों का हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है। शहर के दलदल सिवनी के आर्मी चौक में 6 साल के बच्चे पर झुंड में घूम रहे खूंखार कुत्तों ने 13 फरवरी की शाम हमला कर दिया, जिससे बच्चा बुरी तरह जख्मी है और उसका इलाज चल रहा है। बच्चे ही हालत नाजुक बताई जा रही है।

कुत्ते 10 मिनट तक वासु कश्यप को नोंचते रहे। जिससे उसके सिर से चमड़ी तक निकल गई। शरीर पर 100 से ज्यादा छोटे-बड़े जख्म हो गए हैं। वहीं इस घटना के बाद से बच्चा और उनका परिवार सदमे हैं।

### शिकायत के बाद भी नगर निगम की टीम मौके पर नहीं पहुंची

*मोहल्ले वासियों ने बताया कि कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में आवारा कुत्तों का आतंक पिछले कई समय से जारी है। घटना के बाद नगर निगम को सूचित किया गया, लेकिन टीम मौके पर नहीं आई। लोगों ने कहा कि सुबह-शाम के समय आने जाने वाले लोगों को कुत्ते दौड़ाते हैं।*

### सिर, हाथ, पैर और पीठ में गहरे जख्म

आर्मी चौक के पास बच्चे खेल रहे थे, तभी कुत्तों के झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया। कुत्तों के अचानक हमला करने से बच्चे भागने लगे। उसी दौरान घर के बाहर साइकिल चला रहा 6 साल का वासु कश्यप सड़क में गिर गया। कुत्ते वासु को ही नोंचने लगे और घसीटते हुए उसे सड़क के खाली प्लॉट में ले गए और वहां उसे नोंचते रहे। जिससे बच्चे के शरीर, हाथ, पैर, सिर, पीठ में गहरे जख्म हो गए हैं।

### पिता ने बचाई बेटे की जान

*कुत्तों के आतंक को देख बच्चों ने वासु के पिता को घर जाकर बुलाया और पिता ने कुत्तों के झुंड से भीड़कर वासु को बाहर निकाला। इस दौरान बच्चा खून से बुरी तरह लथपथ था और उसे तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।*

---

कोर्ट ने कहा- पुरानी भर्तियों पर नए नियम लागू नहीं हो सकते

# सरकारी कॉलेजों के अतिथि विद्वानों के लिए राहत की खबर पीएचडी की अनिवार्यता पर हाईकोर्ट ने लगाई तत्काल रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार को प्रदेश के सरकारी कॉलेजों के अतिथि विद्वानों को जबलपुर हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मामले पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अतिथि शिक्षकों के लिए पीएचडी की अनिवार्यता पर रोक लगा दी है। इस मामले पर लगी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अतिथि शिक्षक भर्ती नियम की धारा 10.4 पर भी रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि पुरानी भर्तियों पर नए नियम लागू नहीं हो सकते हैं।

मध्यप्रदेश शासन ने 23 अक्टूबर 2023 को अतिथि विद्वानों की नियुक्ति को लेकर नए दिशा-निर्देश कंडिका 10.6 के तहत जारी कर दिए थे। इसे आधार बनाते हुए याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि एक तरफ तो जो अतिथि विद्वान पहले से कार्यरत हैं, उन्हें यथावत रखा जाएगा, लेकिन जिनका कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो चुका है, उन अतिथि विद्वानों को बगैर पीएचडी के कंटीन्यू नहीं किया जाएगा।

### पहले से कार्यरत अतिथि विद्वान रहेंगे यथावत



### अतिथि शिक्षकों ने दायर की याचिका

*राज्य सरकार ने असिस्टेंट प्रोफेसर्स के लिए जारी नियम अतिथि शिक्षकों पर भी लागू कर दिए थे, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट में यह याचिका 13 अतिथि शिक्षकों ने लगाई थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ और जस्टिस विवेक जैन की बेंच ने मामले में सुनवाई की।*

### नियमित न रखना भेदभावपूर्ण

आवेदकों की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 2023 के दिशा-निर्देश की कंडिका 10.4 अवैध और भेदभावपूर्ण है। सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति के लिए पीएचडी की अनिवार्यता पहले की है, इसलिए बगैर पीएचडी वाले अतिथि विद्वानों को रेगुलर न रखना न केवल उनके संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ भेदभावपूर्ण है, बल्कि गलत भी है। कोर्ट को बताया कि इसका सीधा मतलब यह है कि जो व्यक्ति पिछले 10 सालों से अतिथि विद्वान के रूप में काम कर रहा है और अगर उसकी पीएचडी नहीं है तो आगे काम नहीं कर सकता।

### नियुक्ति के समय पीएचडी अनिवार्य नहीं थी

*अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जब आवेदकों की नियुक्ति हुई थी, उस समय पीएचडी की अनिवार्यता नहीं थी। नए नियमों में अगर पीएचडी की अनिवार्यता को लाया गया है तो जो अतिथि विद्वान पहले से काम कर रहे हैं, उन पर यह लागू नहीं होता है। यह नोटिफिकेशन सरकार का दोहरा चरित्र बता रहा है। एक तरफ तो जो अतिथि विद्वान लगातार सेवा में हैं और पीएचडी होल्डर नहीं हैं, उनको यथावत रखा जा रहा है। दूसरी तरफ जो सेवा से बाहर हो गए हैं, उन्हें नए सत्र में जगह न देते हुए वंचित किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं के तर्कसे हाईकोर्ट ने सहमत होते हुए संशोधित नियम 10.4 पर रोक लगा दी है।*

---

दो महिलाओं से एक लाख के गहने और नकदी लेकर फरार

# भगवान के दर्शन कराने का झांसा देकर गहने, कैश ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

मरवाही में भगवान का भक्त बनकर महिलाओं से ठगी का मामला सामने आया है। दो अज्ञात व्यक्तियों ने महिलाओं को भगवान के दर्शन कराने का झांसा देकर उनसे एक लाख रुपए के गहने और नकदी ले ली। घटना वार्ड 6 की है। ललिता श्रीवास और रामेश्वरी सिंह कौशलेश गायत्री यज्ञ का रसीद काटने गई थीं। कामता होटल के पास एक व्यक्ति ने उनसे डॉ. कविता की क्लीनिक के बारे में पूछा। फिर उसने रामेश्वरी से उनके पति से होने वाले विवाद की बात की।




### महिलाओं से गहने पर्स में रखवाकर 51 कदम

*आरोपी ने खुद को भगवान का भक्त बताया। उसने घर की समस्याएं दूर करने और भगवान के दर्शन कराने का प्रलोभन दिया। दोनों महिलाओं से उनके गहने पर्स में रखवाकर 51 कदम चलने को कहा। इसी दौरान दो अलग-अलग बाइक पर आए साथी उनका पर्स लेकर फरार हो गए। ललिता के पर्स में 500 रुपए नकद, मंगलसूत्र, कान के टॉप्स और मोबाइल फोन था। रामेश्वरी के पर्स में 700 रुपए नकद, सोने की चेन, कान के झुमके और मोबाइल फोन था। कुल मिलाकर एक लाख रुपए की ठगी हुई है।*

*पूरी घटना नजदीकी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मरवाही पुलिस ने छल-कपट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि मरवाही के साथ साथ शहडोल डिंडोरी में भी इसी तरह की वारदात हुई है। वहीं, मरवाही एसडीओपी दीपक मिश्रा ने बताया कि रायगढ़ जिले में झारसुगुड़ा में भी हुआ है। आरोपियों की पहचान हो गई है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

## खबर संक्षेप



### मंत्रोच्चार के साथ कराया गया मंदिरों का शिलान्यास

**कटनी।** चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में तीर्थ चक्रवर्ती प.पू.मुनि पुंगव 108 सुधा सागर महाराज ने 24 मंदिरों का शिलान्यास मंदिर पुर्ण्याजकों को आर्शीवाद के साथ पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। कार्यक्रम का संचालन बाल ब्रम्हचारी प्रदीप भैया सुयश द्वारा किया गया पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, विन्नी जैन, दीपू जैन, पंचम जैन, मनीष जैन बड्डे, शैलेन्द्र जैन-शैलू ने बतलाया कि चेतनोदय में 24 जिन मंदिरों का निर्माण समाज के श्रेष्ठीजनों के सहयोग से शीघ्र प्रारंभ हो रहा है जिसके पूरा होते ही अंन्तराष्ट्रीय जैन जगत में कटनी नगर का नाम धर्मनगरी के नाम से जाना जावेगा। दोपहर में महोत्सव में विभिन्न समितियों के सदस्यों द्वारा जो अथक प्रयास किये गये उसके लिए सभी समाजसेवियों का सम्मान समारोह मुनिश्री सुधा सागर महाराज के आर्शीवाद के साथ सम्पन्न हुआ तत्पश्चात कोतवाली टी.आई. आशीष शर्मा के साथ समस्त स्टॉफ के साथ मुनिश्री से आर्शीवाद लिया।

### नगर निगम में आज होगा कन्या विवाह का आयोजन

**कटनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह /निकाह योजनांतर्गत आज 20 फरवरी गुरुवार को नगर पालिक निगम कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा। योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी कर सभी अधिकारी कर्मचारियों को पात्र वर वधु के विवाह संपादन हेतु प्रमाण पत्र वितरण, चेक वितरण, टेंट ,फूल-माला,पूजन सामग्री, पर्याप्त बैठक व्यवस्था, पेयजल, भोजन, विशेष साफ-सफाई, चूने की लाइन, मोबाइल टॉयलेट, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण इत्यादि के दायित्व सौंपते हुए सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है।

### धरे गये तीन जुआरी, 2150 रूपए नकदी जब्त



**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों पर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर सुखचैन चक्रवर्ती के घर के बाहर शारदा मंदिर के पीछे ग्राम तेवरी मे घेराबंदी कर जुआ फड़ में छापा मार कार्यवाही की। इस दौरान पुलिस ने रामकिशोर पिता पहलादी बसोर 33 साल, नीरज पिता ज्वाला प्रसाद मिश्रा 51 साल एवं जिया लाल पिता गोला आदिवासी 45 साल निवासी बिचुआ थाना को घेराबंदी कर तास पत्तो से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते पकडा। जिनके पास से 2150 रूपये एवं 52 तास पत्ते , 2 मोबाईल एवं 3 मोटर सायकिल जप्त करते हुये आरोपियो के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट, 49 बी एन एस के तहत कार्यवाही की गई ।

### तिलक कॉलेज में दिया विद्यार्थियों को प्रशिक्षण

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में पौधप्रसारण के अंतर्गत फलों एवं फूलों की संख्या बढ़ाने के लिए बीज या वनस्पति तरीको का प्रयोग किया जाता है इसकी दो विधियां हैं लैंगिक या बीज द्वारा प्रसारण तथा अलैंगिक या वानस्पतिक प्रसारण उनके गुण दोष लाभ तथा हानि की जानकारी दी गई।

## जिला दण्डाधिकारी ने बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

# जिले में 10वीं एवं 12वीं के 26837 विद्यार्थियों के इम्तिहान का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने शिक्षा सत्र 2025 हेतु जिले में संचालित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश के हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की 25 एवं 27 फरवरी 2025 से 25 मार्च 2025 तक संचालित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्री यादव ने यह प्रतिबंधात्मक आदेश वर्तमान मे विवाह एवं अन्य उत्सवों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग होने से परीक्षाओं तथा विद्यार्थियों के विद्या अध्ययन में बाधा उत्पन्न होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जारी किया है।

### 7 परीक्षा केन्द्रों संवेदनशील

जिले में कुल 97 परीक्षा केन्द्र है जिसमें 7 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील बनाया गया है। जिसमें पृथक से प्रेक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस



व्यवस्था की गई है। जिले में हाईस्कूल कक्षा 10 वीं में 14 हजार 926 नियमित एवं 655 स्वाध्यायी परीक्षार्थी एवं हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं की परीक्षा में 10 हजार 536 नियमित एवं 720 स्वाध्यायी परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे है।

### 100 गज की दूरी तक प्रतिबंध

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति या समूह परीक्षा के दो घंटे के पूर्व से लेकर परीक्षा पूर्ण होने तक अनाधिकृत व्यक्तियों के बेमतलब प्रवेश व घूमने, कागज या अन्य वस्तुओं का वितरण या प्रचार प्रसार ऐसी वस्तुओं का उपयोग जिसका प्रयोग आक्रामक आयुध के रूप मे किया जा सकता है तथा अवांछनीय गतिविधियों पर परीक्षा केंद्र के 100 गज की दूरी के अंदर तक का क्षेत्र प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि पर 5 या उससे अधिक लोगो की अनाधिकृत मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी।

### रात्रि 10 से 6 बजे नहीं बजेंगे लाउड स्पीकर

जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार किसी भी अनुमत्य कार्यक्रम में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार एवं म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10(2) को दृष्टिगत रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जा सकेगा। इस दौरान कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का पालन किया जाना जरूरी होगा, तेज आवाज में लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। कार्यक्रम में ध्वनि विस्तारक यंत्र से अभद्र अपशब्दों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग रात्रि में 10 बजे तक ही किया जाए इसके पश्चात रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### दो माह प्रभावशील रहेगा आदेश

यह आदेश भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत एक पक्षीय जारी किया गया है। एक पक्षीय से व्यथित कोई भी व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (5) के अंतर्गत इस आदेश के विरुद्ध अपना पक्ष अथवा अपनी आपत्ति या आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। आदेश के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से दो माह तक के लिए प्रभावशील रहेगा।



## अनियंत्रित बस पलटी, आधा दर्जन यात्रियों को आई चोटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब आधा दर्जन यात्रियों घायल हो गए। यह हादसा बुधवार को कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम द्वारा के पास हुआ। बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार लगजरी यात्री बस क्रमांक PY 04 A 2531 प्रयागराज से पांडिचेरी जा रही थी। सुबह तड़के बस कटनी कोतवाली के द्वारा ग्राम के पास ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया और बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि बस मे यात्री ज्यादा सवार होते तो बड़ा हादसा हो जाता, जो बस के पलटने से छोटे रूप में टल गया। घटना के बाद बस में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बस से बाहर निकला गया,सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पाण्डेय नें बताया कि बस पलटने की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर यात्रियों को बाहर निकाला और घायलों को शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद यात्रियों को दूसरी बस से हैदराबाद के लिए रवाना किया। क्रेन बुलाकर पुलिस ने बस को सीधा करवाया और हादसे की जांच कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र द्वारा ग्राम के नेशनल हाइवे की घटना थी जिन्हें दूसरी बस से हैदराबाद के लिए रवाना किया। पूरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र द्वारा ग्राम के नेशनल हाइवे की हैं।

**गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म का कराया गया भ्रमण**

## स्व सहायता समूह की महिलाओं को संरक्षित खेती का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा विकासखंड बहोरीबंद के लखनवारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम लिंगरी में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता की मार्गदर्शन में प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा जैविक सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को संरक्षित खेती के अंतर्गत पाली हाउस प्लास्टिक मल्चिंग ड्रिप एवं



स्प्रिंकलर से सिंचाई फर्टिगेशन आदि का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया इसके पश्चात श्याम श्री गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म तेवरी का भ्रमण प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा कराया गया। शासन के निरंतर प्रयास से कृषि को लाभ का धंधा बनाने कम लागत तकनीक जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत गोबर गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग केंचुआ खाद निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि तथा वर्मी वाश निर्माण एवं फसलों में उनके उपयोग प्रकाश खाद एवं ईंधन प्रयोग के लिए बायोगैस संयंत्र, जैविक खाद का फसल में उपयोग का अवलोकन कराया गया।

कृषक पवन कुमार पांडेय द्वारा गौशाला प्रबंधन गोमूत्र एकत्रित करने का तरीका गायों की विभिन्न नस्ल गीर, साहिवाल, हरियाणा, गंगा, तीर आदि का अवलोकन तथा दुग्ध उत्पादन की जानकारी दी गई। इस दौरान संतुलित पशु आहार चारा विभिन्न रोग उनके नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी भी दी गई । जैविक गेहूं ,गन्ना, आलू ,प्याज एवं अन्य सब्जियों तथा गन्ना से गुड़ निर्माण का अवलोकन कराया गया। भ्रमण के समय संस्था के कर्मचारी अनुपम पांडे तथा सरपंच सुखचौन बाई, राजू राजपाल ने सहयोग किया।

## मंदिर मार्ग निर्माण कमेटी का किया गया सम्मान



बड़वारा तहसील अंतर्गत ग्राम लोहरवारा स्थित अत्यंत प्राचीन बजरंग धाम मंदिर मार्ग निर्माण में जुटे युवा और किसानों को क्षेत्रीय समाजसेवी और राजनेता शिवकुमार दुबे बबलू कक्का द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया । दरअसल मंदिर मार्ग निर्माण में सबसे बड़ी दुविधा किसान थे जिनकी जमीन के जरिए सड़क निर्माण किया जाना था ,उन्हीं किसानों से मंदिर मार्ग निर्माण समिति ने समन्वय स्थापित करके किसानों की शर्तानुसार स्वत: के धनबल,जनबल के सहारे असंभव से पांच सौ फिट मार्ग को निर्मित कर दिया । मंदिर मार्ग निर्माण समिति ने न केवल सड़क निर्मित किया बल्कि सारी सड़क सहित पूरे मंदिर परिसर में लाइट लगाने के साथ साथ मंदिर में आयोजित होने वाले एकदिवसीय मेले दो दिवसीय मेला करवाया और मंदिर परिसर में ही मंगलवार को साप्ताहिक हाट बाजार भी शुरू करवाया ।इसी अद्वितीय अदभुत प्रयास से प्रसन्न होकर समाजसेवी कक्का जी द्वारा मंदिर मार्ग निर्माण कमेटी का शाल,श्रीफल देकर सम्मान किया ।सम्मान समारोह के दौरान बबलू कक्का शिक्षक सुरेश पटेल,सतेंद्र पटेल जुगल पटेल विनोद परौहा संवरण पटेल आदि की रही उपस्थित।

## बिचपुरा में मनाया गया आनंद उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड बड़वारा द्वारा चयनित नवांकुर संस्था नव प्रेरणा जन जागृति समिति बिचपुरा के द्वारा चयनित आदर्श ग्राम बिचपुरा के दादर टोला में माध्यमिक स्कूल प्रांगण में आनंद उत्सव कार्यक्रम मनाया गय जिसमें नवांकुर संस्था से सचिव रवि शंकर रजक के द्वारा चयनित आदर्श ग्राम बिचपुरा लिए गए मुख्य बिंदु समग्र स्वच्छता अभियान संकल्प को पूरा किया जाना एवं समस्त शासकीय एवम जन कल्याण कारी योजनाओं का क्रियान्वयन को शत प्रतिशत ग्राम स्तर परपूरा किए के लक्ष्य 2 वर्ष में किया की जानकारी दी गई। ग्रामीणों से सहयोग अपेक्षा की गई तदोपरांत विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया के द्वारा आदर्श ग्राम की



परिकल्पना को लेकर ग्राम के समग्र विकास पर चर्चा की गई साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए गांव में शिक्षा स्वास्थ्य स्वच्छता जल संरक्षण सहित अन्य कार्य को जन भागीदारी के साथ कर किया जा सकते हैं उनकी कार्य योजना को जन भागीदारी द्वारा पूरा किए जाने को कहा गया। संगोष्ठी उपरांत लोक नृत्य सामूहिक ग्राम वासियों के साथ प्रस्तुत किया गया एवं बच्चों द्वारा गीत नृत्य किया गया कार्यक्रम का आभार सेक्टर परामर्शदाता दुर्गा प्रसाद केवट द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सीएमसीडीपी bsw /msw के स्टूडेंट आरती रजक ,प्रियंका सिंह ,ओम प्रकाश मिश्रा ,सागर दहिया पूजा गुप्ता अर्पण विश्वकर्मा ,सिद्धार्थ गुप्ता श्रुति तिवारी ,रोहित रजक ,दीपेंद्र उपाध्याय एवं समस्त ग्रामवासी की ग्राम वासियों की उपस्थिति रही नो प्रेरणा जन जागृति संस्था बीजपुर अध्यक्ष रामावतार कोल सचिव रवि शंकर मौजूद रहे।

**बड़वारा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर की कार्रवाई**

## अलग अलग ठिकानों से 52 लीटर अवैध शराब जब्त, 10 आरोपित हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा पुलिस करीब एक दर्जन ठिकानों में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की है।इस दौरान 10 आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है जिनके पास से 52.38 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।

जानकारी देते हुए बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी ने बताया कि उक्त कार्रवाई एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह के मार्गदर्शन में की गई। कार्यवाही का नेतृत्व थाना प्रभारी बड़वारा उ.नि. के. के. द्विवेदी के द्वारा किया गया।

कार्यवाही के दौरान विमल सिंह



ठाकुर 33 साल निवासी पौड़ी के पास 23 पाव देशी प्लेन शराब जप्त की। दिनेश कुमार रजक 35 साल निवासी सकरीगढ़ के पास से 20 पाव देशी प्लेन शराब, सुकरती बाई कोल पति स्व. नत्थूलाल कोल 50 साल निवासी भदौरा न0 2 के पास से 22 पाव देशी प्लेन शराब। संतराम पाल पिता पल्टूराम पाल उम्र 42 साल निवासी बसाड़ी के पास से 25 पाव देशी प्लेन शराब। मोहम्मद जलील पिता मोहम्मद हनीफ उम्र 38 साल निवासी चपहनी के पास से 25 पाव देशी प्लेन शराब। रख्खी पिता झब्बू केवट उम्र 20 साल निवासी बसाड़ी के पास से 21 पाव लाल मसाला शराब। अच्छेलाल पिता ज्ञानीराम उम्र 48 साल निवासी खरहटा के पास से 30 पाव देसी प्लेन शराब। प्रीतम सिंह गोड़ पिता रामलाल गोड़ उम्र 53 साल निवासी ठुठिया सलैया के पास से 35 पाव देसी प्लेन शराब एवं धनैया चौधरी पिता संतोखिया चौधरी उम्र 28 साल निवासी गुड़ाकला के पास से 50 पाव देसी प्लेन शराब। तथा सतेन्द्र कुमार पटेल पिता वृंदावन पटेल उम्र 62 साल निवासी गणेशपुर के पास से 40 पाव देसी प्लेन शराब जब्त की गई। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

कार्रवाई में थाना प्रभारी बड़वारा उनि. के. के. द्विवेदी, उनि. प्रदीप जाटव, सउनि. महेश प्रताप सिंह, रघुबीर सिंह, सतेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह प्र.आर. के.के. शुक्ला, आर. आशीष तिवारी, आर. दीपक सिंह, आर. चालक शिव प्रकाश तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सूचना देने के बाद भी समस्याओं का नहीं किया गया समाधान

# अपनी मांगों को लेकर 36 घंटे भूखे रहकर ट्रेनों का संचालन करेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों एवं समस्याओं का निराकरण करने की मांग को लेकर ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के पटना सेंट्रल बीजीएम के अनुसार भारत के संपूर्ण लोको रनिंग स्टाफ देश भर की सभी 367 लावियों पर 36 घंटे के हंगर फास्ट पर भूखे रहकर स्वयं को कष्ट देकर रेलगाड़ियों का संचालन करेंगे। जब सरकार छठवें पे कमीशन से निर्मित की गई एनामली को दूर नहीं कर रही और माइलेज का रेट 1 जनवरी 2024 से ट्रैवलिंग एलाउंस के सापेक्ष 25% बढ़ाकर नहीं दे रही है तब कोई भी कर्मचारी नियोक्ता से ना तो लड़ सकता है ना ही पकड़ करके अपने परिश्रम के पैसे का मूल्य प्राप्त कर सकता है।

### ये हैं प्रमुख मांगें

1. माइलेज का रेट **RAC** 1980-81 के अनुसार दिया जाय,
2. माइलेज रेट के परिवर्तित होने पर नियमानुसार माइलेज पर आयकर में छूट की सीमा बढ़ाई जाय,
3. 01.01.2024 से **TA** के बढ़े रेट के अनुसार माइलेज रेट निर्धारित किया जाय,
4. **LPG/LPP/LPM/LPM** (**HS**) के ग्रेड को उसके कार्य में अन्तर के अनुसार 6**TH** वेलन आयोग की सिफारिशों के आधार पर निर्धारित किया जाय,
5. 7**TH** वेतन आयोग ने **ITI** को डिप्लोमा के समकक्ष कहा है इसलिए **ALP** के ग्रेड पे नियमानुसार सुधार किया जाय,
6. साप्ताहिक विश्राम 30 घण्टे को मेरे समान्य कार्यकारी विश्राम 16 घण्टे के अतिरिक्त दिया जाना चाहिये ll
7. हमारे कार्य में किसी भी प्रकार का मध्यावधि विश्राम नहीं है इसलिये **ILO** तथा श्रम कानून 1948 के अनुसार कार्य की अधिकतम सीमा 06 घंटे निर्धारित करें lll
8. 8 घण्टे से अधिक ड्यूटी होने पर रनिंग रूम में ड्यूटी के बराबर और मुख्यालय में ड्यूटी के दो गुने के बराबर न्यूनतम विश्राम निर्धारित होना चाहिए ।
9. लोको में **FSD**, **TOOL BOX**, **LONG FOCUS HEAD LIGHT**, बड़े **DIGITS** के **LP&ALP** के सामने स्पीड रिपीटर, लुकबेक मिरर, सिग्नल एक्सचेंज लैम्प, सीढ़ी और हथरोल नीचे की ओर बढ़ाएं, इलेक्ट्रॉनिक **TSD**, थर्ड पार्टी सीट, सभी लोको और रोलिंग स्टाक के भागों के (डिजाइन, कार्य, स्थान और ट्रबल शूटिंग) को एक समान करें, लोको कैब के डेस्क पर रीडिंग लैम्प लगाएँ, लुकआउट ग्लास पर **ADJUSTABLE** पर्दे को लोको में लगायें ।
10. मुख्यालय पार कराना बंद करें ।

### मंडल स्तरीय मुख्य समस्याएँ

1. हेडक्वार्टर ओवरशूट ना करवाया जाए तथा राउंड ट्रिप में घर वापस लाया जाए।
2. क्रू को 16+30=46 घण्टे का साप्ताहिक विश्राम दिया जाए।
3. भोपाल डिपो के क्रू स्ट्रेंथ को बढ़ाया जाए ताकि गाड़ी कार्य कराने के लिए अन्य लाबी से भोपाल क्रू बैलेन्स के लिए नहीं लाने पड़े तथा प्रमोशन में स्थानांतरण के कारण रेल्वे को हो रहे आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके ।
4. सभी रनिंग रूम से मुख्यालय की ही गाड़ी लगाई जाए ।
5. सेक्शन कंट्रोलर की वर्किंग को ऑब्सर्व किया जाए तथा स्टॉफ से 12 घण्टो की वर्किंग करवाने की मानसिकता को समाप्त किया जाए जिससे क्रू का अधिकतम उपयोग कराकर रेल्वे की ऑपरेटिंग कास्ट को कम किया जा सके एवं क्रू को उचित विश्राम मिल सके।
6. क्रू चेंजिंग पॉइन्ट पर 7 घण्टे होने पर क्रू को रिलीव किया जाए जिससे सेक्शन में क्रू के स्पेयर वर्किंग को कम कर क्रू तथा लोको और रोलिंग स्टाक का अधिकतम उपयोग किया जा सके जिससे उर्जा खपत को भी कम करने में मदद मिल सके ।
7. भारतीय लोको पायलट के कार्य के घण्टे मालगाड़ी में 8 घण्टे एवं मेल पैसेंजर में 6 घण्टे अधिकतम सीमित किया जाना चाहिए क्योंकि अधिक घण्टों की वर्किंग तनावपूर्ण रहती हैं जिस कारण क्रू कई बीमारियों से ग्रसित हो कर **Unfit** हो रहे हैं।
8. प्रशासनिक कारणों से क्रू को होने वाले आर्थिक नुकसानों की विवेचना कर उन्हें उनकी पूर्ति कर उचित कार्य का उचित दाम दिया जाना सुनिश्चित किया जाए यदि क्रू को उसके कार्य का उचित दाम दिया जाएगा तो वह शतप्रतिशत दक्षता के साथ काम करेगा।
9. रेल्वे बोर्ड के पत्र के अनुसार 12:00 बजे के बाद विश्राम पूर्ण होने पर भी उस दिन की लीव लगवाई जा रही हैं। जबकि **cms** पर उस दिन की लीव नहीं लगती, लेकिन **HRMS** से काट ली जाती हैं।

ऐसी स्थिति में जब कर्मचारियों के सामने कोई विकल्प न हो तो वह स्वयं को कष्ट देकर भूखा रहकर गाड़ियों का संचालन करने के लिए सरकार द्वारा बाध्य किया गया है। क्योंकि सरकार को समय से पूर्व सूचना दी गई। पटना केंद्रीय बीजीएम के बाद स्पष्ट रूप से भारत सरकार रेल मंत्रालय को सूचित किया गया कि हमारे ग्रीवेंस हल करने की कृपा कीजिए।

अभी भी 21 दिन पहले सूचना दी गई कि आप समस्या समाधान कर देंगे तो हम हंगर फॉस्ट नहीं करेंगे। पर सरकार ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई।

## बड़वारा में सामूहिक विवाह सम्मेलन 7 मार्च को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा कार्यालय जनपद पंचायत बड़वारा में मुख्य मंत्री कन्याविवाह योजनान्तर्गत 7 मार्च को सामूहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न कराया जाएगा। ग्राम पंचायत क्षेत्र में विवाह योग्य जोड़ों का भलीभांति परीक्षण कराकर संबंधित पंचायत समन्वयक अधि./सहा.वि. अधि. या अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी से जाँच करा कर उनके आवेदन कार्यालय में प्रस्तुत करें जिससे तिथि निर्धारित कर सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जा सके। विवाहित जोड़ों के उम्र सबंधी सत्यापन हेतु उनके दस्तावेज अवश्य संलग्न किये जावे तथा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि विवाह तिथि को कन्या का आयु 18 वर्ष से कम न हो तथा वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो तथा विधवा होने की दशा में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे, परित्यक्ता होने की दशा में परित्यक्ता का प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे।

शासन के आदेशानुसार पात्र कन्या को विवाह उपरांत रु 49000/- का चैक प्रदाय किया जावेगा मुख्य मंत्री कन्यादान आवेदन जमा करने हेतु आवश्यक निर्देश 1. कन्या की आयु 18 वर्ष से कम न हो (आयु सत्यापन हेतु दस्तावेज संलग्न करें) 2. वर की आयु 21 वर्ष से कम न ही (आयु सत्यापन हेतु दस्तावेज संलग्न करें) 3. कन्या एवं बर की समग्र आई डी अवश्य अंकित हो (समग्र आई की पत्रक संलग्न करे। 4. कन्या एवं वर के निवास में शौचालय निर्मित होने का सरपंच का प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करे । 5. कन्या के बैंक खाते की पारा बुक की छाया प्रति संलग्न हो पिता / अभिभावक की नहीं होना चाहिये। जिससे राशि अन्तरण करने में असुविधा न हो।

# जबलपुर में राज्य तीरंदाजी एकेडमी का लोकार्पण

# खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं देकर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करेंगे : सीएम

जबलपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश को तीरंदाजी खेल अकादमी की सौगात देते हुये कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर जो सुविधाएं दी जाती हैं। वे सभी सुविधाएं प्रदेश के खिलाड़ियों को भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेल मंत्रालय द्वारा जो भी खेल नीति तय की जायेगी, वो राज्य में अमल में लायी जाएगी। प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ओलंपिक, एशीयाड और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए भारत ने खेलों की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात आज यहां जबलपुर के रांझी में 26.80 करोड़ की लागत से बनी राज्य तीरंदाजी खेल अकादमी का लोकार्पण करते हुए कही। उन्होंने राज्य स्तरीय खेल अकादमी का नामकरण स्व. ईश्वरदास रोहाणी के नाम पर करने की भी घोषणा की।



## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश का नए दौर में प्रवेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश नए दौर में प्रवेश कर रहा है। इस नए दौर में हम हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्यो की गति बढ़ा रहें है। आज जिस खेल अकादमी और इसमे सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक का लोकार्पण हुआ है। इसका मूल्य सभी खिलाड़ी जानते है।

## मुख्यमंत्री ने किया छावा फ़िल्म को टैक्स फ्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य खेल अकादमी के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में शिवाजी की जयंती की सभी को शुभकामनायें देते हुये कहा कि उनके पुत्र संभाजी महाराज के जीवन से प्रेरित फ़िल्म छावा को प्रदेश में टैक्स फ्री करने की घोषणा की। उन्होंने शिवाजी की वीरता को याद करते हुये कहा कि शिवाजी उनके वीर पुत्र संभाजी के जीवन परिचय और उनके अदम्य साहस व न्यायप्रियता को दर्शाने वाले जीवन व उनके पुत्र की वीरगाथा दर्शानें वाली फिल्म पर कोई टैक्स नही होगा। प्रदेश की जनता को संभाजी के अदम्य साहस और वीरता को जानना चाहिए। इस लिए प्रदेश की जनता से इस फिल्म को देखने पर कोई टेक्स नहीं लिया जायेगा।

## सभी पात्रों को दें आवासीय पट्टा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना को निर्देशित करते हुये उपनगरीय क्षेत्र रांझी के शारदा नगर , शांति नगर, राम नगर, उदय नगर के पात्र व्यक्तियों का परीक्षण करवाकर आवासीय पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी आवासहीन परिवारों को पक्का आवास देने के लिये सर्वे निरंतर चल रहा है। उन्होंने सरकार प्रदेश के सभी आवासहीन परिवारों को पक्का आवास देने की प्रतिबद्धता जताई है। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद द्वय आशीष दुबे एवं सुमित्रा बाल्मीक, विधायक सर्वश्री अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह ठाकुर, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह व नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज मौजूद रहे।

## शासन के आदेश के बावजूद संलग्नीकरण का खेल जारी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि लोकशिक्षण संचालनालय के स्पष्ट आदेश हैं कि किसी भी प्रकार से शिक्षकों का अटैचमेंट नहीं किया जाएगा, बावजूद इसके शासकीय आदेशों की अवहेलना करते हुए संकुल प्राचार्यों के द्वारा शाला के शिक्षकों का अटैचमेंट लिपिकीय कार्य हेतु साल भर से किया जा रहा है, साल भर शिक्षक संकुल प्राचार्य के आदेश के नाम पर शाला में हस्ताक्षर उपरांत प्रतिदिन चले जाते हैं, जबकि संकुल प्राचार्य का एक भी आदेश जिसमें लोकशिक्षण संचालनालय के संदर्भित आदेश संलग्न हो, शाला में प्रस्तुत नहीं किया गया है। अटैच भी ऐसे शिक्षक को किया जा रहा है जिनके नाम बोर्ड क्लास हो ऐसे में उन बच्चों के भविष्य का क्या होगा? जबकि उनके शिक्षक संकुल में अटैचमेंट के नाम पर हस्ताक्षर पश्चात गायब रहते हैं। संगठन ऐसे प्राचार्यों एवं शिक्षकों पर कार्यवाही की मांग करता है जिनकी वजह से नन्हे मुन्नों का भविष्य दांव पर लगा है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, दिनेश गोंड, शहीर मुमताज़, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, राजेश सहारिया, गोपीशाह, रऊफ खान, सुधीर अवधिया, दीपेश जैन, फिलिप एंथोनी, देवेंद्र भट आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है।

# प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं से आरटीओ कर रहा अवैध वसूली

**अवैध वसूली बंद नहीं हुई तो धरना देगा मध्य भारत मोर्चा**

**जबलपुर।** महाकुंभ में प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं से सिहोरा हाइवे रोड पर आरटीओ द्वारा वाहन खड़ा कर अवैध वसूली की जा रही है। उक्त वसूली की जानकारी वहां से आ-जा रहे यात्रियों ने मध्य भारत मोर्चा अध्यक्ष को दी है। उनका कहना है कि आरटीओ मनमाने तौर पर आने-जाने वाली गाड़ियों से नियमों का हवाला देकर विभागीय रौब दिखाते हुए चालानी कार्यवाही के नाम पर ठगी कर रहा है। मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अगर यह वसूली तत्काल बंद नहीं हुई तो मध्य भारत मोर्चा मौके पर पहुंचकर धरना देगा और यात्रियों, श्रद्धालुओं के साथ हो रही ठगी पर रोक लगाएगा। मोर्चा के सदस्य हाइवे पर जाकर आरटीओ के खिलाफ धरना देंगे, जिसका जवाबदार प्रशासन होगा।

## महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय (स्वशासी) जबलपुर में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा 11 से 18 फरवरी तक सात दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं की वित्तीय योजना, निवेश रणनीतियों और डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं की समझ को बढ़ाना था। कार्यशाला डॉ. सुनील कुमार पाहवा निदेशक एवं डॉ. संगीता झांब प्रिंसिपल, के संरक्षण में आयोजित की गई। डॉ. महेंद्र जैन, विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग और डॉ. श्रुति पुंज इंचार्ज प्रबंधन ने संयोजक के रूप में कार्य किया जिससे कार्यक्रम का सुचारू निष्पादन सुनिश्चित हुआ।

# श्रीमद्भागवत सत्य को देने वाला ग्रंथ है : डॉ. नर्मदा प्रसाद शर्मा

**जबलपुर।** धनवंतरी नगर स्थित वार्ड नंबर 71, अंधुआ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस कथा मनीषी डॉक्टर नर्मदा प्रसाद शर्मा ने श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में उपस्थित श्रोताओं को भागवत कथा का रसास्वादन कराते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत सत्य को देने वाला ग्रंथ है, सत्यम परमं धीमहिं अर्थात उस परम सत्य तक हमें पहुंचने वाला ग्रंथ है। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है, भागवत कथा के श्रवण मात्र से पापों से मुक्ति मिल जाती है जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवान की कथा विचार वैराग्य, ज्ञान और हरी से मिलने का मार्ग बना देती है जीवन में सुख, शांति समृद्धि देने वाली भागवत कथा ही है। कथा के दौरान रुक्मणी विवाह के वृतांतों को सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए। रुक्मणी विवाह की अनुपम झांकियों ने जनमानस का मन मोहा। इस अवसर पर कथा में उपस्थित श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ के नियुक्ति समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अरुण मिश्रा, पंडित यदुवंश मिश्रा, सिद्ध दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष पंडित के.के. शुक्ला ने महाराज श्री का शाल एवं श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा प्रारंभ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन अर्चन यजमान पुरुषोत्तम पटेल, श्रीमती चंदा पटेल, देवका पटेल, सतीश पटेल, देवकी पटेल ने किया। कथा में राजकुमार पटेल, देवी प्रसाद पटेल सहित समस्त पटेल परिवार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## निकिता का सुयश

**हरिभूमि जबलपुर।** हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय की छात्रा डॉ. निकिता सैनी ने मध्य प्रदेश आर्युविज्ञान महाविद्यालय एम. डी. एस. तृतीय वर्ष सत्र एम.डी.एस. 2024-25 के अपनी स्पेशलिटि में वार्षिक परीक्षा में सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय का तृतीय वर्ष का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। डॉ. निकिता सैनी ने पिलेडाटिक्स एंड प्रेवेनटिव डेनटेस्ट्री में यह सफलता अर्जित की है। आप कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सम्मति सैनी की पुत्री है आपकी इस सफलता पर हितकारणी सभा के सचिव बाबू विश्वमोहन महाविद्यालय शासी निकाय के राजेश अग्रवाल महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. राजेश धीरावानी, डॉ. रोहित मिश्रा ने इस सफलता पर शुभकामनायें दी एवं डॉ. निकिता सैनी के उज्जवल भविष्य की कामना की।



**वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता**

# शेख मुनीर ने 200 मीटर मैदान के 51 चक्कर दौड़कर प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरणा दी

जबलपुर।

प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान (PSM) जबलपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 10 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित हुई, महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य एफ. इक्का ने प्रतियोगिता समापन की घोषणा की। इस प्रतियोगिता की अध्यक्ष शकुन्तला वर्मा और विशिष्ठ अतिथि डॉ. आशीष नारायण माथुर रहे। मुख्य आकर्षक महाविद्यालय के अन्तर्राष्ट्रीय धावक, खेल प्रभारी शेख मुनीर ने 200 मीटर मैदान के 51 चक्कर दौड़कर एम.एड., बी.एड. के प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरणा दी। प्रतियोगिता संरक्षक सहदेव सिंह मरावी प्राचार्य के मार्गदर्शन में एवं क्रीड़ा प्रभारी के संयोजन में कराई गई। इस प्रतियोगिता का मंच संचालन डॉ. प्रमोद श्रीवास्वत ने किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के आचार्यों डॉ. श्रीमती ललिता सप्रा, डॉ. ज्योति खरे, डॉ. रीना जैन, डॉ. राजकुमारी दुबे, डॉ. ज्योत्सना दुबे, सुनीता जैन, जी.पी. यादव, कु. रीनू मोर, अल्पना खरे, विनीत सिंह चौहान, महाविद्यालय के स्टॉफ सहित संभाग के विभागीय शिक्षक, गैर-विभागीय छात्र अध्यापक एम.एड., बी.एड. सम्मिलित रहे। कमल श्रीवास्तव, विपिन पाण्डेय, सत्येन्द्र सिंह गोंड, अमित ठाकुर, राजकुमार मर्शकोले, नारायण सिंह परिहार, सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।





# छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव मनाया

**जबलपुर।** छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलकर ही भारत विश्व गुरु बनेगा। हिंदवी स्वराज्य की स्थापना का स्वप्न साकार हो रहा है। महाराज के निरंतर प्रयास से ही अताताईयों का संहार हुआ। छत्रपति शिवाजी महाराज के 396वें जन्मोत्सव के अवसर पर क्षत्रिय मराठा समाज जबलपुर के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा स्थल मदनमहल थाने के बाजू में अभिषेक, पूजन आरती, माल्यार्पण के पश्चात महाआरती कर मिष्ठान्न वितरण किया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज उद्यान दीपोत्सव पुष्पांजलि के पश्चात महाप्रसाद के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक अभिलाष पांडे, अखिलेश जैन सीए, पार्षद सोनिया रंजीत सिंह, प्रतिभा विंध्येश भापकर, डॉ. जितेन्द्र जामदार, सदानंद गोडबोले, तरूण सोनोने, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

**नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित**

# केवल शारीरिक नहीं मानसिक रूप से भी बालिकाओं को सशक्त बनाना जरूरी : चौहान

सिहोरा। वर्तमान समय की मांग है कि बालिकाओं को शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से सशक्त होना जरूरी है। नरेंद्र मोदी विचार मंच के माध्यम से जिले और तहसील शाखा में प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि वे अपनी खुद की सुरक्षा बेहतर तरीके से कर सकें। यह बात नरेंद्र मोदी विचार मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशील कुमारी चौहान ने अरुणाभ घोष स्टेडियम में महिला शाखा सिहोरा के आयोजित बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में कही। मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू श्याम सिंह राठौर, एसडीओपी सिहोरा पारुल शर्मा,प्रदेश महामंत्री एकता अश्वनी तिवारी,रीना बिल्हा,अनिल जैन,सीएम राइज प्राचार्य अशोक उपाध्याय, प्रशिक्षण प्रभारी शिक्षिका सुधा उपाध्याय के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर नीतू पटेल,आभा शुक्ला, पूर्वी तिवारी और सारांश तिवारी ने सेल्फ डिफेंस से किस तरह बालिकाएं अपने आप को सुरक्षित रख सकें इसका प्रदर्शन किया । बाद में अतिथियों ने प्रशिक्षण में शामिल करीब 60 बालिकाओं को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया।



# कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया विज्ञान केन्द्र का भ्रमण

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के विद्यार्थियों ने आंचलिक विज्ञान केंद्र एवं राज्य संग्रहालय भोपाल का शैक्षणिक भ्रमण बी.एससी. तृतीय वर्ष जीव विज्ञान एवं कंप्यूटर विज्ञान के विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र एवं राज्य संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान के चलित मॉडलों का अवलोकन करने के साथ ही जलीय जीवों की विविधता पर आधारित 3 डी फिल्म शो,तारामंडल शो,डायनासोर की विभिन्न प्रजातियों के विषय में एवं तरल नाइट्रोजन के अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी प्राप्त की। राज्य संग्रहालय में भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मूर्ति कला एवं पुरातात्विक अभिलेख जैसे सिक्के,कवच,डाक टिकट,पत्र, पांडुलिपियों, धार्मिक ग्रंथ एवं शैल चित्रों का अवलोकन किया।इस भ्रमण में 51 विद्यार्थियों तथा 04 प्राध्यापकों डॉ राजेश वाहने, विभाग अध्यक्ष प्राणी शास्त्र, डॉ जय प्रकाश पांडेय, प्रशांत तिवारी एवं अमित साहू ने भाग लिया।



# सीएमओ ओझा पैदल घूमकर सुन रहे आमजन की समस्याएं

सिहोरा।

नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की आईसी गतिविधि के अंतर्गत आज सिहोरा क्षेत्र में पुराना बस स्टैंड में डस्टबिन न रखने वाले व्यापारीयो के ऊपर जुर्माने की कार्यवाही की गई एवं सभी व्यापारीयो से अनुरोध किया कि अपनी अपनी दुकानों के सामने नीले कलर का डस्टबिन रखें दुकानों का सारा कचड़ा डस्टबिन में रखे सड़कों या नालियों में न फेंके आस पास साफ सफाई रखे साथ ही सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिए भी अपील की गई। इसी तरह सक्रिय मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा रोज सुबह से पैदल नगर भ्रमण कर आमजन की समस्याएं भी सुनते हैं और उनका निराकरण करते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका से राकेश गुप्ता, प्रदीप पांडे, संतोष तिवारी, अनंत राम नामदेव, कीर्ति बर्मन, हिमांशु,मयंक जैन आदि उपस्थित थे।

## रमखिरिया में मारुति नंदन महायज्ञ की शोभायात्रा आज

सिहोरा। निकटवर्ती ग्राम रमखिरिया के प्राचीन हनुमान मंदिर प्रांगण में 27 फरवरी तक भव्य श्री रामचरित मानस मारुति महायज्ञ का आयोजन महंत श्री 1008 सुरेन्द्र दास जी महाराज,संत प्रवर 1008 सियाबल्लभ दास वेदांती जी महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है जिसमें यज्ञाचार्य वृंदावन धाम से पधारे आचार्य पुष्पेन्द्र गर्ग रहेंगे। महायज्ञ की भव्य कलश शोभायात्रा आज निकाली जायेगी तथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे भागवत कथा भी आयोजन होगा।

## निधन

**श्री रमेश कुमार मट्टू** - श्री रमेश कुमार मट्टू निवासी रामपुर छापर कमला भवन के पीछे, का 72 वर्ष की आयु में 19 फरवरी को निधन हो गया है। वे श्रीमती लाली के पिताजी एवं श्री मनीष लोहट के ससुरजी थे। अंतिम यात्रा 20 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।



**श्री महेंद्र कुमार पटेल**- समता कॉलोनी शांतिनगर दमोहनाका निवासी श्री महेंद्र कुमार पटेल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मंजू शर्मा**- शक्तिनगर बावली के पास निवासी श्री चंदन शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू शर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शिल्पी कटियार**- बेदीनगर मदनमहल निवासी श्री अखिलेश कुमार कटियार की धर्मपत्नी श्रीमती शिल्पी कटियार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तेज नारायण राजपूत**- लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री तेज नारायण राजपूत (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री महावीर प्रसाद शुक्ला**- पश्चिमी घमापुर रामलीला मैदान के पास निवासी श्री महावीर प्रसाद शुक्ला (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मंगल कश्यप**- फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री मंगल कश्यप (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरला**- दीक्षितपुरा निवासी श्री प्रमोद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सरला (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला बाई पासी**- प्रेमसागर निवासी श्री बांकेलाल पासी की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई पासी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अन्नूपूर्णा दास**- कल्याण ट्रस्ट आश्रम दरोगाघाट निवासी श्री अन्नूपूर्णा दास (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनीता रजक**- आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री इंद्र कुमार रजक की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता रजक (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री देवी सिंह ठाकुर**- बादशाह हलवाई मंदिर के पास नर्मदा रोड निवासी श्री देवी सिंह ठाकुर (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रनिया बाई कोरी**- वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री कंधी लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती रनिया बाई कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री एलएल शर्मा**- अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट निवासी श्री एलएल शर्मा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कपिल प्रजापति**- बंबा देवी आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री गणेश प्रजापति के पुत्र श्री कपिल प्रजापति (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम बिहारी पाठक**- कटनी निवासी श्री राम बिहारी पाठक (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नील कमल सोनी**- सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री नील कमल सोनी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला दुबे**- वैशाली परिसर नर्मदा रोड निवासी श्री प्रेम नारायण दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती कमला दुबे (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल स्वामी**- मेंहदीबाग सदर निवासी श्री अनिल स्वामी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अनिल कुमार पारे**- न्यू रामनगर गोकुलधाम अधारताल निवासी श्री अनिल कुमार पारे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **SANDEEP KUMAR** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, AND SHALL BE KNOWN AS **SANDEEP RAI** S/O SURENDRA RAI RESIDENT OF - BICHHIYA, DINDORI (M. P.) 481885

**कार्यालय संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-13, नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./संभा.अधि./13/मुख्यालय/2024-25/एम/259
दिनांक 19/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कंचन पंजवानी पति श्री शंकर पंजवानी मकान नं. 867 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल- भूतल- प्रथम तल 960 व. फु. द्वितीय तल 960 व. फु. तृतीय तल- चतुर्थ तल- विक्रयपत्र/रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग 13, मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1804/अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश प्रसाद चक्रवर्ती/ स्व. झुन्ना लाल नि.-1881 आचार्य विनोवा भावे वार्ड जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं.-131 प्लाट नं.-178/6 निर्मित रकवा/ रकवा-728 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- मृत्यु दिनांक-12/08/2011,18/02/2024 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-131 प्लाट नं. -178/6 निर्मित रकवा/ रकवा-728 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम - घामापुर प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-728 व.फु./ हे. श्रीमती हल्की बाई पति स्व. झुन्नालाल प्रजापति बगैरा. के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 03/03/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 13/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-13/02/2025
पेशी दिनांक-03/03/2025

मुद्रा

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर